सुप्रभात
रांची, रविवार
01.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 316

12 अंतरिक्ष में मानव भेजने की तैयारी में इसरो

## न्यूज डायरी

### दिल्ली वासस लौटी 16वें वित्त आयोग की टीम

**रांची।** अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में बीते 28 मई को झारखंड आई 16वें वित्त आयोग की टीम शनिवार को वापस दिल्ली लौट गयी। झारखंड भ्रमण के दौरान टीम ने न सिर्फ देवघर का भ्रमण किया, बल्कि वहां के जनप्रतिनिधियों से भी संवाद किया। 30 मई राजधानी रांची में सरकार के प्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के साथ बैठक की थी।

### केंद्रीय कारा हजारीबाग में नक्सली ने की खुदकुशी

हजारीबाग। लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में बंद एक नक्सली विचाराधीन कैदी ने खुदकुशी कर ली है। वार्ड डी में उसका शव शनिवार सुबह फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान दुमका के काठीकुण्ड थाना क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय छोटा श्यामलाल देहरी के रूप में हुई है। बंदी को 9 फरवरी 2021 को दुमका केंद्रीय कारा से हजारीबाग जेल में स्थानांतरित किया गया था। वह नक्सली गतिविधियों से जुड़े आठ मामलों में विचाराधीन था।

### आंध्रप्रदेश में ट्रेन हादसे में झारखंड के मजदूर की मौत

**सीएम हेमंत ने लिया संज्ञान**

**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आंध्रप्रदेश में ट्रेन हादसे में जान गंवाने वाले मजदूर कुशल बृजिया के मामले में संज्ञान लिया है। सीएम ने लातेहार डीसी को मृतक के पार्थिव शरीर को उसके घर तक पहुंचाने के लिए कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने मृतक के परिवार को हर जरूरी सरकारी योजना से जोड़ने का भी निर्देश दिया है।

### सुकमा से 21 लाख के इनामी तीन नक्सली धराये

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के जगरगुण्डा थाना क्षेत्रान्तर्गत सक्रिय लाखों रुपये के इनामी तीन हार्डकोर नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दो नक्सलियों पर छत्तीसगढ़ सरकार ने 8-8 लाख और एक नक्सली पर 5 लाख रुपये सहित कुल 21 लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। गिरफ्तार नक्सली वर्ष 2024 में जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत एक शिक्षादूत को बैठक में बुलाकर पुलिस मुखबिरी के शक में हत्या करने की घटना शामिल रहे हैं।

### झारखंड में भी कोरोना के पांच एक्टिव केस

**रांची।** झारखंड के दो शहरों रांची और जमशेदपुर में कोरोना मरीजों के मिलने के बाद स्वास्थ्य महकमा अलर्ट मोड पर है। राज्य में कुल 06 कोरोना संक्रमित मामले आये हैं। 04 रांची और 02 जमशेदपुर के हैं। रांची में एक मरीज ठीक हो चुका है। विभाग ने के सभी डीसी और सीएस को संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिया है। वहीं देश मे कोरोना मामलों में पांच गुना वृद्धि देखी गयी है। एक्टिव केस की संख्या 3395 हो गयी है। 24 घंटों में कोरोना से सात मौतें हो गयी हैं।

## कार्टून कोना




## जैक बोर्ड : पिछले साल के मुकाबले साइंस में 7 प्रतिशत और कॉमर्स में दो प्रतिशत रिजल्ट बढ़ा

# साइंस में 79.26% और कॉमर्स में 91.2% छात्र सफल

**बारहवीं का रिजल्ट**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने शनिवार को साइंस और कॉमर्स का रिजल्ट जारी कर दिया। स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने परीक्षा परिणामों की आधिकारिक घोषणा की। इस बार साइंस की परीक्षा में 79.26% छात्र पास हुए हैं, जबकि कॉमर्स में 91.2% छात्र सफल घोषित किये गये हैं। पिछले साल की तुलना में इस बार साइंस में 7 फीसदी और कॉमर्स में दो फीसदी से अधिक छात्रों ने सफलता पायी है। कार्यक्रम में स्कूली शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, जैक अध्यक्ष नटवा हांसदा और जैक सचिव जयंत मिश्र समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सभी अधिकारियों ने रिजल्ट को बीते साल की तुलना में बेहतर बताया।

इस साल साइंस में 98634 बच्चों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 78186 बच्चे सफल हुए। साइंस का सफलता का प्रतिशत 79.26% रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7% अधिक है। इसमें 80.29% छात्राएं और 78.47% छात्र शामिल हैं। साइंस में 38732 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 19383 द्वितीय श्रेणी और 63 तृतीय श्रेणी में परीक्षा पास की है।

कॉमर्स में 22066 बच्चों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 20285 बच्चों ने सफलता हासिल की है। सफलता का प्रतिशत 91.2% रहा।



### इस बार बेहतर रहा 12वीं का रिजल्ट : रामदास सोरेन

स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि पिछले साल की तुलना में इस बार का रिजल्ट अच्छा रहा है। पिछले बार साइंस में 72.79 प्रतिशत रिजल्ट रहा था, जो इस बार बढ़कर 79.26 प्रतिशत हो गया। वहीं कॉमर्स में पिछले साल 90.60 फीसदी था, जो इस बार बढ़कर 91.02 प्रतिशत हो गया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम एक ऐसी सशक्त और समावेशी शिक्षा प्रणाली विकसित करें जो राज्य के प्रत्येक छात्र तक पहुंचे।

जो पिछले साल की तुलना में दो फीसदी अधिक है। कॉमर्स में 12829 बच्चों ने प्रथम श्रेणी, 7234 ने द्वितीय श्रेणी और 222 ने तृतीय श्रेणी में पास की है। कॉमर्स में लातेहार जिला अव्वल रहा है।



**साइंस का फैक्ट फाइल**

| | |
|---|---|
| फर्स्ट | 58,720 |
| सेकेंड | 19,383 |
| थर्ड | 63 |
| पास | 20 |

**कॉमर्स का फैक्ट फाइल**

| | |
|---|---|
| फर्स्ट | 12,829 |
| सेकेंड | 7234 |
| थर्ड | 222 |
| पास | ---- |

**टॉप 3 विद्यार्थियों को सरकार देगी नकद पुरस्कार**

12वीं परीक्षा में टॉप 3 स्थान पाने वाले छात्रों को राज्य सरकार पुरस्कार देगी।
रैंक 1 को 3 लाख नकद, लैपटॉप और मोबाइल फोन।
रैंक 2 को 2 लाख नकद, लैपटॉप और मोबाइल फोन।
रैंक 3 को 1 लाख नकद, लैपटॉप और मोबाइल फोन।

## इंटर साइंस में अंकिता और रश्मि कॉमर्स में स्टेट टॉपर

**दोनों स्ट्रीम में लातेहार अव्वल, रांची टॉप 10 से बाहर**

**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद की ओर से जारी किये गये 12वीं साइंस और कॉमर्स के रिजल्ट में लातेहार जिला टॉप पर रहा। साइंस में लातेहार जिला का पास का प्रतिशत 88.02 फीसदी रहा। वहीं, कॉमर्स में पास प्रतिशत 100 फीसदी रहा। हालांकि इस बार रांची जिला टॉप टेन से बाहर हो गया।

**साइंस में 16वें पायदान पर रांची**

साइंस में रांची जिला 16वें पायदान पर रहा, जबकि कॉमर्स में रांची जिले का पास प्रतिशत 92.68 फीसदी रहा। कॉमर्स में भी रांची जिला 12वें पायदान पर रहा। इस





बार साइंस में धनबाद के गोविंदपुर की अंकित स्टेट टॉपर बनी है। अंकिता को 477 अंक मिले हैं। वहीं चाईबासा की रश्मि कुमारी से कॉमर्स में स्टेट टॉपर होने का गौरव हासिल किया है।

**साइंस और कॉमर्स में लड़कियों ने बाजी मारी :** इस बार भी इंटर साइंस और कॉमर्स में लड़कियों ने ही बाजारी मारी है। साइंस में 80.53 फीसदी छात्राओं ने सफलता हासिल की है, जबकि छात्रों का पास परसेंटेज 78.43 फीसदी रहा। कॉमर्स में 95 फीसदी छात्राएं सफल रही हैं, जबकि छात्रों का पास परसेंटेंज 86 फीसदी रहा।

## गवर्नर और सीएम ने विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और सीएम हेमंत सोरेन ने जैक 12वीं साइंस और कॉमर्स के सफल विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया में विद्यार्थियों की सफलता की सराहना की है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि यह सफलता आपकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। मैं



आप सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि जैक बोर्ड की इंटरमीडिएट कॉमर्स और साइंस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। सभी को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं।

## पीएम ने भोपाल से पाकिस्तान को फिर चेताया, कहा

# गोली का जवाब गोले से मिलेगा

- पीएम ने देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण महासम्मलेन को किया संबोधित।
- आतंकियों के मददगारों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी

एजेंसी

**भोपाल।** ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवादियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा और सबसे सफल अभियान बताते हुए पीएम मोदी ने शनिवार को एक बार फिर पाकिस्तान को कड़े शब्दों में चुनौती देते हुए कहा कि अगर तुम गोली चलाओगे तो मान के चलो कि गोली का जवाब गोले से दिया जायेगा। श्री मोदी यहां देवी



अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत संस्कृति और संस्कारों का देश है। सिंदूर नारी शक्ति का प्रतीक है। हम शक्ति पूजा में सिंदूर अर्पण करते हैं। ये ही अब भारत के शौर्य का प्रतीक बन गया है। ऑपरेशन सिंदूर हमारी नारीशक्ति के सामर्थ्य का भी प्रतीक बना है।

**नारी शक्ति को चुनौती दी, मिट्टी में मिला दी :** पीएम मोदी ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने भारतीयों का खून ही नहीं बहाया, संस्कृति पर भी प्रहार किया। हमारे समाज को बांटने की कोशिश की। सबसे बड़ी बात, आतंकवादियों ने नारीशक्ति को चुनौती दी। यही चुनौती आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गयी है। पाकिस्तानी सेना ने जहां तक सोचा भी नहीं था, वहां तक हमारी सेना ने आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया। ऑपरेशन सिंदूर ने डंके की चोट पर कहा है कि आतंकवादियों के जरिए प्रॉक्सी वॉर नहीं चलेगा। घर में घुस कर मारेंगे और आतंकियों के मददगारों को भी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

## नौ राज्यों में 5 दिन भारी बारिश, तूफान के आसार, अलर्ट

**नयी दिल्ली।** देश में इस बार मॉनसून ने समय से पहले ही दस्तक दे दी। दक्षिण भारत से शुरू हुई मॉनसूनी बौछारें अब उत्तर और पूर्व भारत की ओर रफ्तार पकड़ रही है। भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि दिल्ली, यूपी, बिहार समेत 9 राज्यों के 50 से अधिक जिलों में अगले पांच दिन तक तेज आंधी और गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। झारखंड और छत्तीसगढ़ में भी मौसम करवट ले सकता है, इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**एक सप्ताह पहले आ गया मॉनसून :** आमतौर पर जून के पहले सप्ताह में केरल पहुंचने वाला मॉनसून इस बार 8 दिन पहले ही वहां पहुंच गया। यूपी, बिहार महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, ओड़िशा, छत्तीसगढ़ दिल्ली-एनसीआर और पश्चिम बंगाल में मॉनसून सक्रिय हो चुका है।

## जेल भेजे गये विनय चौबे और गजेंद्र सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार आइएएस विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को शनिवार को एसीबी की विशेष अदालत में पेश किया गया। दो दिनों की रिमांड अवधि शनिवार को खत्म होने के बाद दोंनो को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

**चौबे से एक ही दिन पूछताछ :** एसीबी की टीम ने निलंबित आईएएस विनय चौबे से पूछताछ के लिए अदालत से दो दिनों का रिमांड लिया था, लेकिन खराब स्वास्थ्य कारणों की वजह से उनसे केवल एक दिन शुक्रवार को ही पूछताछ हो सकी। इस दौरान गजेंद्र सिंह से भी पूछताछ की गयी थी। जानकारी के मुताबिक, विनय कुमार चौबे ने पूछताछ के दौरान तबीयत ठीक नहीं होने की बात कह अधिकांश सवालों के जवाब टाल दिये।

## लड़ाकू विमान का गिरना या संख्या महत्वपूर्ण नहीं, बल्कि जरूरी ये कि वे क्यों गिरे

# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के छह लड़ाकू विमानों को मार गिराने की बात झूठी : सीडीएस

**साक्षात्कार में खुलासा**

ब्लूमबर्ग टीवी को दिये साक्षात्कार में सीडीएस चौहान ने कहा कि यह पता लगाना अधिक महत्वपूर्ण है कि विमान को नुकसान क्यों हुआ, ताकि भारतीय सेना रणनीति में सुधार कर सके और फिर से जवाबी हमला कर सके।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने पाकिस्तान के दावों को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के 6 लड़ाकू विमानों को मार गिराने की बात पूरी तरह से झूठी है। 'ब्लूमबर्ग टीवी' को दिए एक इंटरव्यू में श्री चौहान ने ये बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह कहना भी गलत है कि भारत और पाकिस्तान परमाणु युद्ध के करीब थे। जनरल चौहान ने कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत के रास्ते हमेशा खुले हैं, ताकि स्थिति को नियंत्रण में रखा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि भारत अपनी गलतियों से सीखता है और उन्हें सुधारता है।

जनरल अनिल चौहान ने पाकिस्तान के साथ हालिया सैन्य टकराव में विमान के नुकसान की बात स्वीकार की, लेकिन छह भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के इस्लामाबाद के दावे को बिल्कुल गलत बताया।

ब्लूमबर्ग टीवी के साथ एक साक्षात्कार में चौहान ने कहा कि यह पता लगाना अधिक महत्वपूर्ण है कि विमान का नुकसान क्यों हुआ, ताकि भारतीय सेना रणनीति में सुधार कर सके और फिर से जवाबी हमला कर सके। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि लड़ाकू विमान का गिरना या संख्या महत्वपूर्ण बात नहीं है, बल्कि महत्वपूर्ण है कि वे क्यों गिरे। जनरल चौहान से पूछा गया कि क्या इस महीने पाकिस्तान के साथ चार दिनों तक सैन्य टकराव के दौरान भारत ने लड़ाकू विमान गंवाए थे। उन्होंने कहा, अच्छी बात यह है कि हम अपनी सामरिक गलतियों को समझ पाए, उन्हें सुधारा और दो दिन बाद फिर से लागू किया। हमने अपने सभी लड़ाकू विमानों को फिर से लंबी दूरी पर लक्ष्य करके उड़ाया।

**नुकसान लड़ाई का एक हिस्सा**

भारतीय वायुसेना के वायु संचालन महानिदेशक, एयर मार्शल एके भारती ने भी स्वीकार किया था कि नुकसान लड़ाई का एक हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा था कि भारतीय वायुसेना के सभी पायलट सुरक्षित घर लौट आए हैं। एयर मार्शल भारती ने 11 मई को प्रेस वार्ता में यह टिप्पणी की थी, जब उनसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के विमानों के नुकसान के बारे में पूछा गया था। फिलाहाल जनरल चौहान शांगरी-ला वार्ता में भाग लेने के लिए सिंगापुर में हैं।

**SWARNREKHA COLLEGE OF NURSING**
(Affiliated to JNRC & INC, New Delhi)

| COURSE | QUALIFICATION | DURATION |
|---|---|---|
| ANM | 10+2 (any Stream) | 2 Yrs. |
| GNM | 10+2 (any Stream with English) | 3 Yrs. |

**SWARNREKHA COLLEGE OF PHARMACY**
Recognised by: Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
Affiliated to: Jharkhand State Pharmacy Council

| COURSE | QUALIFICATION | DURATION |
|---|---|---|
| D.PHARMA | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Yrs. |

**SWARNREKHA INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCE**
Recognised by: Jharkhand State Para Medical Council

| COURSE | QUALIFICATION | DURATION |
|---|---|---|
| DMLT (PATHOLOGY) | 10+2 (Science) | 2 Yrs. |
| DRT (X-RAY) | 10+2 (Science) | 2 Yrs. |
| O.T. TECHNICIAN | 10+2 (Science) | 2 Yrs. |
| OPTH. TECH. | 10+2 (Science) | 2 Yrs. |
| DRESSER | 10th | 1 Yr. |

**SWARNREKHA SANSTHAN**
Opp. Seventh Days Hospital, Booti Road, Bariatu. Ranchi - 09
Mob: 8210772409, 7004418497

# साइंस-कॉमर्स में ओबीसी का जलवा, सभी वर्गों में बेटियां आगे





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने साइंस और कॉमर्स स्ट्रीम का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस बार परीक्षा में साइंस से 79.26%, जबकि कॉमर्स से 91.2% छात्र सफल हुए। खास बात यह रही कि दोनों स्ट्रीम में अति पिछड़ा वर्ग ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इतना ही नहीं सभी वर्गों में इस बार भी लड़कों को पछाड़कर लड़कियों ने बाजी मारी है।

**कॉमर्स में विद्यार्थियों का वर्गवार प्रदर्शन**

| वर्ग | कुल परीक्षार्थी | उत्तीर्ण छात्र | उत्तीर्ण छात्राएं |
|---|---|---|---|
| अति पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) | 1173 | 658 (94.94%) | 473 (98.54%) |
| पिछड़ा वर्ग (बीसी) | 2864 | 1532 (92.79%) | 1182 (97.44%) |
| अनुसूचित जाति (एससी) | 614 | 350 (89.97%) | 205 (91.11%) |
| अनुसूचित जनजाति (एसटी) | 4003 | 2144 (89.25%) | 1526 (95.31%) |
| सामान्य वर्ग (जेनरल) | 13,412 | 6685 (88.53%) | 553 (94.35%) |

**12वीं बोर्ड कॉमर्स परीक्षा का फैक्ट फाइल :** कुल परीक्षार्थी : 22,066, लड़के : 12,686, लड़कियां : 9,380

**12वीं बोर्ड साइंस परीक्षा का फैक्ट फाइल :** कुल परीक्षार्थी : 98634, लड़के : 60725, लड़कियां : 37909

**सभी वर्गों में छात्राएं रहीं आगे**

हर वर्ग में छात्राओं का प्रदर्शन छात्रों से बेहतर रहा है। विशेषकर अति पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्राओं ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्श किया है।

**साइंस में विद्यार्थियों का वर्गवार प्रदर्शन**

| वर्ग | कुल परीक्षार्थी | उत्तीर्ण छात्र | उत्तीर्ण छात्राएं |
|---|---|---|---|
| अति पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) | 9069 | 5208 (84.01%) | 2477 (86.30%) |
| पिछड़ा वर्ग (बीसी) | 18467 | 9788 (80.69%) | 5407 (85.32%) |
| अनुसूचित जाति | 4135 | 2128 (74.77%) | 1006 (78.04%) |
| अनुसूचित जनजाति | 8998 | 3046 (62.02%) | 2938 (71.88%) |
| सामान्य वर्ग | 57965 | 27479 (79.32%) | 18689 (80.12%) |

## संत अन्ना इंटर कॉलेज की स्वाति बनीं झारखंड की छठी टॉपर

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा घोषित 2025 के इंटरमीडिएट परीक्षा परिणामों में संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विज्ञान एवं वाणिज्य (कॉमर्स) दोनों संकायों में छात्राओं ने उल्लेखनीय अंक प्राप्त किए हैं।

**विज्ञान संकाय में स्वाति कुमारी बनीं राज्य की छठी टॉपर :** विज्ञान संकाय में स्वाति कुमारी ने 471 अंक (94.2%) प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान और राज्य स्तर पर छठा स्थान हासिल किया। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर मेरी टोप्पो ने परीक्षा परिणामों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम अत्यंत संतोषजनक है।

| साइंस का साल दर साल रिजल्ट | | कॉमर्स का साल दर साल रिजल्ट | |
|---|---|---|---|
| साल | पास प्रतिशत | साल | पास प्रतिशत |
| 2019 | 57.00 | 2019 | 70.44 |
| 2020 | 58.99 | 2020 | 77.37 |
| 2021 | 86.89 | 2021 | 90.33 |
| 2022 | 92.19 | 2022 | 92.75 |
| 2023 | 81.45 | 2023 | 88.60 |
| 2024 | 72.70 | 2024 | 90.60 |

## सभी जिलों का पास प्रतिशत

**साइंस में जिलों का पास प्रतिशत**

| जिला | पास का प्रतिशत |
|---|---|
| लातेहार | 88.02 |
| कोडरमा | 86.97 |
| पलामू | 85.79 |
| हजारीबाग | 84.79 |
| गिरिडीह | 82.74 |
| गुमला | 82.65 |
| जामताड़ा | 80.53 |
| देवघर | 80.10 |
| चतरा | 78.80 |
| रामगढ़ | 78.60 |
| धनबाद | 77.99 |
| बोकारो | 77.65 |
| प. सिंहभूम | 77.60 |
| गोड्डा | 76.75 |
| सिमडेगा | 76.71 |
| रांची | 76.08 |
| पाकुड़ | 76.02 |
| लोहरदगा | 71.96 |
| पूर्वी सिंहभूम | 70.91 |
| साहेबगंज | 70.67 |
| गढ़वा | 70.15 |
| सरायकेला | 68.44 |
| दुमका | 65.02 |

**कॉमर्स में जिलों का पास प्रतिशत**

| जिला | पास का प्रतिशत |
|---|---|
| लातेहार | 100.00 |
| लोहरदगा | 98.69 |
| सिमडेगा | 98.04 |
| जामताड़ा | 97.72 |
| पाकुड़ | 96.29 |
| कोडरमा | 95.61 |
| धनबाद | 94.34 |
| बोकारो | 94.03 |
| चतरा | 94.01 |
| गिरिडीह | 93.29 |
| हजारीबाग | 93.21 |
| रांची | 92.68 |
| पलामू | 92.67 |
| गुमला | 92.30 |
| पश्चिमी सिंहभूम | 91.40 |
| रामगढ़ | 90.66 |
| खूंटी | 90.29 |
| साहेबगंज | 89.58 |
| देवघर | 89.20 |
| पूर्वी सिंहभूम | 87.91 |
| सरायकेला | 87.00 |
| गढ़वा | 86.40 |
| दुमका | 84.91 |
| गोड्डा | 84.66 |

## साइंस में अंकिता दत्ता ने झारखंड में किया टॉप

- मजदूर के बेटे हसन को मिला दूसरा स्थान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड बोर्ड के 12वीं कक्षा का रिजल्ट जारी किया गया। इस परीक्षा में टुंडी रोड गोविंदपुर के रहने वाले इलेक्ट्रीशियन हेल्पर प्रलय कुमार दत्ता की बेटी अंकिता दत्ता ने इंटर साइंस स्टेट टॉपर बनकर गोविंदपुर और जिले का नाम रोशन किया है। स्टेट टॉपर अंकिता राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय गोविंदपुर की छात्रा थी। अंकित तीन बहनों में सबसे बड़ी है। उसकी मां मालती दत्ता गृहिणी है।

वहीं, मजदूर के बेटे हसन शेख कॉमर्स स्ट्रीम में राज्य में सेकंड टॉपर बने हैं। वह, मिहिजाम के मस्जिद रोड मिहिजाम का रहने वाला है। इनके पिता असगर शेख आसनसोल के समीप जामुड़िया स्थित ग्लास फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं। वह आगे कॉमर्स से स्नातक की पढ़ाई पूरी करेगा। इसके प›ात चार्टड एकाउंटेंट बनना चाहता है। बताया कि स्कूल के अलावा घर पर पांच-छह घंटे नियमित पढ़ाई करता है। खेल में कोई विशेष रुचि नहीं है। सेल्फ स्टडी से इंटरमीडिएट कॉमर्स संकाय में बेहतर अंक हासिल किए हैं।

## इंटर कॉमर्स में चाईबासा की रश्मि बनी स्टेट टॉपर

- आगे बीबीए की पढ़ाई करना चाहती है रश्मि, सरकार से मांगा सहयोग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** जैक बोर्ड की इंटर कॉमर्स में पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा की बिटिया रश्मि कुमारी ने स्टेट टॉप किया है। रश्मि को कुल 476 अंक (95.2 प्रतिशत) प्राप्त हुए हैं। संत जेवियर बालिका इंटर कॉलेज, चाईबासा की छात्रा रश्मि की इस सफलता से परिवार समेत चाईबासा वासियों में खुशी का माहौल है। रश्मि का परिवार चाईबासा के न्यू कॉलोनी नीमडीह में रहता है। रश्मि के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। उसके पिता राजेश प्रसाद चाईबासा बस स्टैंड के समीप दुकान लगाकर कपड़ा बेचते हैं, जबकि मां रीना प्रसाद गृहणी हैं। रश्मि ने बताया कि वह आगे बीबीए और उसके बाद एमबीए की पढ़ाई करना चाहती है। उसने बताया कि घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं हे। आगे की पढ़ाई के लिए उसने राज्य सरकार से आर्थिक सहयोग की अपील की है। उसने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज के शिक्षकों व परिवार के सदस्यों को दिया है। इधर, रश्मि की सफलता पर संत जेवियर बालिका इंटर कॉलेज के शिक्षकों ने भी खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि रश्मि की मेहनत व लगन के कारण ही उसे यह परिणाम हासिल हुआ है। वहीं पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी इंटर कॉलेज के छात्र अंकित कुमार साह बारहवीं विज्ञान के रिजल्ट में स्टेट सेकेंड टॉपर बने हैं।

## एनडीपीसी एक्ट के आरोपी की जमानत 5 साल बाद सुप्रीम कोर्ट से रद्द

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने एनडीपीसी एक्ट के आरोपी प्रवीण पाठक को मिली जमानत रद्द कर दी है। जमानत रद्द करने की वजह ट्रायल कोर्ट द्वारा फैसला सुनाने के लिए निर्धारित तिथि पर आरोपी का हाजिर नहीं होना है। प्रवीण पाठक, एनडीपीसी एक्ट के तहत 2021 में दर्ज प्राथमिकी में अभियुक्त था। वह गांजा लेकर चल रही एक गाड़ी के पीछे-पीछे दूसरी कार से चल रहा था। जनवरी 2021 में जांच के दौरान पाठक को भी गिरफ्तार किया गया था। अभियुक्त की ओर से दायर जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने उसे चार अगस्त 2021 को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था।

हाईकोर्ट के इस आदेश के आलोक में ट्रायल कोर्ट ने उसे जमानत पर रिहा कर दिया था। एनडीपीसी के इस मामले में सुनवाई के बाद ट्रायल कोर्ट ने फैसला सुनाने के लिए 15 मई 2025 की तिथि निर्धारित की थी। लेकिन वह सजा सुनाये जाने के लिए निर्धारित तिथि पर ट्रायल कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा था। इस स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गयी। न्यायाधीश दिपांकर दत्ता और के विनोद चंद्रन की पीठ में याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि आरोपी ट्रायल में सहयोग नहीं कर रहा है। इस स्थिति के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट द्वारा अभियुक्त को दी गयी जमानत रद्द कर दी।

## सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के खराब प्रदर्शन पर 19 प्रिंसिपल को शोकॉज

### डीईओ के माध्यम से एसपीडी जेईपीसी ने एक सप्ताह में मांगा जबाव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के 19 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम बेहद निराशाजनक रहे हैं। इन स्कूलों का परिणाम 19.64% से 57% के बीच रहा, जो राज्य द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानक 60% से कम है। इसे लेकर शिक्षा विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है और स्कूल के प्राचार्यों और प्रभारी प्रधानाध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**एक सप्ताह के भीतर डीईओ के जरिये मांगा लिखित स्पष्टीकरण :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) के निदेशक शशि रंजन ने इस प्रदर्शन को पूरी तरह असंतोषजनक बताया है। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों को बेहतर शैक्षणिक माहौल के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं और भौतिक संसाधन उपलब्ध कराए गए थे, इसके बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं आ सके। परिषद ने संबंधित प्राचार्यों और प्रभारी प्रधानाध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे एक सप्ताह के भीतर जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) के माध्यम से लिखित स्पष्टीकरण दें।

**खराब प्रदर्शन के कई कारण बताये जा रहे हैं**

**खराब परिणाम :** 19 स्कूलों का पास प्रतिशत 19.64% से 57% के बीच रहा, जो निर्धारित न्यूनतम मानक से 60% से कम है।

**कारण बताओ नोटिस :** प्राचार्यों और प्रभारी प्रधानाध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**कार्रवाई की तैयारी :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने कार्रवाई की तैयारी की है और संबंधित प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण मांगा है।

**उपलब्ध संसाधन :** शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को पर्याप्त संसाधन और सहयोग उपलब्ध कराये थे।

**लापरवाही और उदासीनता :** कई स्कूलों में दिशा-निर्देशों का पालन नहीं हुआ और शिक्षकों द्वारा पढ़ाई को लेकर विशेष प्रयास नहीं किए गए, जिसे विभाग ने लापरवाही और उदासीनता माना है।

## एसीबी ने निलंबित आईएएस विनय चौबे व गजेंद्र सिंह को कोर्ट में किया पेश, न्यायिक हिरासत में भेजे गये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे और तत्कालीन उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को एसीबी ने शनिवार को कोर्ट में पेश किया। जिसके बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मालूम हो कि एसीबी ने शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए दोनों अधिकारियों को दो दिनों की रिमांड पर लिया था। विनय चौबे के स्वास्थ्य खराब होने की वजह से उनसे केवल एक दिन ही पूछताछ हो पायी। शनिवार को रिमांड अवधि खत्म होने के बाद उन्हें वापस कोर्ट में पेश किया गया।

**विनय चौबे संलिप्तता से करते रहे इनकार :** विनय चौबे व गजेंद्र सिंह दोनों से रिमांड अवधि के दौरान अलग-अलग पूछताछ की गयी थी। जानकारी के मुताबिक, विनय कुमार चौबे ने पूछताछ के दौरान तबीयत ठीक नहीं होने की बात कहकर अधिकांश सवालों के जवाब टाल दिये। एसीबी की टीम ने विनय चौबे से पूछा कि प्लसमेंट एजेंसियों के चयन का आधार क्या था, जब कंपनियों ने बकाया जमा नहीं कराया तो उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गयी। इसके अलावा पूछा गया कि बैंक गारंटी की जांच में अनियमितता क्यों बरती गई। उत्पाद सचिव के तौर पर उनकी भूमिका कैसी थी। एसीबी ने उनसे ये सभी सवाल किये, लेकिन विनय चौबे बार-बार अपनी सीधी संलिप्तता से इनकार करते रहे।

# हेमंत सरकार आदिवासियों की खेतिहर जमीन से बेदखल करना चाहती है: बाबूलाल मरांडी

- बिना ग्रामसभा की सहमति के एक इंच भी जमीन नहीं देने देंगे
- सरकार चला रही है जमीन हथियाओ अभियान
- खेती-बाड़ी की जमीन उजाड़कर विकास नहीं, विनाश हो रहा है।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांके के नगड़ी में आदिवासी रैयतों एवं किसानों की उपजाऊ खेतिहर जमीन पर निर्माण की योजना का विरोध कर रहे आदिवासी-किसान रैयतों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने इस निर्माण कार्य को झारखंड के विकास की आड़ में विनाश करार दिया है। उन्होंने कहा कि यहां जो लोग वर्षों से खेती-बाड़ी कर अपनी आजीविका चला रहे हैं, उन्हें आखिर क्यों उजाड़ा जा रहा है? इन किसानों ने कौन-सा अपराध किया है जो उनकी उपजाऊ जमीन छीनी जा रही है? सरकार यदि अस्पताल ही बनाना चाहती है तो रांची के चारों ओर बंजर भूमि की कोई कमी नहीं है। अगर उन्हें नहीं मिल रही है तो हम खोजने को तैयार हैं। श्री मरांडी ने कहा कि इस क्षेत्र में एक ओर 202 एकड़, दूसरी ओर 25 एकड़ जमीन है। सरकार को सोचना चाहिए कि क्या ये सही निर्णय है? उपजाऊ खेतों को बर्बाद करके अस्पताल बनाएंगे, तो ये विकास नहीं, झारखंड का विनाश है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की कि वे एक बार यहां आकर देखें कि वास्तव में क्या हो रहा है।

**विकास के नाम पर आदिवासी-किसानों की आजीविका नहीं छीननी चाहिए**

नेता प्रतिपक्ष ने याद दिलाया कि इससे पहले भी लॉ यूनिवर्सिटी के निर्माण के समय ऐसे ही खेती की जमीन ली गई थी, और तब भी स्थानीय लोग विरोध में धरना पर बैठे थे। उन्होंने कहा कि मैं पहले भी इस जमीन पर आ चुका हूं, लेकिन तब स्पष्ट नहीं था कि कौन-सी जगह छोड़ी गई है। अब स्पष्ट



दिख रहा है कि सरकार की वक्र दृष्टि फिर से इस जमीन पर पड़ गई है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार को विकास के नाम पर आदिवासी-किसानों की आजीविका नहीं छीननी चाहिए। झारखंड की आत्मा उसकी मिट्टी, खेत और किसान हैं, और इन्हीं के विनाश से राज्य का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस पूरे घटनाक्रम की कड़ी निंदा करते हुए इसे आदिवासी अधिकारों का सीधा उल्लंघन बताया है। बाबूलाल मरांडी ने नगड़ी के रैयतों से मुलाकात कर उनकी पीड़ा को न केवल सुना, बल्कि सरकार को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि हेमंत सरकार आदिवासियों के खेतिहर जमीन से बेदखल करना चाहती है, आदिवासी के पास जीविकोपार्जन चलाने के लिए अपनी खेती बाड़ी के अलावा और कोई साधन नहीं है।

**ग्रामसभा की अनुमति के बिना जमीन अधिग्रहण करना गैरकानूनी**

उन्होंने कहा कि ग्रामसभा की अनुमति के बिना किसी की भी जमीन को अधिग्रहण करना गैरकानूनी है। संविधान के अनुसार आदिवासियों को उनकी जमीन पर अधिकार है, और भाजपा उनके साथ खड़ी है। पुलिस बल लगाकर आदिवासियों की जमीन छीनने की इजाजत किसी को नहीं दी जा सकती। श्री मरांडी ने सीधे तौर पर हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार झारखंड को बेचने पर तुली हुई है। उन्होंने कहा कि नगड़ी के रैयतों की जमीन पहले कभी अधिग्रहण नहीं हुई थी, और न ही कोई कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई है। उन्होंने कहा की ग्रामीणों ने जमीन अधिग्रहण की पूरी फाइल दिखाई है। उसमें न कोई अधिसूचना, न मुआवजा, न ग्रामसभा की सहमति। ये सब लोकतंत्र का गला घोंटने जैसा है। भाजपा यह अन्याय नहीं होने देगी।

**भाजपा देगी न्याय की लड़ाई को धार**

बाबूलाल मरांडी ने ऐलान किया कि भाजपा पूरे मामले को विधानसभा से लेकर सड़क तक उठाएगी। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो पार्टी न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाएगी। उन्होंने कहा कि रैयतों की जमीन छीनने की कोशिश को हम विफल करेंगे। हेमंत सरकार के इस तानाशाही रवैये के खिलाफ जनांदोलन होगा। इस मौके पर अशोक बड़ाईक, बाल्कू उरांव, सहित गांव के सैकड़ो आदिवासी रैयत उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारियों ने की हेल्थ बीमा की मांग, कहा जेल जाने की अनिवार्यता हो खत्म



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड आंदोलकारियों ने राज्य सरकार से स्वास्थ्य बीमा का लाभ देने की मांग की है। इसके साथ ही आंदोलनकारियों में जेल जाने की शर्त को भी समाप्त करने की बात कही है। झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के प्रतिनिधियों ने राज्य के श्रम मंत्री संजय यादव से मुलाकात कर इन मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

**झारखंड आंदोलनकारियों को स्वास्थ्य बीमा बेहद जरूरी : पुष्कर महतो**

झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के महासचिव पुष्कर महतो ने श्रम मंत्री को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने झारखंड के आंदोलनकारी के आश्रितों को सरकारी नौकरी में 5 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देकर स्वागतयोग्य कार्य किया है। लेकिन वर्तमान में झारखंड राज्य निर्माण के आंदोलनकारियों को सबसे बड़ी जरूरत स्वास्थ्य बीमा की है।

पुष्कर महतो ने कहा कि श्रम मंत्री से यह मांग की है कि वह कैबिनेट के अहम हिस्सा होने के नाते सरकार के मुखिया के समक्ष मोर्चा की मांग रखें। उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ राज्य निर्माण के लिए चले आंदोलन में शामिल लोगों के चिन्हीतकरण के लिए जेल जाने की अनिवार्यता समाप्त की जाए।

**सीएम हेमंत सोरेन हैं आंदोलनकारी का बेटा, जरूर लेंगे फैसला : श्रम मंत्री**

झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की मांग पर श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन, लालू यादव जैसे हमारे पुरोधा नेताओं के प्रयास से झारखंड अलग राज्य के अस्तित्व में आया है। उन्होंने कहा कि जो लोग यह कहते हैं कि लालू प्रसाद कहते थे कि उनकी लाश पर राज्य का बंटवारा होगा, वह गलत बयानी करते हैं।

श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि दरअसल, लालू प्रसाद ने ही यह शर्त रखी थी कि झारखंड राज्य का निर्माण तब होगा, जब वहां का सीएम कोई आदिवासी का बेटा बनेगा। श्रम मंत्री ने कहा कि आज लोग चाहे जो बोल लें, लेकिन सच्चाई यही है कि अलग झारखंड निर्माण में राजद की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है।

स्पीड न्यूज

## डीसी ऑफिस में दी गयी कर्मियों को विदाई

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार में आयोजित एक समारोह में सेवानिवृत्त होने वाले तीन कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गयी। मौके पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को उनके उत्कृष्ट सेवाकाल के लिए सराहना की और उनके दीर्घायु, सुखद, स्वस्थ एवं सक्रिय सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामनाएं दी। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों में सुषमा देवी, अनुसेवी सुचांद दास गोस्वामी, चालक लक्ष्मण राम मांझी शामिल हैं।

## सर्वोदय समिति ने किया उपायुक्त का अभिनंदन

**जमशेदपुर।** शनिवार को जमशेदपुर सर्वोदय समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा जमशेदपुर स्थित उपायुक्त कार्यालय में पूर्वी सिंहभूम जिले के नव पद स्थापित उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी (भा. प्र .से ) का अभिनंदन किया गया। सर्वोदय समिति के अध्यक्ष रियाजुद्दीन खान, महासचिव मनोज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष नंदलाल सिंह, सक्रिय सदस्य अनूप सिंह, राजकुमार आदि ने उपायुक्त महोदय से भेंट कर उन्हें फूल और गुलदस्ता देखकर उनका स्वागत किया।

## चांडिल में 1.10 करोड़ से बनेंगे दो उप स्वास्थ्य केंद्र

**चांडिल।** शहरबेड़ा एवं चिलगु में जिला परिषद मद से एक करोड़ दस लाख की लागत से बनने वाले दो उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कार्य ईचागढ के विधायक सबिता महतो, जिप अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो एवं चांडिल के जिला पार्षद सदस्य पिंकी लायेक ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। मौके पर ओम प्रकाश लायेक, काबलु महतो, बिदु मुर्मू, माधवी सिंह सरदार, रविन्द्रनाथ तंतुबाई व कई लोग उपस्थित थे।

## ईचागढ़ सीएचसी में मना विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**चांडिल।** शनिवार 31 मई को ईंचागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। जिसमें स्वास्थ्य केंद्र के सभी कर्मचारियों ने तंबाकू का न सेवन करेंगे और सभी को तम्बाकू का सेवन करने का प्रोत्साहन करेंगे का संकल्प लिया। एक अनुमान के मुताबिक हर रोज करीब 35 सौ लोग तम्बाकू के सेवन से मौत हो रही है। मौके पर डॉ निलम भुषण, डॉ रवि सिंह, रौशन झा, सुनिल महतो, पुनम कुमारी, लक्ष्मण साव, विष्णु मांझी, जगन्नाथ चटर्जी थे।

## झारखंड हॉकी ने अपने द्रोणाचार्य प्रतिमा बरवा को खो दिया : नंदजी

**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी नंदजी प्रसाद ने महिला हॉकी कोच प्रतिमा बरवा की निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि झारखंड में महिला हॉकी ने अपने द्रोणाचार्य को खो दिया है जिसकी भरपाई निकट भविष्य में असंभव है महिला हॉकी कोच प्रतिमा बरवा ने द्रोणाचार्य का भूमिका निभाते हुए झारखंड में कई महिला हॉकी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जिससे खिलाड़ियों के साथ-साथ झारखंड भी गौरवान्वित हुआ है हॉकी को बढ़ाने में काफी संघर्ष करके झारखंड हॉकी को एक नया आयाम दिया है।

## उवि गम्हरिया के 23 विद्यार्थी को प्रथम श्रेणी

**गम्हरिया।** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा घोषित 12वीं साइंस और कॉमर्स की परीक्षा में प्लस टू राज्य संपोषित उच्च विद्यालय गम्हरिया का परिणाम बेहतर रहा। 12वीं की परीक्षा में इस विद्यालय से कुल 44 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए थे जिसमें 23 बच्चे प्रथम और 10 बच्चे द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण घोषित किए गए। इसमें 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर भूमि कुमारी महतो विद्यालय टॉपर रही जबकि 73 .2 प्रतिशत अंक लाकर खुशबू कुमारी व साहिल महतो द्वितीय व 70 .2 प्रतिशत अंक लाकर पुष्पा कुमारी तृतीय विद्यालय टॉपर रही। इसी प्रकार, 12वीं कॉमर्स की परीक्षा में कुल 71 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे जिसमें 60 बच्चे प्रथम और 11 बच्चे द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसमें 84 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पिंकी कुमारी विद्यालय टॉपर बनी जबकि 79 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।

# फेरोक्रोम उद्योग में भारत की पहली वेस्ट हीट रिकवरी प्रोजेक्ट लागू करेगी टाटा स्टील

- ओडिशा में परियोजना के लिए कॉमफिट एनरसैव और यंत्र हार्वेस्ट के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**भुवनेश्वर/जमशेदपुर।** भारत के फेरोक्रोम उद्योग में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए, टाटा स्टील ओडिशा के कटक जिले स्थित अपने फेरो एलॉय संयंत्र, अथागढ़ में वेस्ट हीट रिकवरी (डब्ल्यूएचआर) परियोजना की शुरूआत करने जा रही है। कंपनी ने शुक्रवार को इस परियोजना के कार्यान्वयन के लिए हीट और एनर्जी रिकवरी समाधानों की अग्रणी प्रदाता कॉमफिट एनरसैव प्राइवेट लिमिटेड और ऊर्जा संरक्षण समाधान क्षेत्र की प्रमुख कंपनी यंत्र हार्वेस्ट के साथ एक सहमतिपत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।


टाटा स्टील के फेरो एलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) के तहत संचालित अथागढ़ संयंत्र को इस रणनीतिक सहयोग से महत्वपूर्ण लाभ होने की संभावना है। इस पहल का उद्देश्य ऊर्जा दक्षता को बढ़ाना और सतत औद्योगिक अभ्यासों को प्रोत्साहित करना है।

एमओयू के अनुसार, कॉमफिट एनरसैव और यंत्र हार्वेस्ट संयंत्र में संयुक्त रूप से वेस्ट हीट रिकवरी प्रणाली का डिजाइन और कार्यान्वयन करेंगे। यह समझौता पंकज सतीजा, एक्जीक्यूटिव इंचार्ज, एफएएमडी, टाटा स्टील; गणेश भट, तकनीकी निदेशक कॉमफिट एनरसैव; और गौरांग भट्ट, तकनीकी निदेशक यंत्र हार्वेस्ट द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। इस अवसर पर पंकज सतीजा ने कहा, हम सभी ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, जल और जैव विविधता के बीच के गहरे संबंध से भली-भांति परिचित हैं। इस हीट इंटीग्रेशन प्रक्रिया के माध्यम से हम उस ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं, जो सामान्यतः वातावरण में व्यर्थ चली जाती। यह साझेदारी हमारे सतत संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो $CO_2$ उत्सर्जन में कमी, ऊर्जा दक्षता में वृद्धि और ऊर्जा लागत में कमी लाएगी। हमें पूरा विश्वास है कि यह सहयोग औद्योगिक ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगा।

यह नवाचारी परियोजना फर्नेस में स्मेल्टिंग ऑपरेशन प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न होने वाली टॉप वेस्ट गैस से गर्मी को संग्रहित करने पर केंद्रित है। इस पुनः प्राप्त हीट का उपयोग क्रोम ओर फाइन्स को सुखाने के लिए किया जाएगा, जिससे वर्तमान में फर्नेस ऑयल पर होने वाली निर्भरता समाप्त हो जाएगी। इस परिवर्तन से प्रतिवर्ष लगभग 3 करोड़ की लागत बचत होने की संभावना है।

यह परियोजना एनर्जी सेविंग्स कंपनीज (ईएससीओ) मॉडल के तहत, बिल्ड-ओन-ऑपरेट (बीओओ) फ्रेमवर्क के अनुसार लागू की जाएगी। इस मॉडल में परियोजना की लागत उस हीट एनर्जी के वैल्यू से रिकवर की जाएगी, जिसे संग्रहित कर प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाएगा, जिससे एक पारदर्शी और प्रदर्शन-आधारित भुगतान व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

यह पहल टाटा स्टील की जिम्मेदार निर्माण प्रक्रिया में नेतृत्व को मजबूत करती है और भारतीय फेरोक्रोम क्षेत्र में ऊर्जा नवाचार के लिए एक नया उदाहरण स्थापित करती है। कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों में बी.डी. नन्दा, चीफ (ऑपरेशंस झ फेरो एलॉयज प्लांट्स), नताशा झा, हेड (प्रोजेक्ट्स, टेक्नोलॉजी और इम्प्रूवमेंट), सरबेस्वर नायक, हेड, फेरो एलॉयज प्लांट, अथागढ़, एफएएमडी, टाटा स्टील, जितेंद्र जैन, प्रबंध निदेशक, कॉमफिट एनरसैव और आलोक झा, रीजनल सेल्स मैनेजर, यंत्र हार्वेस्ट, समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर समारोह में उपस्थित थे।



**एफएएमडी के एग्जूक्टिव इंचार्ज पंकज सतीजा के को एमओयू दस्तावेज सौंपते कॉमफिट एनरसैव के निदेशक व अन्य पदाधिकारी।**

# 10 को होगा जुस्को श्रमिक यूनियन का चुनाव
# रघुनाथ पांडेय समेत 71 ने खरीदा नामांकन पत्र

### सोमवार को दाखिल होंगे नामांकन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआइएसएल की मान्यता प्राप्त जुस्को श्रमिक यूनियन के चुनाव के लिए आज अध्यक्ष पद पर रघुनाथ पांडेय, समेत कुल 71 लोगों ने विभिन्न पदों एवं कमेटी मेंबर का चुनाव लड़ने के लिए बिष्टुपुर यूनियन कार्यालय में लाइन लग कर नामांकन पत्र खरीदा। सोमवार दो जून को नामांकन दाखिल किये जायेंगे जबकि इच्छुक उम्मीदवार 4 जून को नामांकन वापस ले सकेंगे जबकि चुनाव 10 जून को गुप्त मतदान से होगा और इसके लिए सुबह 7 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक वोट डाले जायेंगे।

आज अध्यक्ष पद के लिए नामांकन खरीदने वालों में निवर्तमान अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय के अलावा परमानंद सिंह, चंद्रशेखर भूमिज और राजेश कुमार ने नामांकन दाखिल किए। कार्यकारी अध्यक्ष पद के लिए गोविंद झा व अमरनाथ तिवारी ने नामांकन खरीदा है जबकि डिप्टी प्रेसिडेंट पद के लिए मनीष कुमार दुबे,रविकांत शुक्ला और सुरेश मुखी ने नामांकन पत्र खरीदा है। उपाध्यक्ष पद के लिए ग्यारह लोगों ने नामांकन पत्र खरीदने वालों में संतोष कुमार, बसंत बिरुआ, जीतेंद्र सुहानी, मनोज पांडेय, विजय गोप, पिंटु शर्मा, मुन्ना मुखी,ए तुलसी राव, दिनेश महतो, सूर्य प्रकाश और अखिलेश कुमार राय शामिल हैं। महासचिव पद के लिए तीन लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा है जिसमें विनय कुमार, गोपाल प्रसाद जायसवाल व सीडीएस कृष्णन शामिल हैं। सह सचिव पद के लिए बुलबुल कुमार सिंह, कुमार कौशिक, संजु महतो, अवधकिशोर सिंह व संजय लालू ने नामांकन पत्र खरीदा है जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए नेहा उपाध्याय,कमलेश कुमार सिंह, बिजय बहादुर सिंह और तुफान कुमार मिश्रा ने नामांकन पत्र खरीदा है।

चुनाव पदाधिकारी सीएस झा के साथ चुनाव समितिके सदस्य सरोज पांडेय और अश्विनी मथान ने यह जानकारी दी है।

**कमेटी मेंबर के लिए इन्होंने खरीदा नामांकन पत्र :** चुनाव क्षेत्र टीएसयू एंड एसएसयू-1 से रंजीत कुमार, सतीश कुमार और सन्नी कुमार शर्मा,धनंजय कुमार मुखी और प्रवीण कुमार ने नामांकन पत्र खरीदा है। चुनाव क्षेत्र-2 में शंकर दयाल सिंह और राजू गोराई चुनाव क्षेत्र-3 के लिए सूरज सिंह ने सिर्फ नामांकन पत्र खरीदा है। चुनाव क्षेत्र-4 के लिए अखिलेश कुमार, राजेश शर्मा, अमित सरकार, विजय शंकर दूबे,मिश्री माझी, अर्जुन लाल, प्रसेनजीत दास और अखिलेश कुमार ने , चुनाव क्षेत्र-5 के लिए सीएच गोबिंद रंजन, शैलेश कुमार, हृदय कुमार घोष, चुनाव क्षेत्र-6 के लिए अजीत कुमार मिश्रा,सुमेंदु सौरभ,मंटु महतो, आशुतोष आनंद, देवेंद्र कुमार सिंह,अब्दुल खलिख, महाबीर प्रसाद व बिपुल कुमार ने नामांकन पत्र खरीदा है। चुनाव क्षेत्र-7 से एकमात्र नामांकन सुनील चौबे ने खरीदा है। चुनाव क्षेत्र -8 से जीतेंद्र कुमार ने नामांकन पत्र खरीदा है जबकि चुनाव क्षेत्र-9 से धीरज कुमार,अमित कुमार सिंह और अतीन्द्रनाथ गांगुली ने व चुनाव क्षेत्र-10 से राजकुमार यादव,राकेश बहादुर,गुरुचरण महतो ने नामांकन पत्र खरीदा है। चुनाव क्षेत्र-11 से ऋषभ कुमार, संत प्रकाश और शरद पाल।


**यूनियन कार्यालय की खिड़की पर लाइन लग कर नामांकन पत्र खरीदते निवर्तमान अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय।**

## विरोध व भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यूसिल अधिग्रहित भूमि का सीमांकन

- आशा उरांव ने यूसिल द्वारा अधिग्रहित जमीन के बदले रोजगार नहीं देने का लगाया आरोप
- हक मांगने पर यूसिल ने उसके खिलाफ 18 मामले दर्ज कराई है : आशा उरांव
- यूसिल की अधिग्रहित जमीन आशा उरांव की नहीं : अंचल निरीक्षक

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**जादूगोड़ा।** विरोध व भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यूसिल अधिग्रहित भूमि का शनिवार को मुसाबनी अंचल निरीक्षक शरद चंद्र बेरा की अगुवाई में जादूगोड़ा यूसिल अस्पताल से बाजार गेट तक सीमांकन किया गया। इधर अपनी जमीन के बदले नौकरी को लेकर संघर्ष कर रही आदिवासी महिला आशा उरांव ने यूसिल द्वारा अधिग्रहित जमीन के बदले रोजगार नहीं देने का लगाया आरोप तथा कहा कि यूसिल ने 30 डिसमिल जमीन कब्जा कर रखा है। जिसके बदले में उसे न तो रोजगार मिला व नहीं ही नौकरी। बदले में कंपनी के अपर प्रबंधक एम के साहू ने उसके खिलाफ एसडीओ कोर्ट में सरकारी काम में बाधा डालने समेत 107 के कुल 18 मामले दर्ज करायी है। जबकि जमीन के बदले हक की लड़ाई लड़ रही हूं।



## नवल टाटा हॉकी अकादमी ने मनाया 8-दिवसीय ग्रासरूट्स हॉकी फेस्टिवल का समापन समारोह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** नवल टाटा हॉकी अकादमी (एनटीएचए), जमशेदपुर ने हॉकी एसोसिएशन ऑफ ईस्ट सिंहभूम के तत्वावधान में आयोजित बहुप्रतीक्षित ग्रासरूट्स हॉकी फेस्टिवल 2025 का सफल समापन किया। इस 8 दिवसीय उत्सव का समापन एक रंगारंग और उत्साहपूर्ण समारोह के साथ अकादमी परिसर में हुआ। इस आयोजन ने न केवल जमीनी स्तर के खेलों की भावना का जश्न मनाया, बल्कि उन सभी युवा खिलाड़ियों, कोचों, स्वयंसेवकों और समर्थकों के समर्पण और जुनून को भी सलाम किया, जिन्होंने इस समारोह को एक यादगार और प्रेरणादायी सफलता में बदल दिया। इस समारोह ने पटमदा, पोखरी, बिरसा नगर और परसुडीह की चार उत्साही टीमों को एक साथ लाकर उभरते हुए हॉकी प्रतिभाओं को अपनी कौशलता दिखाने और खेल के प्रति अपने जुनून को जगाने का एक शानदार मंच प्रदान किया। पुरस्कार वितरण के दौरान, टीम पोखरी ने पूरे टूर्नामेंट में दबदबा बनाए रखते हुए चैंपियन का खिताब जीता। टीम पटमदा ने प्रथम उपविजेता स्थान हासिल किया, जबकि टीम बिरसा नगर ने द्वितीय उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। खेल भावना और ईमानदारी के उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में टीम परसुडीह को फेयरप्ले अवार्ड से सम्मानित किया गया।




# 2.15 लाख जमा पूंजी को नकारा

- दस्तावेज प्रस्तुत करने पर ब्रांच मैनेजर प्रीति दास के उड़े होश
- मामला अटल पेंशन योजना की
- भारतीय स्टेट बैंक की जादूगोड़ा शाखा की अजीबोगरीब कहानी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जादूगोड़ा।** भारतीय स्टेट बैंक देश की सबसे विश्वसनीय बैंकों की श्रेणी में समझी है। जिस पर खाता धारक आंख बंद कर विश्वास करते है,लेकिन समय के साथ-साथ बैंक कर्मियों की लापरवाही व अनुभव की कमी ने भारतीय स्टेट बैंक की साख पर बट्टा लगा रहे है। ऐसा ही एक अजीबोगरीब घटना घटी स्टेट बैंक की जादूगोड़ा शाखा में। मामला अटल पेंशन योजना से जुड़ा था। जादूगोड़ा की धर्मडीह की रहने वाली लाभुक रागिनी शर्मा के रिश्तेदार पास बुक लेकर बैंक में जमा अटल पेंशन योजना की जानकारी हासिल करने सर्विस मैनेजर के गए जहां जांचों उपरांत पहले तो अटक पेंशन स्कीम में किसी तरह की राशि जमा होने से इनकार कर दिया। बाद में बैंक कर्मी के समक्ष प्रमाण प्रस्तुत की गई तो बैंक कर्मी के होश उड़ गए। बाद में उसमें जमा राशि की जानकारी दी। इस बात बैंक कर्मी की इस गलती की अहसास कराने शाखा प्रबंधक प्रीति दास के पहुंचने पर उनका भी जवाब बच्चों जैसा था। वह कहती है गलत पोर्टल चेक करने से भूल हुई है। आगे कहती है यह अटक पेंशन योजना नहीं है। नेशनल पेंशन स्कीम है।



## एनआइटी जमशेदपुर में आज से सिंदूर विजय ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** हमारे सशस्त्र बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए, एनआईटी जमशेदपुर खेलो इंडिया और फिट इंडिया अभियान के बैनर तले 1-15 जून तक सिंदूर विजय ट्रॉफी नामक त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला की मेजबानी कर रहा है। यह श्रृंखला झारखंड डॉक्टर क्रिकेट एसोसिएशन (जेडीसीए) डॉक्टर्स इलेवन, लोयोला एलुमनस इलेवन और एनआईटी जमशेदपुर इलेवन के बीच एनआईटी जमशेदपुर के डाउन्स ग्राउंड में खेली जाएगी। श्रृंखला का उद्घाटन समारोह 31/05/2025 को एनआईटी जमशेदपुर में एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो आर वी शर्मा, एनआईटी जमशेदपुर के रजिस्ट्रार कर्नल डॉ एन के राय, डीन छात्र कल्याण डॉ आर पी सिंह और तीनों टीमों के टीम सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। समारोह में खेलो इंडिया और फिट इंडिया अभियान का प्रतिनिधित्व करते हुए संस्थान में सभी प्रकार की खेल गतिविधियों के लिए गणमान्य लोगों द्वारा प्रेरणा देखी गयी।

# एक्सएलआरआइ व आइएफक्यूएम की ऐतिहासिक साझेदारी
# भारत में क्वालिटी मैनेजमेंट शिक्षा को मिलेगा नया आयाम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारत की प्रमुख प्रबंधन संस्थान एक्सएलआरआइ-जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, जमशेदपुर ने इंडियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट (आइएफक्यूएम ) के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य देश में गुणवत्ता प्रबंधन शिक्षा, अनुसंधान और उद्योग-अकादमिक सहयोग को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना है।

यह रणनीतिक पहल शैक्षणिक ज्ञान और उद्योग में प्रचलित व्यवहारिक तकनीकों के बीच की दूरी को पाटने की दिशा में एक ठोस कदम मानी जा रही है। साझेदारी के माध्यम से केस स्टडी आधारित शिक्षण, नवीनतम प्रबंधन पद्धतियों और अनुभवी विशेषज्ञों की व्यावहारिक समझ का समावेश किया जाएगा, जिससे भारत के युवा प्रबंधक गुणवत्ता और उत्कृष्टता के क्षेत्र में वास्तविक परिवर्तन ला सकें। यह साझेदारी न केवल शिक्षा जगत, बल्कि उद्योग और समाज के लिए भी दीर्घकालिक प्रभाव का वाहक बनने की ओर अग्रसर है।

एमओयू के तहत एक्सएलआरआइ के स्नातकोत्तर छात्रों के लिए विशेष गुणवत्ता प्रबंधन पाठ्यक्रम विकसित किए जाएंगे, जिनमें लाइव प्रोजेक्ट, औद्योगिक भ्रमण, वास्तविक व्यवसाय समस्याओं पर आधारित केस स्टडी और आइएफक्यूएम विशेषज्ञों द्वारा संचालित सत्र शामिल होंगे। पाठ्यक्रम निर्माण और शिक्षण में एक्सएलआरआइ के प्रोफेसर और आइएफक्यूएम के अनुभवी पेशेवर मिलकर योगदान देंगे। यह पहल जून 2025 से शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र से लागू की जाएगी। इसका उद्देश्य छात्रों को गुणवत्ता प्रणाली और प्रदर्शन उत्कृष्टता की गहराई से समझ प्रदान करना है।


**एमओयू पर हस्ताक्षर करते एक्सएलआरआई के निदेशक व अन्य।**

## एक नजर में

### झारखंड बंगाली समिति का सांस्कृतिक कार्यक्रम



**जमशेदपुर।** झारखंड बंगाली समिति, जमशेदपुर शाखा द्वारा आयोजित सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम शनिवार, 31 मई को सुरेश चंद्र डे भवन, बिष्टुपुर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन शाखा कार्यकारी अधिकारी तपन कुमार सेनशर्मा ने किया। समाजसेवी एवं संस्था के संरक्षक शेखर डे को विशेष रूप से मंच पर आमंत्रित किया गया। उन्होंने रवीन्द्रनाथ टैगोर और काजी नजरुल इस्लाम के साहित्य एवं उनके योगदान पर अपने विचार साझा किए, जो श्रोताओं के लिए प्रेरणादायक रहे। कार्यक्रम में रवींद्र संगीत, कविताएँ, नजरूल पर भाषण और नृत्य प्रस्तुत किए गए। अदिति सेनगुप्ता सहित अन्य कलाकारों ने एकल एवं सामूहिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। समापन में नजरुल गीति 'दुर्गम गिरी कंदर मोरू' ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। धन्यवाद ज्ञापन सह-संपादक स्टोटा दासगुप्ता ने किया। आयोजकों ने सफल आयोजन के लिए सभी सहभागी एवं दर्शकों का धन्यवाद किया।

### छऊ नृत्य झारखंड की वीरता, कला और परंपरा का अनूठा संगम : जोबा माझी



**चक्रधरपुर।** टोकलो क्षेत्र के भरनिया गांव में दो दिवसीय छऊ नृत्य प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन हुआ। शनिवार को समापन के मौके पर सिंहभूम की सांसद जोबा माझी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रही। इस दौरान सांसद ने छऊ नृत्य का आनंद लिया और भव्य आयोजन के लिए स्थानीय जय मां पाउड़ी छऊ नृत्य समिति की प्रशंसा की। सांसद ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा छऊ नृत्य झारखंड की पहचान है, जिसमें वीरता, कला और परंपरा का संगम दिखता है। यह नृत्य अपनी ऊर्जा, रंग-बिरंगे मुखौटे और शक्तिशाली अभिव्यक्तियों के लिए प्रसिद्ध है। कहा कि चैत्र एवं मासांत पर्व आदि मौके पर कोल्हान समेत राज्य के कई हिस्सों में छऊ नृत्य का आयोजन होता है। खास बात है कि इस छऊ नृत्य में स्थानीय कलाकार अपनी कला प्रदर्शन करते है। छऊ नृत्य में भरनिया गांव के उपर एवं नीचे टोला के कलाकारों ने भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। मौके पर मुखिया सरिता गागराई, झामुमो नेता रामलाल मुंडा, कांग्रेस नेता सह पूर्व प्रत्याशी विजय सिंह सामाड, समाजसेवी गंगाराम गागराई, लखीराम सरदार, गुरूचरण नायक, जोहन सिंह सरदार, गंगाराम नायक, रतन सरदार व काफी संख्या में ग्रामीण दर्शन उपस्थित रहे।

### तमाड़ के किसानों के वाहनों पर जुर्माना लगाना सरासर गलत बात है : अर्जुन मुंडा



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को रांची से जमशेदपुर जाते समय बुंडू-तमाड़ क्षेत्र के किसानों से मुलाकात हुईअर्जुन मुंडा की । उन्होंने एक अत्यंत गंभीर समस्या से अवगत कराया। किसानों ने बताया कि इस क्षेत्र से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन पुआल लेकर रांची और आसपास की गौशालाओं में भेजे जाते हैं, जिससे पशुपालकों की जरूरतें पूरी होती हैं और स्थानीय हजारों परिवारों की आजीविका भी चलती है। परंतु प्रशासन द्वारा उन वाहनों पर लगातार भारी जुर्माना लगाया जा रहा है, जिससे किसान अत्यंत परेशान हैं। प्रतिदिन लगभग 100 से 150 गाड़ियां इस कार्य में संलग्न रहती हैं। यह स्थिति न केवल किसानों के परिश्रम का अपमान है, बल्कि उनकी आजीविका पर भी सीधा प्रहार है। प्रशासन की यह कार्रवाई अन्यायपूर्ण है। इस गंभीर विषय पर आज अर्जुन मुंडा जी ने परिवहन सचिव से वार्ता की और निर्देश दिए कि किसानों के वाहनों पर लगाये जा रहे जुमार्ने को अविलंब बंद करे । सरकार का यह कर्तव्य है कि वह अन्नदाताओं के साथ खड़ी हो, न कि उनकी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा करे। ये किसान वर्षों से यह कार्य निष्ठा के साथ करते आ रहे हैं और उनकी मेहनत का सम्मान किया जाना चाहिए, न कि उसे दंडित किया जाए।

### सोना देवी विवि बीएससी एग्रीकल्चर के विद्यार्थी समर इंटर्नशिप में सीख रहे हैं सहकारिता का पाठ



**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्वविद्यालय घाटशिला के बीएससी एग्रीकल्चर सेमेस्टर वन और टू के पांच छात्र छात्राएं समर इंटर्नशिप कर रहे हैं। इन्हें झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड, घाटशिला ब्रांच में कार्य अनुभव प्राप्त करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। शाखा प्रबंधक सुदेशना मुंडा ने बताया कि इन सभी इंटर्न को बैंकिंग प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। ग्राहक से सम्पर्क करने, खाता खुलवाने, फाईल मेंटेन करने के साथ साथ सरकार की ऋण योजनाओं की भी जानकारी दी जा रही है। इन्हें लैम्पस और पैक्स सिस्टम से भी अवगत कराया जायेगा। साथ ही इन्हें सहकारिता का अर्थ भी समझाया जा रहा है कि किस तरह मिलजुल कर एक दूसरे के सहयोग से आर्थिक विकास करने का प्रयास किया जाता है। सोना देवी विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर की विभागाध्यक्ष अर्चना सिंह ने यह जानकारी दी।

### एसडीएसएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस में सीबीएसई का दो दिवसीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण का समापन




**जमशेपुर।** एसडीएसएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस में दो दिवसीय प्रशिक्षण (30 मई और 31 मई 2025) का उद्घाटन समारोह सुरक्षा निर्देशन की घोषणा के साथ शुरू हुआ, जिसके बाद प्रतिनिधियों और स्कूल के स्थल निदेशक सह प्राचार्या द्वारा औपचारिक दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण उद्देश्यों के सफल संचालन और पूर्ति के लिए प्रारम्भ किया। उद्घाटन सत्र में स्थल निदेशक सह प्राचार्या श्रीमती मौसमी दास के स्वागत भाषण, सीबीएसई अनुभाग अधिकारी श्री राघवेंद्र कुमार द्वारा निदेशक का संदेश पढ़ने और संसाधन व्यक्ति (आरपीएस) श्री विपिन कुमार भार्गव और श्री शरद नौटियाल द्वारा क्रमश: परिचयात्मक भाषणों के साथ जारी रहा।

# मेगा हेल्थ कैंप से पुलिस व उनके परिजनों की विशेषज्ञ चिकित्सकों ने की जांच : एसपी

- पुलिस प्रशासन व लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर एवं लायंस फेमिना के संयुक्त तत्वावधान में मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन
- लायंस क्लब एक से बढ़कर एक समाज हित में कार्यक्रम प्रस्तुत करेगा : डॉ प्रवीण सिद्धार्थ

**खबर मन्त्र संवाददाता**





मेगा हेल्थ चेकअप कैंप के दौरान मंच पर उपस्थित पदाधिकारी, दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व एसपी को पौधा देते लोग।

**मेदिनीनगर।** पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के पहल पर लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर व लायंस फेमिना के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन पुलिस स्टेडियम में किया गया। जिसका उद्घाटन एसपी, सिविल सर्जन व अन्य चिकित्सकों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस मौके पर हड्डी रोग, नेत्र रोग, हृदय रोग, चर्म रोग, न्यूरो रोग, शिशु रोग, स्त्री रोग, इएनटी के विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ दंत चिकित्सक, जेनरल फिजिसियन के अलावे पैथोलोजी की व्यवस्था की गयी थी। इस कैंप में पलामू जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के पुलिसकर्मी, प्रभारी, वरीय पुलिस अधिकारी व इनके परिजनों को स्वास्थ्य जांच कर परामर्श देते हुए निःशुल्क दवा दिया गया। चिकित्कों द्वारा कई लोगों को जांच कर विशेष रूप से ईलाज कराने एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने का परामर्श दिया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने कहा कि पुलिसकर्मी अपनी छोटी छोटी रोगों को नजर अंदाज कर सेवा कार्य में लगे रहते हैं। साथ ही साथ इनके द्वारा अनदेखी किये जाने के कारण इन पुलिसकर्मियों के परिजन भी अपने रोग को सही समय पर चिकित्सक से दिखा नहीं पाते हैं। इसलिए इस मेगा कैंप में जितने भी पुलिसकर्मी व परिजन आये हैं उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का अवसर प्रदान हुआ है। यह पलामू जिला के लिए वरदान साबित होगा। इस मौके पर डा प्रवीण सिद्धार्थ ने कहा कि इस मेगा कैंप में स्थानीय विशेषज्ञ चिकित्सकों के अलावे रांची से भी कई चिकित्सक निःस्वार्थ भाव से अपनी सेवा प्रदान किये हैं। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब समाज हित में एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत करेगा। जिससे लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि हरित पलामू के तहत एक परिवार एक पौधा लगाये जाने की योजना है। इसके तहत लोगों के बीच निःशुल्क पौधा बांटा जायेगा।

### मौके पर ये रहे उपस्थित

मौके पर लायंस फेमिना के अध्यक्ष रेखा शर्मा, संगीता शंकर, अरविंदर कौर, बिंदु तुलस्यान, लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर लायन लिली मिश्रा, गुरबीर सिंह, वरुण जायसवाल, रंजन अग्रवाल, अमुक प्रियदर्शी, फिरोज अंसारी, ऋषिकेश दुबे, मुकेश अग्रवाल ,नीलेश चंद्र, गुरबीर सिंह, श्रीकांत कुमार, विकास शेट्टी, परिमल प्रसून, आनंद वर्धन, अनूप कुमार, मनोज सोनी, इंद्रजीत सिंह डिंपल, रोहित जैन, रणजीत मिश्रा, अभियान एसपी राकेश कुमार सिंह सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद, चित्रेश मिश्रा, डॉ. निरुपम कुमार, डॉ. प्रसून कुमार, डॉ. उदय कुमार, डॉ. रवीश कुमार,डॉ. गौरव विशाल, डॉ श्वेता शहर डॉ अनुपम डॉ. अभय कुमार, डॉ. निशांत कुमार, डॉ. सैफ,डॉ. विनीत सिंह, डॉ. मयंक, डॉ. आर. रंजन, डॉ. आनंद कुमार, नित्यानंद पाठक, डॉ. अलका शुक्ल, डॉ. सृष्टि गुंजन,डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ, डॉ. सर्वेश, मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक एवं प्रिंसिपल समेत कई लोग शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### हरिहरगंज की रविया इंटर साइंस परीक्षा में जिला टॉप 10 में शामिल



**हरिहरगंज पलामू।** जैक द्वारा जारी इंटर साइंस परीक्षा परिणाम में स्थानीय राजकीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय की छात्रा रविया खातून ने जिला टाप 10 में नवम स्थान हासिल किया है। उसे कुल 500 में456 अंक 91.20 प्रतिशत प्राप्त हुआ है। रविया शहरी क्षेत्र के अररुआ खुर्द निवासी नाना हाजी इलियास हुसैन के घर रहकर पढ़ाई करती है। उसने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय तथा इनोवेटिव स्मार्ट क्लासेस के शिक्षकों को दिया है। वह डॉक्टर बनना चाहती है। उधर इनोवेटिव स्मार्ट क्लासेस के संचालक इंजीनियर वाल्टर सर ने रविया को घर आकर स्मृति चिह्न देते हुए बधाई दी है। सफलता पर पिता इम्तियाज आलम, मां रशीदा खातून, अतहर हुसैन, फहीम अख्तर, मुमताज आलम व कई लोगों ने बधाई दी है।

### सुजीत कुमार रवि बनाये गये अध्यक्ष



**मनातू (पलामू)।** प्रखंड के भीम आर्मी अध्यक्ष का चुनाव में सुजीत कुमार रवि को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। उन्होंने कहा कि शोषित वंचितों की आवाज बनेंगे। उनके हक व अधिकार के लिए संघर्ष करेंगे। मनातू के भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारी पार्टी के उद्देश्य के बारे में बताये। मौके पर भीम आर्मी वरिय उपाध्यक्ष पलामू अबूदरदा खान, अशोक अंबेडकर, पार्टी अध्यक्ष अफजल खान, परमेश्वर राम भी थे।

### बिश्रामपुर में युवक ने लगा ली फांसी

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नप मुख्यालय के ब्लॉक रोड स्थित घर से एक 18 वर्षीय युवक का शव फंदे से झूलता मिला है। पहचान पड़वा थाना क्षेत्र के शखोई निवासी विजय साव के छोटे पुत्र ओम के रूप में हुई है। घटना शनिवार दोपहर की है। ओम बड़े भाई गौतम के साथ बिश्रामपुर ब्लॉक रोड में एक किराये के मकान में रहता था। मृतक ठेला पर चना- भूंजा व मूंगफली बेचता था। वहीं बड़ा भाई एक कंपनी में है। गौतम शनिवार को शाम छह बजे लौटा तो किवाड़ बंद था। काफी आवाज लगाने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो उसने जोर से धक्का दिया तो किवाड़ खुल गया। अंदर ओम का शव नायलून की रस्सी से झूलता मिला। तत्काल इसकी सूचना बिश्रामपुर पुलिस को दी गयी।

### सिविल सर्जन ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरसिंहपुर पथरा का किया निरीक्षण



**मेदिनीनगर।** पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने नरसिंहपुर पथरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर का गहनता पूर्वक जांच की। जहां पर तीन एएनएम व प्रभारी मौजूद पाये गये। उन्होंने दवा भंडारण कक्ष में रखे हुए सभी दवा का गहनता पूर्वक जांच की। सिविल सर्जन ने कई दवा ऐसे पाये जो आनेवाले कुछ समय में एक्सपायर कर जायेंगे। वैसे दवाओं को शीघ्र खपत करने का निर्देश दिया।

### तंबाकू निषेध दिवस पर विचार गोष्ठी

**मेदिनीनगर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी हुई। जिसकी अध्यक्षता मोर्च अध्यक्ष उदय राम ने की। संचालन संजय कुमार ने किया। उदय ने कहा कि तंबाकू स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। भारत में तम्बाकू सेवन से प्रति वर्ष 80 लाख लोगों की मौत होती है। मौके पर शिवनरायण साव, कृष्णा राम, जयपाल मोची, संजय मिस्त्री, संतोष विश्वकर्मा, शतीश दुबे, संजय राम, उमेश पासवान, राजू राम, मोनू सिंह भी थे।

### रेहला : सफाई के नाम पर सोने की चेन और अंगूठी लेकर दो ठग फरार


**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थाना क्षेत्र के डंडिला खुर्द गांव में ग्रासिम फैक्ट्री रोड किनारे स्थित एक घर से दो ठगों ने जेवरात साफ करने के नाम पर सोने की दो चेन व एक अंगूठी लेकर फरार हो गये। घटना शनिवार दोपहर की है। जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर एक अपाची बाइक से दो लोग रामकिशोर मिश्रा के घर पहुंचे और बताया कि वे आयुर्वेदिक दवा बेचते हैं। साथ ही सोने के गहने भी साफ करते हैं। ठगों के झांसे में आकर महिलाओं ने सोने की दो चेन व एक अंगूठी साफ करने के लिये दे दिया। इसी बीच महिलाएं घर के अंदर कुछ काम से चली गयी और इसी बीच दोनों ठग जेवरात लेकर मोटरसाइकिल से फरार हो गये।

### बिजली की आंखमिचौनी से परेशान लोगों ने दी कनेक्शन हटाने की चेतावनी



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों नियमित बिजली नहीं मिलने से शहर व ग्रामवासी परेशान हैं। इस भीषण गर्मी में भी लोगों को नियमित बिजली नहीं मिल रही है। शहरवासी व ग्रामीण जाग कर रात बिताने को विवश हैं। ऐसे में सरकार का 23 घंटे बिजली देने का दावा पूरी तरह फेल है। कभी 12 घंटे से अधिक बिजली नहीं रहती है। वहीं लंबे समय तक बिजली की आपूर्ति ठप रहने व कर्मियों की लापरवाही से आमजनों में रोष उत्पन्न होने लगा है। इसे लेकर राजीव रंजन, विश्वदीप कुमार, दिनेश स्वर्णकार, शंभू यादव, मृत्युंजय सिंह सहीत कई बिजली उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर बिजली की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो सामूहिक रूप से विद्युत कनेक्शन का त्याग करेंगे।

### हैदरनगर देवीधाम में हुई महाआरती



**हैदरनगर पलामू।** स्थानीय देवी धाम में शुक्रवार को महाआरती की गयी। मौके पर पुरुष की अपेक्षा अधिक महिलाएं शामिल होकर मां का आशीर्वाद प्राप्त किये। साथ ही सुख समृद्धि ब शांति की कामना की। शुक्रवार को मंदिर को फूल माला से आकर्षक ढंग से सजाया गाया था जिससे माहौल भक्तिमय हो गया था। इस विशेष अवसर पर दुकानदार कृष्णा लाल अग्रवाल तथा पत्नी मुन्ना देवी यजमान के रूप मे उपस्थित हुए। महाआरती की अगुवाई पंडित सतेन्द्र दुबे ने यजमान को विधि विधान से पूजा करायी। पंडित दुबे ने कहा कि मां भगवती धाम की कृपा आपार है जो भक्त सच्चे मन से यहां पूजा अर्चना करने आते हैं उनकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

सांसद की अध्यक्षता में हुई एक देश एक चुनाव मुद्दे पर प्रबुद्ध जनों के साथ संगोष्ठी

# सभी ने एक स्वर में एक देश, एक चुनाव पर दिया अपना पूर्ण समर्थन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



संगोष्ठी में शामिल पदाधिकारी व अन्य लोग।

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में प्रबुद्धजनों के साथ एक राष्ट्र, एक चुनाव के मुद्दे पर होटल ज्योति लोक के सभागार में वृहत संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहाँ लोगों ने उक्त विषय पर बारी -बारी से क्रमशः अपने मंतव्यों को रखा। उक्त मौके पर सभी ने एक स्वर से एक देश, एक चुनाव पर बल दिया। मौके पर सांसद श्री राम ने कहा कि एक देश एक चुनाव का उद्देश्य है कि चुनावी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया जाए और चुनावों की आवृत्ति को कम किया जाए, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। कहा कि यह विचार वर्ष 1983 से ही अस्तित्व में है, जब निर्वाचन आयोग ने पहली बार इसे पेश किया था। हालांकि वर्ष 1967 तक भारत में एक साथ चुनाव आयोजित कराना एक सामान्य परिदृश्य रहा था। लोकसभा के प्रथम आम चुनाव और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव 1951-52 में एक साथ आयोजित कराये गये थे। यह अभ्यास वर्ष 1957, 1962 और 1967 में आयोजित अगले तीन आम चुनावों में भी जारी रहा। लेकिन वर्ष 1968 और 1969 में कुछ विधानसभाओं के समय-पूर्व विघटन के कारण यह चक्र बाधित हो गया।

कहा कि बार-बार चुनाव आयोजित होने से शीर्ष नेताओं से लेकर स्थानीय प्रतिनिधियों तक पूरे देश का ध्यान भटक जाता है, जिससे विभिन्न स्तरों पर प्रशासन एक तरह से पंगु हो जाता है। यह चुनावी व्यस्तता भारत की विकास संभावनाओं पर नकारात्मक प्रभाव डालती है और प्रभावी शासन में बाधा उत्पन्न करती है। चुनावों के दौरान लागू आदर्श आचार संहिता राष्ट्रीय और स्थानीय दोनों स्तरों पर प्रमुख नीतिगत निर्णयों में विलंब का कारण बनती है।

# तपती धूप में नल-जल का काम अधूरा होना सिस्टम की अनदेखी: जिप सदस्य

- पेयजल मुद्दे पर जनसुनवाई में कई प्रतिनिधि हुए शामिल
- नल जल योजना मनातू में पूरी तरह से दुरुस्त नहीं हुआ तो कोर्ट में करेंगे पीआईएल : अफजल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रंगिया पंचायत के जंगली क्षेत्र धनकाही गांव के कई महिलाएं एवं पुरुषों ने नल जल योजना के गांव में काम नहीं होने के बारे में शिकायत की एवं संवेदक ठेकेदार पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। मनातू प्रखंड में संयुक्त ग्राम सभा के तहत, हर घर नल जल योजना सिर्फ कागज पर ही सिमटा दी गयी। मनातू ब्लॉक का घेराव कार्यक्रम में शामिल हुए कई गांव के ग्रामीण हो रहे पानी की समस्या व किल्लत के बारे में बेवाकी से बात रखी। कहा कि चिड़ी खुर्द, जसपुर, झांटी, गौरवा, कुंडलपुर, राज्खेता, कुसहा, सिंहटूटा धनकाही जैसे जगहों पर गंदा पानी पीने को मजबूर कई आदिवासी एवं दलित परिवार है दलित, आदिवासी परिवार। मनातू जिप सदस्य प्रदीप कुमार पेयजल के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि मनातू प्रखंड में नल जल योजना सिर्फ दिखावा है। काम के नाम पर अधिकारी सिर्फ खानापूर्ति किए हैं। सिर्फ कागज पर ही नल जल योजना के सारे पैसे को बंदर बाट किया है ठेकेदार के ऊपर निश्चित रूप से कार्रवाई होनी चाहिए।

**मनातू (पलामू)।** पेयजल मुद्दे पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन मनातू प्रखंड परिसर में किया गया। मनातू प्रखंड के पांच पंचायत में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नल जल योजना हर घर को 300 सो डिप बोर पाइप के माध्यम से नल के द्वारा जल देने की थी लेकिन मनातू प्रखंड के कई पंचायत में अभी तक इसका लाभ नहीं मिला है। ग्रामीणों का आरोप है कि कहीं नल नहीं लगा तो कहीं बोर नहीं हुआ कहीं पाइप नहीं बिछा तो कहीं सोलर नहीं लगा तो कहीं मीनार खड़ा नहीं हुई है। ऐसी ऐसी कई समस्याओं से अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्र गोरवा के कई ग्रामीणों ने नदी का पानी सेवन करते हैं और वही पानी को बोतल में लाकर अधिकारी को बताया। कहा कि हम लोग यही पानी पीते हैं चाहे हम जीवित रहे या नहीं हम यही पानी को सेवन करते हैं अधिकारी इस बात को सुनकर दंग रह गए कहा दबंग ठेकेदार के ऊपर निश्चित रूप से कार्रवाई होनी चाहिए।

### ग्राम संगठन ने किया शौचालय का निरीक्षण



**पाटन पलामू।** रुदीडीह पंचायत के दिपौवा में चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान के अंतर्गत शौचालय को क्रियाशील बनाने एवं दैनिक उपयोग में लाने के लिए ग्राम संगठन ने सखी मंडल के सदस्यों का शौचालय निरीक्षण किया। मौके पर माहवारी स्वच्छता, शौचालय साफ सफाई और उपयोग को बताया गया। मौके पर सुधार उप समिति सदस्यों में पूजा देवी, चिंता देवी, संख्या देवी, गायत्री देवी थे।

### इंटर साइंस में प्रखंड की सेकंड टॉपर बनी सानिया



**हरिहरगंज पलामू।** जैक के इंटर साइंस परीक्षा परिणाम में राजकीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय की छात्रा सानिया ने प्रखंड में दूसरा स्थान हासिल किया है। उसे 447 अंक (89.40) प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। समाजसेवी सह व्यवसायी रॉबर्ट गुप्ता तथा गृहणी निशा गुप्ता की पुत्री सानिया डॉक्टर बन समाजसेवा करना चाहती है। उसने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों तथा माता पिता को दी है। उसे शंकर गुप्ता, चुलबुल गुप्ता, भरत सिंह अशोक गुप्ता, बीनू जायसवाल, प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी ने बधाई दी।

# पांकी विधायक के जिला प्रतिनिधि ने किया योजनाओं का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पांकी पलामू।** विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता के जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता ने कल्याण विभाग मद से बनई गांव में चेडी देव स्थल निर्माण एवं श्मशान घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर किया। इसके उपरांत आसेहार में श्मशान घाट एवं सूडी गांव में बीर कुंवर देव स्थल का भी शिलान्यास किया। मौके पर स्थानीय लोगों ने विधायक प्रतिनिधि को फूल माला देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर जिला प्रतिनिधि ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने जिस उम्मीद से आशीर्वाद देकर लगातार दूबारा प्रतिनिधित्व का मौका दिया है। उस पर खरा उतरने का वे हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। विकास योजनाओं शत प्रतिशत धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत कल्याण विभाग मद से विधानसभा क्षेत्र के कई देव स्थलों की चहारदीवारी एवं श्मशान घाट निर्माण कार्य शुरू कराया जा रहा है।

# चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान को लेकर प्रखंड कार्यालय में हुई बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के तहत चुप्पी तोड़ो,स्वस्थ रहो अभियान को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ राजीव कुमार सिंह ने की और संचालन प्रखंड समन्वयक अमन शुक्ला ने किया। बैठक में चुप्पी तोड़े स्वस्थ रहो अभियान के उद्देश्य के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के रूप रेखा से भी लोगों को अवगत कराया गया। बीडीओ राजीव कुमार सिंह ने कहा कि महिला स्वास्थ्य के लिये माहवारी बेहद महत्वपूर्ण विषय है इसलिए इसके प्रति जागरूकता फैलान बेहद जरूरी है। जानकारी के अभाव तथा चुप्पी के कारण महिलाओं व खासकर युवतियों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होती है जिसे दूर करने के लिये इस विषय पर फोकस करने की आवश्यकता है। ताकि अभियान का सकारात्मक परिणाम आये। अमन शुक्ला ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के किशोरियों और महिलाओं में माहवारी संबंधी जागरूकता और स्वच्छता में अभी और सुधार लाने की जरूरत है।

### जनता का विश्वास और सहयोग ही हमारी प्रेरणा



**पांडू पलामू।** मुखिया संघ की अध्यक्ष प्रियंका सिंह के पति अविनाश सिंह उर्फ सिंटू गरीबों के मसीहा हैं। वे प्रतिदिन ग्रामीणों की समस्या सुनते और उसे सुलझाते हैं। श्री सिंह ने कहा कि जनता हमारी भगवान है। हमने उनके हर दुःख सुख में रहने का संकल्प लिया है। कहा कि मुझे तो सुकून तब मिलता है जब एक दूसरे प्रखंड से लोग मेरे पास आशा के साथ पहुंचते हैं।

# रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं होता है : रीष्मा रमेसन

- पुलिस अधीक्षक ने किया रक्तदान, इनकी प्रेरणा से कई लोगों ने किया रक्तदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पुलिस स्टेडियम में शनिवार को निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के सफलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने रक्तदान शिविर लगाने का निर्णय लिया। इसके लिए उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि जितना जल्द हो रक्तदान टीम को लाया जाये। इस पर तीव्र गति से कार्य करते हुए सिविल सर्जन ने चलंत रक्तदान टीम को पुलिस स्टेडियम में स्थापित कराया। जहां पर सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने एक यूनिट रक्तदान किया।

### 12वीं में ऑक्सब्रीज स्टार के सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण

**मेदिनीनगर।** शहर के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान ऑक्सब्रीज स्टार ने इस वर्ष एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता साबित की है। इस बार संस्था से 556 छात्र-छात्राएं 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से लगभग सभी ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की है। संचालक राहुल चतुर्वेदी ने जानकारी दी कि अब तक जिन विद्यार्थियों ने अपने अंक साझा किये हैं, सभी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। छात्रों ने न केवल अंग्रेजी बल्कि सभी विषयों में उम्दा प्रदर्शन किया है।

# समाज की एकजुटता के लिए शैक्षणिक और सामाजिक विकास जरूरी : राजेंद्र

- पाल समाज ने अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनायी
- टाउन हॉल में हुआ कार्यक्रम, समाज के लोक कलाकारों ने समा बंधा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** पाल (गरेड़िया) समाज ने कर्पूरी मैदान के समीप टाउन हॉल में अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती समारोह मनाया। कार्यक्रम के पूर्व अतिथियों और समाज के प्रबुद्ध लोगों ने अहिल्याबाई की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। अध्यक्षता रोहित व संचालन नागेंद्र पाल ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व वार्ड पार्षद राजेंद्र पाल ने कहा कि एक साधारण परिवार से निकलकर अहिल्याबाई ने कुशल प्रशासक और समाजसुधारक के रूप में एक मिशाल कायम की उनके द्वारा समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिये गए कार्य आज भी प्रेरणा का श्रोत है।

### सेल्फ सर्वे लाभुकों का 15 तक करें सत्यापन कार्य



**मेदिनीनगर।** डीडीसी शब्बीर अहमद ने शनिवार को अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कार्य प्रगति की समीक्षा की। समाहरणालय के ब्लॉक-सी अवस्थित सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने आवास योजना के कार्यों में लक्ष्य के विरुद्ध अपेक्षित प्रगति का निर्देश दिया। अबुआ आवास की कार्य प्रगति की समीक्षा के दौरान उन्होंने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त भुगतान के पश्चात 60 या उससे अधिक दिनों से लम्बित प्लिंथ, लिंटर एवं पूर्ण आवास का जियो टैग अधिक- से -अधिक संख्या में करने का सख्त निदेश दिया। उन्होंने न्यूनतम प्रगति वाले 100 पंचायत सचिवों एवं प्रखंड आवास समन्वयकों पर होगी कार्रवाई की चेतावनी दी।

पर्यावरणविद ने गरीब कन्याओं की करायी शादी, कन्या व पौधा दान कर की विदाई

# गरीब भगवान के दूसरे स्वरूप : डॉ कौशल

- पर्यावरण धर्म के तहत डॉ कौशल ने दहेज में वर- वधु व बारातियो को पौधा दान कर किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कन्यादान व पौधा दान करते पर्यावरणविद डॉ कौशल।

**छतरपुर पलामू।** जिले के छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत आस्था का केंद्र चेगौना धाम परिसर स्थित विवाह मंडप में शुक्रवार को विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने इस वर्ष भी छतरपुर पूर्वी क्षेत्र के गरीब अनाथ कन्याओं की शादी कराकर स्वयं कन्यादान कर न सिर्फ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया बल्कि समाजसेवा का एक मिसाल कायम किया। छतरपुर अनुमंडल के तेलियाडीह निवासी स्व नंदू राम की पुत्री रूबी कुमारी की शादी पिपरा के भैरों राम के पुत्र गुड्डू राम के साथ सम्पन्न कराकर स्वयं कन्यादान भी किया। डॉ कौशल ने सनातनी धर्म के साथ वृक्ष देव की भी पूजा कराई और पर्यावरण धर्म के तहत सभी बारातियों को दहेज में प्रदूषण का शत्रु पौधों का दान करते हुए कहा कि दहेज में मिले सामानों से केवल वर- वधु और उसके परिवार को ही उसका लाभ मिलता है परंतु पौधा रूपी दहेज बरातियों को देने से धरती और ब्रह्मांड के 84 लाख जोनी जीवो को लाभ मिलता है। इससे प्रदूषण का खत्मा होता है। पर्यावरणविद ने सभी बरातियों को पौधा दान करने के उपरांत उन्हें पर्यावरण धर्म के तहत 8 मूलज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। मौके पर कुंती कुंवर, नरेश राम, रिंकू कुमारी, प्रमोद राम मानदेव राम, अरुण राम, देवव्रत राम, सुनैना देवी, राजद नेता शिवनंदन यादव डाली के पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी, जुबेर अंसारी, सत्य सिंह, सुदीप राम, परशुराम, गोलू राम, पप्पू विकास राम, यशोदा देवी, हरेंद्र कुमार, अजय राम, रामावतार राम, प्रेम देवी आदि शामिल थे।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एसपी समेत अन्य ने ली शपथ

- धूम्रपान करना कई गंभीर रोगों को आमंत्रण देना है : एसपी
- धूम्रपान मानव जीवन के लिए काफी खतरनाक है : सिविल सर्जन अनिल सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारी।

**मेदिनीनगर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सिविल सर्जन के प्रयास से पुलिस स्टेडियम में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौका था निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने उपस्थित लोगों को तंबाकू निषेध का शपथ दिलाया। इस मौके पर एसपी ने कहा कि तंबाकू का सेवन लोग न करें और ना ही दूसरों को करने दें। इससे दूर रहकर व्यक्ति स्वयं को ही नहीं बल्कि अपने परिवार, मित्रों व समाज को भी घातक रोगों से बचाने का प्रयास करता है। तंबाकू कई गंभीर रोगों को आमंत्रण देता है। जिस कारण लोग असमय कई गंभीर रोगों से ग्रसित होते हुए परिवार जनों के लिए पीड़ादायी बन जाते हैं। इस मौके पर सिविल सर्जन डा अनिल कुमार ने कहा कि तंबाकू उत्पादों की आकर्षक पैकेजिंग व फलेवर तथा प्रचार प्रसार में आकर युवा पीढ़ी के साथ व्यस्क लोग भी इसका शिकार हो रहे हैं जो नुकसान दायक है। कहा कि धुम्रपान के सेवन करने से कैंसर, लीवर, किडनी, हृदय रोग समेत कई गंभीर रोगों से लोग ग्रसित हो रहे हैं।

स्पीड न्यूज

## अवैध खनन पर एसपी से लिखित शिकायत

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के टड़हे गांव के ग्रामीणों ने बांकी नदी से हो रहे अवैध बालू खनन के खिलाफ पुलिस अधीक्षक को एक लिखित आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव के ही कुछ बालू माफिया द्वारा बांकी नदी से भारी मात्रा में बालू उठाव कर उसे मेराल, रमना, नगर उंटारी, विशुनपुरा और बरडीहा प्रखंड क्षेत्रों में हजारों रुपए ट्रॉली के हिसाब से बेचा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बालू उठाव के कारण नदी का अस्तित्व संकट में पड़ चुका है और पानी की सतह भी लगातार नीचे जा रही है। जब ग्रामीण इसका विरोध करते हैं तो बालू माफिया उन्हें धमकी देते हैं। इस शिकायत पत्र में पंचायत की मुखिया इंदू देवी, बीडीसी फुलमती देवी सहित ग्रामीण उमेश यादव, सदाम अंसारी, इंद्रजीत यादव, राम किशुन साह, राहुल शर्मा, विजय शर्मा, राजेश्वर यादव आदि ने हस्ताक्षर किये हैं।

## डंडई : वज्रपात से दो मवेशियों की मौत

**डंडई।** थाना क्षेत्र के बैरियादामर गांव के वार्ड नंबर 1 में आकाशीय बिजली गिरने से लिप्टस के पेड़ से बंधे दो मवेशियों की मौत हो गई। यह घटना सुबह 4 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 1 निवासी कृषक नेजाम अंसारी पिता अजमुद्दीन अंसारी प्रतिदिन की तरह अपने घर के पास लिप्टिस के पेड़ से अपने दो बैलों को बांधकर रखा था। रात में हुई तेज बारिश के दौरान उक्त पेड़ पर वज्रपात हो गया, जिससे दोनों बैलों की मौके पर ही मौत हो गई। किसान नेजाम अंसारी के पास खेती के लिए यही दो बैल थे जिनके सहारे वह अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। अब खेत में बुआई का समय आने पर भी वह खेती नहीं कर पाएगा, जिससे उसके सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और पीड़ित कृषक को हर संभव सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा दिया।

## अंधेरे में गांव, विधायक से लगायी गुहार

**केतार।** बाजार स्थित कपूरीं गेट के पास शुक्रवार शाम 25 केवी का ट्रांसफॉर्मर जल जाने से पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया। इससे न केवल बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, बल्कि ग्रामीणों की दिनचर्या भी बुरी तरह प्रभावित हो गई है। उमस भरी गर्मी में बिजली का जाना लोगों के लिए किसी आपदा से कम नहीं है। विधायक ने बिजली विभाग को निर्देशित किया है कि क्षेत्र में जल्द से जल्द नया ट्रांसफॉर्मर लगाया जाए, ताकि आम जनजीवन फिर से सामान्य हो सके।

## आहर सुंदरीकरण में न हो राजनीति : अभिषेक

**मेदिनीनगर।** वार्ड नंबर 17 के भावी प्रत्याशी अभिषेक तिवारी ने समदा आहर सुंदरीकरण मामले में वर्तमान विवाद को लेकर कहा कि जनहित के मुद्दे पर राजनीति नहीं समस्या का समाधान कराकर क्षेत्र के विकास की बात होनी चाहिए। उन्होंने कि नगर निगम बनने से पहले से ही मैंने 2016 से ही उपायुक्त पलामू, सदर सीओ मेदिनीनगर के पास, समदा आहर के सुंदरीकरण और गहरीकरण की मांग के साथ ही अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर आवाज उठाया है। कहा कि फिलहाल पिछले दिनों हल्का बारिश होने की वजह से समदा आहार से छेछानी टोला जाने वाले मुख्य सड़क पर कीचड़ जम जाने से दलदल होने के कारण सड़क से गुजरने वाले मुसाफिरों को, वार्ड वासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# इंटर साइंस में 71.36 प्रतिशत विद्यार्थी सफल, ज्योति शुक्ला बनी टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** झारखंड अधिविद्य परिषद ने इंटरमीडिएट (विज्ञान वर्ग) परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित कर दिया है। रा. कृत +2 उच्च विद्यालय भवनाथपुर से कुल 236 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था, जिनमें से 167 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए हैं। विद्यालय का कुल पास प्रतिशत 71.36 प्रतिशत रहा।

इस बार की प्रखंड टॉपर ज्योति शुक्ला बनीं, जिन्होंने 500 में से 445 अंक (89 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान आदित्य नंदन ने 417 अंक (83.40 प्रतिशत) के साथ हासिल किया, जबकि तृतीय स्थान रामू कुमार पाल ने 408 अंक (81.60 प्रतिशत) के साथ प्राप्त किया।


ज्योति को मिठाई खिलाते माता-पिता।

विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार उपाध्याय ने इस सफलता को विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम बताया। उन्होंने आगामी वर्षों में और बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई। टॉपर ज्योति शुक्ला ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और विद्यालय के शिक्षकों को दिया। ज्योति शुक्ला, जो घनश्याम शुक्ला और अर्चना शुक्ला की दूसरी पुत्री है, ने बताया कि वह आगे यूपीएससी की तैयारी करना चाहती हैं और आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं।

## स्कूल टॉपर शगुफ्ता बनेगी डॉक्टर

**डंडई।** झारखंड जैक 12वीं बोर्ड इंटरमीडिएट साइंस की परीक्षा में डंडई प्रखंड के लवाहीकलां उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान लड़कियों ने ही हासिल किया। विद्यालय का पहला टॉपर शगुफ्ता नाज रही, जिन्होंने 85 प्रतिशत अंक के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं, हर्षिता केशरी ने 81 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया और सुप्रिया कुमारी 76.80 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही। शगुफ्ता नाज का सपना डॉक्टर बनने का है और इसके लिए उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और स्कूल की पढ़ाई के साथ-साथ घर पर की गई सेल्फ स्टडी को अहम बताया। शगुफ्ता ने बताया कि वह स्कूल के होमवर्क के अलावा घर पर लगभग 4 घंटे सेल्फ स्टडी करती थीं, जिससे उन्हें सफलता मिली। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अमिताभ कुमार, विजय प्रजापति, मलय सिंह, बलराम कुमार, सुरेश राम सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शगुफ्ता और अन्य टॉपर्स को बधाई दी और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।


शगुफ्ता नाज।

# झामुमो ने अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनायी


कार्यक्रम में उपस्थित झामुमो नेता और कार्यकर्ता।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और कार्यकताओं ने समाज सुधारिका और जननायिका अहिल्याबाई होलकर की जयंती को धूमधाम से मनाया। टाउन हॉल स्थित अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा स्थल पर झामुमो के जिला कमिटी ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष शंभु राम ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि झारखंड राज्य में अहिल्याबाई होलकर की पहली प्रतिमा गढ़वा जिले में स्थापित की गई है। बताया कि कई जनप्रतिनिधियों ने चुनावी वादों में इस मुद्दे को उठाया, लेकिन उसे बाद में भुला दिया गया। पूर्व विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर का आभार व्यक्त करते हुए शंभु राम ने बताया कि उन्होंने विधायक बनने के बाद इस दिशा में गंभीर प्रयास किए और अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा सहित कई महापुरुषों की मूर्तियों की स्थापना की। कोषाध्यक्ष चंदन जायसवाल ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा ने गढ़वा जिले से कई बार चुनाव लड़ा और विधायक बनाए, लेकिन कभी भी किसी महान विभूति की प्रतिमा स्थापित नहीं की। सचिव शरीफ अंसारी ने मिथिलेश ठाकुर की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने गढ़वा को सामाजिक चेतना और ऐतिहासिक विरासत के प्रतीक स्वरूप कई महापुरुषों की प्रतिमाओं से सजाया है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि हर वर्ष अहिल्याबाई होलकर की जयंती को इसी तरह श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जाएगा। मौके पर गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष फुजैल अहमद, आशीष अग्रवाल, मनीष कमलापुरी, सुजीत चंद्रवंशी, अमित सिंह, वंदना जायसवाल, राजा सिंह, संजय अग्रहरी, मकसूद आलम, बबलू दुबे, सलीम जाफर मौजूद थे।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर अधिकारियों ने ली शपथ


विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू का उपयोग नहीं करने की शपथ लेते अधिकारी व पदाधिकारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शनिवार को समाहरणालय सभागार में शपथ ग्रहण समारोह मनाया गया। डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के वरीय पदाधिकारी, कार्यालय प्रमुख और कर्मचारी मौजूद रहे। समारोह में सबने संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में कभी कोई तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करेंगे और दूसरों को भी इससे दूर रहने को प्रेरित करेंगे। साथ ही, तंबाकू के दुष्प्रभावों से पर्यावरण को बचाने में भी सहयोग देने का संकल्प लिया गया। मौके पर एसी राज महेश्वरम, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडेय, जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार सहित कई अधिकारी व पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**मेराल।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शनिवार को प्रखंड के आयुष्मान आरोग्यं मंदिर लातदाग में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पोषक क्षेत्र के कई गांवों से काफी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ शशांक कुमार ने तंबाकू से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया और तंबाकू से दूरी बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई। मौके पर डॉ शशांक ने कहा कि तंबाकू मीठा जहर की तरह है जो किसी भी व्यक्ति की जिंदगी को बर्बाद कर देता है। उन्होंने बताया कि तंबाकू से कैंसर जैसी गंभीर और लाइलाज बीमारियां हो सकती हैं, और इसकी चपेट में आने वाला व्यक्ति केवल खुद नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार को भी बर्बाद कर देता है। कार्यक्रम में गोंदा के पूर्व मुखिया और भाजपा नेता प्रकाश कुमार अरुण, बीडीसी कृष्णदेव प्रजापति, विकास दुबे सहित अन्य नेताओं ने भी तंबाकू के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला और लोगों से इससे बचने की अपील की। मौके पर स्वास्थ्य सहिया पूनम देवी, कविता देवी, भोपाल सिंह, भवर साह, अमरावती देवी व कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### सरकारी योजनाओं से वंचित है विकलांग दंपति



**कांडी।** प्रखंड के डुमरसोता में विकलांग छोटन पासवान और उनकी पत्नी सरकारी योजनाओं से अब तक वंचित हैं। रोज साइकिल पंचर बनाकर परिवार चलाने वाले छोटन को न विकलांग पेंशन, न राशन कार्ड, न आवास योजना और न मंईयां सम्मान योजना का लाभ मिला है। उनकी बदहाली देख समाजसेवी शशांक शेखर द्विवेदी ने उनसे मिलकर मुख्यमंत्री से मदद की गुहार लगायी। श्री शेखर ने कहा कि अगर ऐसे लोगों तक योजनाएं नहीं पहुंचीं तो सिस्टम पर सवाल उठना लाजिमी है। बारिश से पहले अगर इन्हें आवास नहीं मिला तो हालात और बदतर हो सकते हैं। मुखिया राजेश्वर विश्वकर्मा ने बताया कि अब उनका विकलांग पेंशन बन गया है, बाकी लाभ भी जल्द मिलेगा।

### भुगतान नहीं होने पर किसान मित्र हड़ताल पर



**कांडी।** प्रखंड के सभी किसान मित्र 2024-25 की प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं होने से नाराज होकर 31 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये। शनिवार को किसान मित्रों ने सीओ राकेश सहाय को ज्ञापन सौंप कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित प्रोत्साहन राशि का भुगतान लंबे समय से नहीं हुआ है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गयी है। बताया कि प्रदेश कमेटी के दिशा-निर्देश पर वे अपनी मांगों के समर्थन में हड़ताल पर हैं और जब तक समाधान नहीं होता, तब तक कार्य बहिष्कार करेंगे। कहा कि भविष्य की दिशा-निर्देश प्रदेश कमेटी से प्राप्त सूचना के अनुसार दी जायेगी।

### गरीबों के लिए खुला नि:शुल्क सत्तू बैंक



**गढ़वा।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के सम्मान में समाजसेवी शौकत खान ने गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से गरीब, असहाय, दिहाड़ी मजदूर, रिक्शा, ऑटो, ठेला चालक व आम राहगीरों के लिए गढ़वा में नि:शुल्क सत्तू बैंक की शुरूआत की है। यह सेवा इन दिनों जरूरतमंदों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। मौके पर शौकत खान ने बताया कि वे वर्ष 2015 से लगातार कपड़ा बैंक, चावल बैंक, पुस्तक बैंक और सत्तू बैंक जैसी सामाजिक सेवाओं का संचालन करते आ रहे हैं। गर्मी को देखते हुए उन्होंने कुछ दिन पहले पुन: सत्तू बैंक शुरू किया है, जहां हर दिन सैकड़ों लोग आकर ठंडा और पौष्टिक सत्तू जूस पीकर अपनी भूख मिटा रहे हैं।

# अहिल्याबाई की जयंती पर पाल महासभा ने किया माल्यार्पण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती के अवसर पर गढ़वा जिला पाल महासभा ने चिनिया मोड़ स्थित नीलांबर-पीतांबर बहुउद्देशीय नगर भवन के समीप स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

मौके पर जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार पाल ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर भारतीय संस्कृति की महान संरक्षक थीं। उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी महिला सशक्तिकरण, गरीबों के कल्याण और लोकहित के अनेक कार्य किए। युवा समाजसेवी राकेश पाल ने कहा कि अहिल्याबाई का जीवन समग्र समाज के लिए अनुकरणीय है। उनका जन्म गडरिया समाज में होना पूरे समाज के लिए गर्व की बात है। वे पाल वंश की गौरवशाली धरोहर हैं। कार्यक्रम से पूर्व युवाओं ने प्रतिमा स्थल और परिसर की साफ-सफाई की एवं फूलों से सजाया। मौके पर रमेश पाल, सुमित कुमार पाल, सुखबीर पाल, बुधन पाल, सुरेंद्र पाल, जितेंद्र पाल, विवेकानंद पाल, ओमप्रकाश पाल आदि उपस्थित थे।


माल्यार्पण करते महासभा के लोग।

# गर्भवती के लिए आस्था सदस्य ने किया रक्तदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा आस्था के तत्वावधान में मानवता का एक अनुकरणीय उदाहरण सामने आया, जब एक गर्भवती महिला को ऑपरेशन के लिए आपातकालीन रूप से बी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता पड़ी। इसकी जानकारी मिलते ही संस्था के नए सदस्य प्रेम प्रकाश गुप्ता ने बिना देर किए तीसरी बार रक्तदान कर महिला की जान बचाने में मदद की। मरीज कुसुम गुप्ता (30) पति अभिनव कुमार गुप्ता नवादा मोड़ निवासी हैं। दुर्भाग्यवश कुसुम के गर्भ में पल रहे शिशु को नहीं बचाया जा सका, लेकिन समय पर रक्त मिलने से उनकी जान बच सकी। मौके पर आस्था के अध्यक्ष विराट राजा विश्वास ने कहा वतन पर अभिमान करिए, स्वयं भी स्वाभिमानी बनिए, किसी की जिंदगी पर बनी हो तो सहर्ष रक्तदानी बनिए। मौके पर अभिनव कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



रक्तदान करते प्रेम प्रकाश गुप्ता।

## पलामू राइफल शूटिंग संघ के अध्यक्ष बने अविनाश देव

**मेदिनीनगर।** चर्च रोड, माटी कला बोर्ड में झारखंड राज्य राइफल शूटिंग संघ के अधिकारियों के निगरानी में पलामू राइफल शूटिंग संघ का पूर्ण गठन किया गया। जिसमें सभी अधिकारियों एवं सदस्यों के सहमति से पर्यवेक्षक हजारीबाग राइफल शूटिंग संघ के उपाध्यक्ष सुबोतो रॉय, सचिव नैलेंदु जयपुरिया के निगरानी में अध्यक्ष अविनाश देव को चुना गया। उपाध्यक्ष गुरबीर सिंह, अफताब आलम, सनत चटर्जी, नंद किशोर भारती बनाये गये।

# डीएलएसए और चाइल्ड फंड इंडिया ने बच्चों के लिए की कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा एवं चाइल्ड फंड ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में खरडीहा पंचायत के आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र में एक दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने शिक्षा को ग्रामीण विकास की कुंजी बताया और जरूरतमंदों के लिए डीएलएसए की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने अनाथ बच्चों व दिव्यांगों की पहचान कर मदद हेतु जागरूकता फैलाने की अपील की। वहीं पीएलवी अमरेन्द्र कुमार ने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता की बात कही। संस्था के एफसीपी आशीष कुमार ने बच्चों को मैट्रिक के बाद कैरियर विकल्पों पर मार्गदर्शन दिया। जबकि प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार मालाकार ने कंप्यूटर शिक्षा और आधुनिक कौशल पर बच्चों को जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन खुर्शीद हजाम ने किया। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।





**कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)**

**आम सूचना**

नगर पंचायत, डोमचाँच क्षेत्रान्तर्गत भवन निर्माण हेतू भवन का नक्शा पारित किया जाना है। भवन नक्शा का आवेदन असैनिक अभियंता / Architecture के द्वारा भवन नक्शा पारित हेतू आवेदन किया जाना है। इस संदर्भ में इच्छूक असैनिक अभियंता / Architecture वर्ग jhbpams.jharkhand.gov.in पर LTP हेतू आवेदन कर सकते है।

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच

PR 353947 (Urban Development) 25-26 (D)

**कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)**

**अति अल्पकालीन**

चतुर्थ डाक बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना–14/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, डोमचाँच के अन्तर्गत वित्तीय तीन वर्ष के लिए (दिनांक–17.06.2025 से 18.06.2025 तक के लिए) निम्न सैरातों की बन्दोबस्ती ई–प्रोक्यूरमेंट कमिटि के अध्यक्ष की अध्यक्षता में 12:00 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत, डोमचाँच कार्यालय कक्ष में होगी। इच्छुक डाकधारी निर्धारित शर्त एवं समय के अनुसार दिनांक–16.06.2025 को अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खुली डाक के से बोली लगाने हेतु निर्धारित किया जाता है।

| क्र0सं0 | बन्दोबस्ती का नाम | सुरक्षित 2025–2028 तक के लिए | जमानत की राशि 10 प्रतिशत | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सांस्कृतिक भवन | 900000.00 | 90000.00 | दिनांक–16.06.2025 को 12:00 बजे पूर्वाह्न से |

बन्दोबस्ती की शर्त एवं विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर पंचायत, डोमचाँच को सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच

PR 353951 Urban Development(25-26)#D

**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची**

**कार्यालय-आदेश**

जिले के प्रारंभिक विद्यालय में कार्यरत इण्टर प्रशिक्षित शिक्षकों को स्नातक प्रशिक्षित (ग्रेड–4) विज्ञान एवं गणित, सामाजिक विज्ञान एवं भाषा विषयों में प्रोन्नति के निमित सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के अधिसूचना संख्या 281 दिनांक 24.02.2021 के द्वारा प्राप्त आदेश के आधार पर झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक शिक्षक नियुक्त परीक्षा 2003 के आलोक में प्रथम अनुशंसा के आधार पर नियुक्ति शिक्षकों की नियुक्ति तिथि 22.12.2003 मानते हुए वर्ष 2024 की तैयार की गयी औपबंधिक ग्रेडवार वरीयता सूची के प्रारूप का प्रकाशन जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.ranchi.nic.in एवं कार्यालय के वेबसाईट www.dseranchi.com पर करते हुए संबंधित शिक्षकों से विहित प्रपत्र में दिनांक 15.06.2025. तक दावा/आपत्ति की मांग की जाती है।

जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को ग्रेड– 4 (सामाजिक विज्ञान, भाषा, गणित एवं विज्ञान) को प्रोन्नति देने हेतु औपबंधिक वरीयता सूची संख्या– 02

जिसमें
1. स्नातक प्रशिक्षित विज्ञान एवं गणित
2. स्नातक प्रशिक्षित सामाजिक विज्ञान
3. स्नातक प्रशिक्षित भाषा
4. स्नातक प्रशिक्षित सामाजिक विज्ञान एवं भाषा की संयुक्त वरीयता सूची

निर्धारित तिथि के बाद किसी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।

विहित प्रपत्र

| आपत्ति कर्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड | प्रकाशित सूची में क्र० सं० | जिस कॉलम में त्रुटि है उसकी संख्या | त्रुटि का विवरण | सुधार का विवरण | सामाजिक विज्ञान एवं भाषा विषय निर्धारण त्रुटि | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | जिस विषय में नाम अंकित है उसका क्रम संख्या | निर्धारित विषय के संबंध में साक्ष्य | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |

संबंधित शिक्षक का हस्ताक्षर

प्रधानाध्यापक–सह–
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी
का हस्ताक्षर/मुहर

संबंधित शिक्षक एवं अन्य अपना दावा/आपत्ति साक्ष्य के साथ संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के माध्यम से समय सीमा के अंदर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

ह०/–
जिला शिक्षा अधीक्षक,
राँची

PR 354005 Human Resource Developement (25-26)_D

## समय संवाद



भारतीय संस्कृति में नदियों का धार्मिक और सांस्कृतिक ही नहीं, उनका ऐतिहासिक महत्व भी है। गंगा, यमुना, सरस्वती, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी ये महज धरती में बहती पानी की धाराएं भर नहीं, अपने आप में ये एक सभ्यता और संस्कृति को साथ लेकर बहती नदियां हैं। गंगा को भारतीय संस्कृति की आत्मा माना जाता है इसलिए इसे माता का दर्जा दिया जाता है।


# एक सभ्यता और संस्कृति को साथ लेकर बहती नदियां

**डॉ मेरी ग्रेस**

**नदियां** किसी भी देश की लाइफलाइन होती हैं। नदियों से ही उस देश की अर्थव्यवस्था, सभ्यता और प्राकृतिक समृद्धि का पता चलता है। खानपान, मनोरंजन और संस्कृति का भी स्रोत नदियां ही होती हैं। हम अगर अपने पौराणिक साहित्य पर नजर डालें तो भारतीय नदियां, भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। भारत में ज्ञान, विज्ञान और आत्मा से परमात्मा तक की खोज सब नदियों के किनारे हुई, इसलिए भारत अकेला ऐसा देश है, जो नदियों को मां कहता है, देवी कहता है और उनकी पूजा करता है। कोई सभ्यता नदियों पर कितनी आश्रित होती होगी, इस बात का अंदाजा भारत की सम्पन्न सनातन संस्कृति से लगाया जा सकता है। नदियों के किनारे बसे ऋषिकेश, हरिद्वार, मथुरा, अयोध्या, प्रयाग, काशी, गया, पटना, नासिक और उज्जैन जैसे नगर भारतीय धर्म और संस्कृति के जगमगाते द्वीप हैं। ये सभी धार्मिक और सांस्कृतिक नगर प्रसिद्ध नदियों के किनारे बसे होने के कारण ही पीढ़ियों से हमारी सभ्यता के गंतव्य स्थल हैं।

भारतीय संस्कृति में नदियों का धार्मिक और सांस्कृतिक ही नहीं, उनका ऐतिहासिक महत्व भी है। गंगा, यमुना, सरस्वती, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी ये महज धरती में बहती पानी की धाराएं भर नहीं, अपने आप में ये एक सभ्यता और संस्कृति को साथ लेकर बहती नदियां हैं। गंगा को भारतीय संस्कृति की आत्मा माना जाता है इसलिए इसे माता का दर्जा दिया जाता है।

भारत के चार राज्यों उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और मुख्य रूप से बंगाल से गुजरने वाली गंगा भारतीय संस्कृति की अमरकथा है। माना जाता है कि नदियों में देवियां और देवताओं का वास होता है। भारत में हिंदू धर्म के सबसे बड़े ग्रंथ महाभारत का आधार ही गंगा है।



देवव्रत यानी भीष्म पितामाह की मां गंगा थीं।


हमारा प्राचीन और समृद्ध अतीत गंगा और यमुना नदियों के किनारे महान ऋषि, मुनियों की ज्ञान परंपरा वाला इतिहास है। गंगा और यमुना दोनों ही पवित्र नदियां हैं, जिनके किनारे आधुनिक सभ्यता के कई पड़ाव पड़े। गीता में भगवान कृष्ण खुद नदी और समुद्र की तुलना आत्मा और परमात्मा से की है। नदी आत्मा है। उत्तराखंड में गंगोत्री ग्लेशियर से निकलने वाली गंगा का मुख्यस्रोत गोमुख है। कुल 2480 किलोमीटर की यह नदी हिमालय की पवित्र कंदराओं से निकलकर मैदान की तरफ बहती है। गंगा को गंगा बनाने वाली इसकी सहायक नदियां हैं। शायद यही वजह है कि इस देश में सबसे ज्यादा सहायक नदियां अगर किसी नदी की हैं, तो वह गंगा ही है। 2480 किलोमीटर तक बहने वाली गंगा इस लिहाज से देश की सबसे बड़ी और लंबी नदी है, क्योंकि यह पूरी तरह से भारत में बहती है। वैसे लंबाई के लिहाज से ब्रह्मपुत्र 2990 किलोमीटर लंबी है। लेकिन ब्रह्मपुत्र तिब्बत के पुरंग जिले से निकलकर मानसरोवर झील के निकट से भारत और फिर बांग्लादेश में बहती है। इसलिए यह पूरी तरह से भारत में बहने वाली नदी नहीं है।

हालांकि गंगा, गंगोत्री से निकलती है, लेकिन इसे गंगा नाम देवप्रयाग में आकर मिलता है। इसके पहले यह भगीरथी और अलकनंदा होती है। प्रयाग पहुंचने पर गंगा में देश की एक दूसरी विशाल नदी यमुना मिल जाती है, जिसमें चंबल, केन, बेतवा, शिप्रा सहित आधा दर्जन से ज्यादा छोटी नदियां मिलती हैं। जब यमुना, गंगा से मिल जाती है, तो गंगा बहुत ही विशाल और बहुत ही समृद्ध जल वाली नदी या छोटा मोटा समुद्र बन जाती है। इलाहाबाद के बाद गंगा की विशालता का जलवा देखते ही बनता है। पुराणों में वर्णित अंतःसरिता सरस्वती को भी माना जाता है कि वह प्रयाग में गुप्त रूप से गंगा में मिल जाती हैं। इसलिए जहां प्रयाग में गंगा और यमुना मिलती हैं, उस जगह को त्रिवेणी यानी तीन नदियों के संगम वाली जगह कहते हैं।गंगा में आगे चलकर असी और वरुणा वाराणसी में तो बिहार में इसमें तमसा, रामगंगा, सोन और जैसी कई और नदियां आकर मिलती हैं। आज भी भारत में खेती के लिए गंगा का समर्पण अद्भुत है।

**(प्राचार्या उर्सुलाइन इंटर कॉलेज)**

# भक्ति की परम्परा विश्व को भारत की देन है

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**जीव** ही शिव है वह पृथ्वी पर एक मात्र जीव है जिसे मेघा मिली है। शेष जीवों का जीवन सिर्फ आहार-विहार पर टिका है। भक्तों के साथ सतसंग में स्वामी सत्यानंद परमहंस ने कहा कि जीव सब कुछ पाने की लालसा रखता है। यह लालसा उसके अंदर होती है। इसी के कारण वह संसार में सभी प्रकार के काम करके ज्यादा से ज्यादा अर्जित करना चाहता है। उन्होंने कहा एक कथा के माध्यम से बताया कि एक शेरनी का बच्चा सियार के झुंड में पला बढ़ा। वह सब कुछ वहीं करता जो शियार करते थे। लेकिन एक दिन एक शेर की की दहाड़ सुनकर उसे लगा कि यह आवाज तो उसके अंदर भी हैऔर वह भी दहाड़ने लगा। यानि जो भी है शक्ति है वह अंदर में छिपी है कभी-कभी समाज और माहौल के कारण एहसास नहीं हो पाता। ठीक उसी प्रकार सभी को सब कुछ त्याग का बल मिला है लेकिन जब इस बल का एहसास कोई करा देता है जब ही मनुष्य भी सब कुछ पाने की लालसा और दौड़ से रूक जाता है। एक जीव को जितना जीने के लिए चाहिए उससे कई गुणा अधिक अर्जित करने के बाद भी उसे चैन नहीं मिलती और इस अंतहीन दौड़ में बैचेन होकर जीवन जीता है। उसका चिंतन पूरा का पूरा सांसारिक वस्तुओं में उलझ जाता है जबकि भक्ति उसे संसार में रहते हुये संसारिक बंधनों से विरक्त होने की चेतना देती है। संसार में भक्ति की परम्परा भारत की देन है। संत महात्माओं की परम्परा केवल भारत में ही है। कठोर साधना से आत्मतत्व की प्राप्ति हो सकती है लेकिन इसमें लंबा समय लगता है। पहले इस प्रकार के साधना की जाती थी। उन्होंने कहा कि आग लकड़ी में भी है लेकिन वह अपने आप प्रज्वलित नहीं हो सकती है। लकड़ी से लकड़ी रगड़कर भी आग प्रज्वलित की जाती है लेकिन इसमें समय ज्यादा लगता है। वहीं कही आग प्रज्वलित है उससे आग जला लेना सहज है। इसलिए वर्तमान काल में संत-महात्माओं ने भक्ति के सहज मार्ग को स्वीकार्य किया। यह मार्ग दास भाव का मार्ग है। दासत्व का सबसे बड़ा उदाहरण अर्जुन हैं जिन्होंने कृष्ण का दासत्व स्वीकार किया। राम ने वशिष्ठ का, हनुमान ने राम का दासत्व स्वीकार किया। इसी मार्ग में चलना बेहतर है। जन्म जन्मातर के कर्म-सत्कर्म का संचित फल मनुष्य को मिलता है।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम, छोटका राजपुर, बक्सर, शाखा कुटीः रांची)**




# एकल विधालय क्या है?

**अजय दीप वाधवा,**



**एकल विद्यालय** 'एक शिक्षक वाले विद्यालय' हैं जो विगत कई वर्षो से भारत के उपेक्षित और आदिवासी बहुल सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में एकल विद्यालय फाउंडेशन द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। भारत के वनवासी एवं पिछड़े क्षेत्रों मे हजारों एकल विद्यालय चल रहे हैं। ग्रामीण भारत के उत्थान में शिक्षा के महत्व को समझने वाले हजारों संगठन इसमें सहयोग दे रहे हैं। भारत के वर्तमान में 65 हजार गांवों के 26 लाख वनवासी बच्चों को एकल विद्यालय फाउंडेशन मुफ्त शिक्षा उपलब्ध करा रहा है। यहां बुनियादी शिक्षा ही नहीं दी जाती बल्कि समाज के उपेक्षित वर्गो को स्वास्थ्य, विकास और स्वरोजगार संबंधी शिक्षा भी दी जाती है। इस योजना का वैशिष्ट्य यह है कि विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने के लिये संबधित ग्राम के ही एक शिक्षित युवक/युवती को शिक्षक/आचार्य के रूप में प्रशिक्षित किया जाता है। इस प्रशिक्षण में संभावित आचार्य को न केवल शिक्षण कला का ही ज्ञान कराया जाता है वरन्? अन्य बातें - जैसे प्राथमिक चिकित्सा, बच्चों को संस्कार-संपन्न बनाना, खेल-कूद कराना आदि के बारे में भी आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाता है। इन विद्यालयों में गांव के लगभग 30- 40बच्चे हंसी-खुशी और खेल-कूद के वातावरण में अनौपचारिक रीति से कक्षा ३ तक की शिक्षा प्राप्त करते हैं जिसके पश्चात इन बच्चों को नियमित विद्यालयों में भर्ती करा दिया जाता है।

एकल विद्यालय की स्थापना, पाठ्यक्रम का चयन, स्कूल का समय और शिक्षक के चयन तक में स्थानीय लोगों की भागीदारी होती है। बच्चों में शिक्षा के प्रति रूचि पैदा करने के लिए फाउंडेशन स्थानीय भाषा में ही शिक्षण सुविधा उपलब्ध कराता है। स्थानीय समुदाय में से ही शिक्षक का चयन किया जाता है, ताकि बच्चों की भाषा, संस्कृति और परंपरा का उन्हें ज्ञान हो।

पाठ्यक्रम में बच्चों को बुनियादी शिक्षा और जीने के तौर-तरीकों के बारे में भी बताया जाता है, ताकि उनमें आत्मविश्वास की भावना पैदा हो और ग्रामीण जीवनस्तर से ऊपर उठकर वे उच्च शिक्षा हासिल करने की दिशा में कदम बढ़ा सकें।

**सचिव, एकल रांची चैप्टर**

# सुरेश्वर महादेव मंदिर, चुटिया रांची

**अचंल कुमारी**

ऐतिहासिक नगर चुटिया रांची जिसका सम्बन्ध इतिहास के धर्म स्थलों से रहा है। वह नगर चुटिया अपने आप को इतिहास के पन्नो में गढ़ने को तैयार बैठा है। जिसका आधार सनातन धर्म और आस्था का प्रतीक सुरेश्वर महादेव मंदिर है ।दस वर्ष में बनकर तैयार हुआ ये मंदिर झारखंड का सबसे ऊंचा एवं भारत में दूसरे स्थान पर ऊंचा शिवलिंग हैं। जिसकी ऊंचाई 108 फीट है ।

यह शिवलिंग चुटिया के केतारी बगान में स्वर्णरेखा नदी के किनारे स्थित है। यह मंदिर भारत के सबसे ऊंचे शिवलिंग कौटिल्य लिंगेश्वर मंदिर जो की कर्नाटक में स्तिथ है उसके जितनी है । सुरेश्वर महादेव मंदिर की विशेषता इसकी बनावट जितनी ही खास है।

शिवलिंग के आकार की सरचना वाले मंदिर के गर्भगृह में 3 फीट ऊंचाई और 4 फीट



लंबाई वाले शिवलिंग की स्थापना की गई है, जो की भाव पूर्ण दृश्य स्थापित करता है। मंदिर में शिवलिंग के साथ भगवान महाकाल के परिवार की भी प्रतिमाएं स्थापित की गई है। जो की आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

अगर मंदिर की वास्तुकला की विशेषता की बात की जाए तो मंदिर की बनावट कुछ इस प्रकार है, की शंखनाद होने पर इसकी आवाज लगभग एक मिनट तक गूंजते रहेगी।

स्वर्णरेखा नदी के किनारे मंदिर स्तिथ होने के कारण इसका दृश्य और भी मनमोहक सा प्रतीत होता है। आस्था और विश्वास प्रतीक सुरेश्वर धाम की विशेषता केवल इतनी ही नही है, इसका मुख्य द्वार आकर्षित नक्काशियों से भरपूर है साथ ही साथ मंदिर के गर्भ गृह का द्वार विराट स्वरूप लिए है ।

मुख्य मंदिर का द्वार पीतल से बना है। जिसे ओडिशा के कलाकारों ने खूबसूरत नक्काशी कर बनाया है । इस द्वार का विराट स्वरूप भगवान सुरेश्वर की भव्यता को इंगित करता है ।

मुख्य द्वार की कुंडी जो नंदी के आकार का है, वह मानो यह प्रतीत करता हो जैसे भक्त नंदी स्वयं भगवान महाकाल की अगवानी कर रहे हो। इसके साथ ही शिवलिंग के सामने कुछ ही दूर पर नंदी की मनमोहक प्रतिमा स्थापित की गई हैं, जो एक भक्त और भगवान के अतुलनीय प्रेम को दर्शार्ती है।

# कोई लौटा दे मेरे बचपन के दिन

**-फिरदौस खान**

**सुप्रसिद्ध** अभिनेता राकेश श्रीवास्तव ने साल 1990 में 'एक लड़का एक लड़की' से हिन्दी सिनेमा में अपना डेब्यू किया था. वे सब टीवी के सीरियल 'लापतागंज' के लल्लन जी के नाम से मशहूर हैं. उन्होंने लखनऊ की भारतेंदु नाट्य अकादमी से ड्रामाटिक आर्ट में डिप्लोमा किया है। वे कई नाटकों और धारावाहिकों में काम कर मुम्बई आए और फिर यहीं के होकर रह गए। वे कहते हैं-

**बचपन से ही फि तरत है मुस्कुराने की**
**हंसने की और लोगों को हंसाने के**

शायद इसीलिए अब वे अपने अभिनय से लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। जब उनसे गर्मियों की छुट्टियों के बारे में पूछा गया तो उनके चेहरे पर रौनक आ गई। बचपन होता ही ऐसा है कि इंसान उसे कभी भूल नहीं पाता। बचपन की यादें सबसे खूबसूरत होती हैं। बचपन में पढ़ाई और खेल के सिवा कोई दूसरा काम भी तो नहीं होता। वे कहते हैं कि आपने बचपन याद दिला दिया। गर्मियों की छुट्टियों के दिन बच्चों के लिए खुशियों के दिन होते हैं। सभी बच्चे छुट्टियों के इस मौसम का बेसब्री से इंतजार करते हैं। मैं भी बचपन में गर्मी की छुट्टियों का बेसब्री से इंतजार करता था। मेरे पापा रिजर्व बैंक में कार्यरत थे। अतः तीन-चार साल के बाद अलग-अलग प्रदेश की राजधानी में स्थानान्तरण हुआ करता था।

वे कहते हैं कि हर गर्मी की छुट्टियों में अपने ददिहाल बाबा-दादी से मिलने गोरखपुर जाया करते थे। मैं अपने दादा जी को बाबा कहता था। जब पापा की नियुक्ति पटना में थी तब हम पानी के जहाज से गंगा पार कर महेन्द्रू घाट से सोनपुर जाया करते थे। बचपन में जहाज से गंगा पार करने का जो आनन्द मानस पटल पर छपा है, वो याद करके मन रोमांच से भर जाता है। दूर तक पानी ही पानी नजर आता था। ऊपर नीला अम्बर और नीचे नीला पानी। नीले आसमान के अक्स से पानी नीला दिखाई देता था। आसमान पर जब सफेद बादल होते तो उसके सौन्दर्य में चार चाँद लग जाते थे। मैं कभी आसमान को देखता, तो कभी नदी के बहते पानी को। इस तरह जहाज कब घाट पर पहुंच जाता था, पता ही नहीं चलता था।

उन्हें बचपन से ही खाने-पीने का बहुत शौक था। वे कहते हैं कि बचपन से ही मैं बहुत चटोरा था। सोनपुर पहुंचते ही खाजा खाने के लिए लालायित रहता था। ये मैदे की बहुत ही स्वादिष्ट मिठाई है। गोरखपुर पहुंचने पर बाबा-दादी, चाचा-चाची, बहन सीमा की आंखों में खुशी देखकर हम रास्ते की सारी थकान भूल जाया करते थे। शाम को बाबा घोष कम्पनी चौराहा ले जाया करते और दालमोठ, समोसा और इमरती खिलाते। कभी-कभार घंटाघर रबड़ी-खुरचन खिलाने ले जाते। सुबह-सुबह ही सारे रिश्तेदार मिलने आ जाते थे और हम उनके बच्चों संग घर में ही हुड़दंग मचाया करते थे। मेरी बुआ और दादी के हाथ का बना मिर्च का अचार, इमली की पीड़िया के बारे में सोचकर आज भी मुंह में पानी आ जाता है।

वे जिन्दगी के हर पल को जी लेने में यक ीन रखते हैं। वे कहते हैं कि गर्मियों की छुट्टियों में हम दिन भर खेलते। कभी रिश्तेदारों के बच्चों के साथ, तो कभी मोहल्ले के बच्चों के साथ। बड़े लू के कारण दोपहर में घर से बाहर निकलने से मना करते, लेकिन हमें खेल के आगे कुछ दिखाई ही कहां देता था। बड़ों की नजर बचाते हुए हम बाहर भाग जाते। हमें न गर्मी का अहसास होता था और न ही लू लगने की कोई फिक्र थी। हम तो अपनी छुट्टियों को भरपूर जी लेना चाहते थे और जीते भी थे।

वे सफर में भी खूब चटोरबाजी किया करते थे। वे बताते हैं कि चार साल बाद पापा का स्थानान्तरण अहमदाबाद में हो गया। वहां से छुट्टियों में जब गोरखपुर जाते, तो हम चटोरे ट्रेन में संडीला के लड्डू, खुर्जा का खुरचन, उरई के गुलाब जामुन का आनन्द लेते हुए गोरखपुर पहुंचते और फिर वही हुड़दंग करते। बाबा-दादी के प्यार, आशीर्वाद और खुशियों का भंडार भरकर हम अहमदाबाद आते और फिर से गर्मी की छुट्टियों का इंतजार करते थे।

अपनी शरारतों की वजह से वे कई मुसीबतें उठा चुके हैं, लेकिन फिर भी शरारत करने से पीछे नहीं रहे। वे बचपन का एक ऐसा ही वाकिया सुनाते हुए कहते हैं कि बचपन में सब कुछ आसानी से मिलने में मजा नहीं आता है। बाबा के घर के सामने एक अमरूद का बागीचा था। माली से बचकर चुपके से घुसते और अमरूद के पेड़ की पतली टहनियों पर चढ़कर गर्मी के मौसम में अमरूद खोजते और भद्द से गिरते। हमारे गिरने की आवाज सुनकर माली दौड़कर आता और हमें खूब दौड़ाता तो हम गिरते पड़ते भागते। एक बार भागते हुए बंदर के बच्चे से टकरा गए। बंदर को बहुत गुस्सा आया और उसने दौड़ाकर मेरे पिछवाड़े काट लिया। इसके बाद पेट में चौदह सुइयां लगीं। इसके दर्द का अहसास आज भी है। आज भी सुई के डर से कुत्ते, बिल्ली और बंदर को देखते ही दूर भागता हूं।

दरअसल बचपन की ये खट्टी-मीठी यादें जिन्दगी में बहुत बड़ा सहारा हुआ करती हैं। जब कभी मन उदास हो और कुछ अच्छा न लगे, तो बचपन से जुड़ी चीजें देखकर, बचपन की बातें याद करके चेहरे पर मुस्कान आ ही जाती है।

**(अभिनेता राकेश श्रीवास्तव से खास बातचीत)**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# योग, रोग प्रतिरोधी क्षमता बढ़ाता है



**स्वामी मुक्तरथ**

विश्व योग दिवस 21 जून को पूरी दुनिया में आयोजित होगा। योग शारीरिक व्यायाम, सांस लेने के अभ्यास और एकाग्रता की बेहतरी का एक संयोजन है जिससे शरीर और दिमाग सुदृढ़ बनते हैं और हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। योग आसन कई प्रकार के हैं, जिनमें शवासन और शसाकासन से तनाव कम होता है और प्रतिरक्षा प्रणाली की रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। प्राणायाम जैसे श्वसन अभ्यास से हमारा श्वसन तंत्र मजबूत बनता है और फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है। त्रिकोणासन से रक्त के संचरण में सुधार होता है और सभी अंगों का इष्टतम कामकाज सुनिश्चित होता है, इसलिए योग का अभ्यास न केवल प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में सहायक है बल्कि यह मानव शरीर के समग्र स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। योग-आसन और सांस लेने का व्यायाम करना चाहिए। चूंकि यह वायरस सीधे फेफड़ों पर असर डालता है, इसलिए श्वसन प्रणाली को मजबूत बनाए रखना अनिवार्य हो जाता है।

सुझाए गए योगासन संतृप्ति के आदर्श स्तर को प्राप्त करने और फेफड़ों की कार्यप्रणाली को बहाल करने में मददगार हैं। योग का अभ्यास करने की सलाह न केवल कोविड पॉजिटिव मरीजों को बल्कि वायरस से ठीक हो चुके मरीजों को भी दी जा रही है। यौगिक श्वसन, शुरूआती स्तर के योगासनों और एकाग्रता से मानसिक शांति मिलती है और उन रोगियों के पूरे शरीर में शांति एवं ठंड का आभास होता है, जिनको कोविड-19 का दर्दनाक अनुभव हुआ है। विशेषज्ञों द्वारा अनुशंसित संशोधित श्वसन तकनीक और योग मुद्रा से ठीक हुए कोविड रोगियों में थकान को कम करने व ऊर्जा के स्वाभाविक स्तर की बहाली में सहायता मिली है। योग के लाभ केवल वयस्कों तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि यह उन बच्चों के लिए भी मददगार हो सकता है जिन्होंने तनाव का अनुभव किया है।



विश्व योग दिवस 21 जून

हमारे बच्चों पर सामाजिक, भावनात्मक, शारीरिक और शैक्षणिक सभी दृष्टियों से अकल्पनीय प्रभाव पड़ा है। हमारे देश में बच्चों और युवाओं की सबसे अधिक आबादी है, इस नाते इस महामारी के दौरान आई बाधाओं से निपटने के लिए हमें और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता होगी, ताकि उनका स्वास्थ्य इससे न्यूनतम प्रभावित हो, इसलिए सभी अभिभावक और शिक्षकों को अपने बच्चों को दैनिक जीवन में योग का अभ्यास करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। योग का अभ्यास बच्चों के लिए अपनी अंतरात्मा से अधिक गहनता से जुड़ने और अपनी ताकत, गतिशीलता एवं समन्वय क्षमता को बढ़ाने में सहायक होगा। इसके अतिरिक्त, इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान अपनी एकाग्रता को बढ़ाने तथा मन में शांति और तनाव-मुक्ति की भावना को बनाए रखने से युवावर्ग अत्यधिक लाभान्वित होगा । जब दुनिया ठहर सी गई है, ऐसे में योग हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली में सुधार करने और आंतरिक आत्म-संतुलन बनाए रखने की सबसे प्रभावी स्वास्थ्य कसरत के रूप में उभरा है। योग को वैश्विक स्तर पर अत्यधिक प्रशंसा और लोगों के बीच स्वीकारोक्ति प्राप्त हुई है।

तथा यह लोगों के व्यावहारिक जीवन एवं सोच में शामिल हो चुका है और इस प्रकार यह भारत की सॉफ्ट पावर का एक प्रबल स्रोत बन चुका है। आज अगर कोविड का दौर न होता तो हम सभी मन, शरीर और आत्मा के इस मिलन पर्व को बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मना रहे होते, परंतु कोविड महामारी के कारण हमसे अपने घरों में ही रहने और सामाजिक दूरी बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है। देश के सभी नागरिक और छोटे बच्चे भी इस वायरस के कारण अपने हौसले और उत्साह को कम न होने दें।

योग जीवन में अपनाये जीवन को आनंदमय और रोग रहित बनाये। आइए, हम सभी योग के लिए चटाई उठाएं तथा अपने घर पर ही योग दिवस मनाना शुरू करें, ताकि हमारे भीतर का उजियारा बाहर आकर प्रकाशमान हो सके और हम इस कठिन समय में भी एक स्वस्थ एवं शांतिपूर्ण मनःस्थिति प्राप्त कर सकें। (लेखक सत्यानंदयोग मिशन रांची के अध्यक्ष और योग प्रशिक्षक हैं। )

## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ में जागरूकता रथ रवाना



रामगढ़। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने रवाना किया। जिला कुष्ठ पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी ने बताया कि इस वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस का थीम तंबाकू दिखावे का दम , इरादों में जहर, आकर्षण के पीछे का खतरनाक सच को उजागर करना है। इस दिखावे के दम को लोगों के सामने लाना हमारी जिम्मेवारी है। इस निशुल्क नंबर पर कोई भी जो तंबाकू छोड़ना चाहते है सोमवार को छोड़कर सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक परामर्श ले सकते है। सिविल सर्जन ने बताया की हमे सबसे पहले स्कूल के आस पास अभियान चलाकर तंबाकू बिक्री न हो इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि स्कूल के बच्चों को बचाना सबसे आवश्यक है क्योंकि तंबाकू ही पहला रास्ता है जिसके बाद बच्चे नशीली द्रव्यों के सेवन की ओर आगे बढ़ते है। इस दौरान जिला यक्ष्मा पदाधिकारी , जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### मंडा आस्था का महापर्व : ममता



रजरप्पा। शुक्रवार को चितरपुर प्रखंड अंतर्गत बोरोबिंग पंचायत के मुरुबंदा गांव में श्री श्री मंडा पूजा समिति द्वारा शिवालय मंदिर परिसर में शिव उपासना का पर्व मंडा धूमधाम से मना। मंडा पूजा में विधायक ममता, बोरोबिंग पंचायत की मुखिया बसंती देवी और झामुमो के केंद्रीय सदस्य चित्रगुप्त महतो शामिल हुए। ममता देवी ने कहा कि कहा कि मंडा हमारी संस्कृति की पहचान व पूर्वजों के द्वारा दी हुई ऐतिहासिक धरोहर के साथ साथ आस्था से जुड़ा एक महा पर्व है। मंडा पूजा से हमारी संस्कृति व परंपरा जुड़ी है। मौके पर कांग्रेस लक्ष्मण महतो, परीक्षित महतो, गोपाल महतो, भरत ओहदार, फूलचंद महतो, अशोक दांगी, जगेश्वर महतो, कैलाश महतो, रामदेव करमाली, अमर कुमार, तितलेश नायक व अन्य मौजूद थे।

### बीएड कॉलेज लारी में समर कैंप



रजरप्पा। डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज, सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ़ में शनिवार को महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय, के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जिसमें प्रशिक्षुओं के रचनात्मक एवं सृजनात्मक कौशलों का विकास किया गया। बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षुओं ने विभिन्न प्रकार के कौशलों जिसमें भाषण नृत्य-संगीत, कविता स्वलिखित रचनाएं, नाटक के माध्यम से अभिनय, संवाद, इत्यादि का प्रस्तुति दी। विजेता एवं उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर विक्की करमाली, द्वितीय में दीक्षा खन्ना, तृतीय में अंकिता, करण, उमाशंकर, जितेन्द्र तथा चतुर्थ स्थान पर रुकैया फातमा रहा। मंच का संचालन बीएड प्रशिक्षु सतेन्द्र कुमार ने किया। मौके पर सहायक प्राध्यापक मो. परवेज अख्तर, नयन कुमार मिश्रा, डॉ. अशोक राम, इन्दु कुमारी झा व्याख्याताओं में सुप्रिया बर्मन, मुरारी कुमार दुबे, बाबुचन्द प्रसाद, सुलेखा कुमारी, वरूण कुमार तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों में नन्दलाल कुमार, श्रेया गुप्ता, बबलु कुमार आदि मौजूद थे।

### डीसी से मिला जदयू का डेलीगेशन



कुजू। रामगढ़ जिला के नये उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज से जनता दल युनाईटेड के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात किया। इस दौरान प्रतिनिधियों ने उपायुक्त को बुके देकर स्वागत किया। बाद में रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों के समस्याओं से अवगत कराया गया। जिस पर उपायुक्त ने हर संभव पहल करने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि जनता तक सरकार की हर योजना पहुंचे, इसके लिए हर संभव प्रयास करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में जदयू प्रदेश महासचिव जगदीश महतो, जिला अध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, जिला कार्यकारी सदस्य राजकुमार महतो, सफीक अंसारी, राधेश्याम महतो,बालेश्वर तुरी, बाबूलाल महतो, पप्पू साव आदि शामिल थे।

### भुरकुंडा में हेल्थ अवेयरनेस पर सेमिनार



भुरकुंडा (रामगढ़)। नौकरी और बेरोजगारी से निजात दिलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को भुरकुंडा के मतकमा-कुरसे फोरलेन स्थित चिलिंक्स फुडयोटिका रेस्टोरेंट में एक सेमिनार हुआ। जिसमें किशोर सिंह राठौड़ (डायमंड एडब्लूपीएल) ने हेल्थ और वेल्थ को लेकर लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि आज की बदलती जीवनशैली के कारण लाइफ स्टाइल डिजीज जैसी गंभीर बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में अपने खानपान और दिनचर्या में सुधार कर इन बीमारियों से बचा जा सकता है। साथ ही उन्होंने आर्थिक आत्मनिर्भरता पर भी जोर दिया और बताया कि कैसे हेल्थ अवेयरनेस और आधुनिक सोच के जरिए बेहतर जीवन जिया जा सकता है। मौके पर डॉ. साहू राजन सिंह, सुमन देवी, बैजनाथ कुमार, शंकर पांडेय, कैलाश राउत, खुशबू कुमारी, सहित कोलकाता, लातेहार, गोला के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### मातुदानन्द जी का मना पुण्यतिथि



भुरकुंडा (रामगढ़)। पटेलनगर स्थित जय गुरुदेव धाम स्थल में शनिवार को भव्य भंडारा हुआ। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु महिला-पुरुषों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व शुक्रवार को गुरु जी श्रीश्री मातुदा नन्द जी का 56वां समाधि वर्षगांठ समारोह पूर्वक मनाया गया। विधायक रोशन चौधरी ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की।

# स्वास्थ्य सेवा होगा सुदृढ़ : डीसी

- हजारीबाग उपायुक्त ने जिला स्वास्थ्य समिति के साथ की बैठक, दिये कई निर्देश
- शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज का भी किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग । उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को सदर अस्पताल सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक हुई। बैठक का उद्देश्य जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति की गहराई से समीक्षा करना था। उपायुक्त ने स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता, एएनएम की संख्या, स्वास्थ्य भवनों की स्थिति, उपकरणों की व्यवस्था और संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों जैसे टीबी, मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू और टीकाकरण की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए गंभीरता और संवेदनशीलता से कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में अस्पताल की स्वच्छता, दवा की उपलब्धता, डॉक्टरों की उपस्थिति और आपातकालीन सेवाओं की स्थिति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने डीपीएम को निर्देश दिया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की उपस्थिति रोस्टर के अनुसार सुनिश्चित की जाए और कोविड प्रोटोकॉल के तहत सभी तैयारियां मुकम्मल रखी जाएं। उपायुक्त ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज का दौरा किया। उन्होंने कुपोषण वार्ड, मेल सर्जिकल वार्ड, नेत्र विभाग और ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। ब्लड बैंक में खून की उपलब्धता की सूचना नोटिस बोर्ड में लगाने और नियमित रक्तदान शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में सिविल सर्जन सहित सभी विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# चरही में ब्लैक स्पॉट पर फिर अतिक्रमण

## एनएच-33 के किनारे दुकानें, झोपड़ियां और मार्केट

मुकेश सिंह



चरही। चरही घाटी मोड फोरलेन (एनएच -33) के किनारे एक बार फिर अराजकता ने पैर पसार लिए हैं। जिस भूमि को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने अधिग्रहित कर सुरक्षा व यातायात सुगमता हेतु खाली कराया था, उस पर अब दोबारा अतिक्रमण शुरू हो चुका है। लोग न केवल सड़क के किनारे अवैध रूप से झोपड़ियां और दुकानें बना रहे हैं, बल्कि अब तो इस क्षेत्र में साप्ताहिक मार्केट भी लगाई जा रही है। इससे न केवल हाईवे पर ट्रैफिक बाधित हो रहा है, बल्कि गंभीर सड़क हादसों का भी खतरा कई गुना बढ़ गया है। गौरतलब है कि यह क्षेत्र पहले से ही ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित है, जहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ऐसे में अतिक्रमण का दोबारा फैलना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। प्रशासन और एनएचएआई द्वारा जिस जमीन को संरक्षित और खाली रखने का आदेश दिया गया था, वहां इस प्रकार की गतिविधियां प्रशासन की सक्रियता और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले भी प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया गया था, लेकिन नियमित मॉनिटरिंग न होने के कारण लोग दोबारा लौट आए। अब जरूरत है कि जिला प्रशासन और एनएचएआई तत्काल संयुक्त कार्रवाई करें, अतिक्रमणकारियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई हो और इस ब्लैक स्पॉट को दोबारा सुरक्षित बनाया जाए ताकि जान-माल की रक्षा हो सके और हाईवे की मूल संरचना बनी रहे।

### हजारीबाग सेंट्रल जेल में नक्सली की संदिग्ध मौत

हजारीबाग। हजारीबाग जेल में एक मामला सामने आया है, जहां आत्मसमर्पण कर चुका एक पूर्व नक्सली संदिग्ध हालात में जेल के भीतर मृत पाया गया। यह घटना राज्य की सुरक्षा व्यवस्था और जेल प्रबंधन पर कई सवाल खड़े कर रही है। शनिवार सुबह हजारीबाग स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब जेल कर्मियों ने वार्ड डी में एक विचाराधीन बंदी का शव फांसी के फंदे से लटका पाया। मृतक की पहचान श्यामलाल देहरी उर्फ संतु देहरी उर्फ सोमालाल देहरी के रूप में हुई है, जो कभी झारखंड के कुख्यात नक्सलियों में गिना जाता था। श्यामलाल मूलतः दुमका जिले के काठीकुंड थाना क्षेत्र का निवासी था। उसने 24 जनवरी 2020 को झारखंड सरकार की सरेंडर नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया था। उसके साथ दो अन्य सब-जोनल नक्सली सदस्य राजेंद्र राय उर्फ गहना राय और रिमील दा उर्फ सोकुल दा ने भी आत्मसमर्पण किया था। उस वक्त तीनों ने हथियार डालते हुए सरकार के समक्ष पुनर्वास की उम्मीद जताई थी। सरेंडर के दौरान राजेंद्र और रिमील ने राइफलें, जबकि श्यामलाल ने पिस्टल जमा की थी। तीनों पर हत्या, लूट, रंगदारी और पुलिस पर हमले जैसे संगीन आरोपों में केस दर्ज थे। सरकार ने श्यामलाल पर 1 लाख और अन्य दो पर 5-5 लाख का इनाम घोषित कर रखा था। आत्मसमर्पण के बाद श्यामलाल को पहले दुमका केंद्रीय कारा में रखा गया था। लेकिन सुरक्षा कारणों से उसे 9 फरवरी 2021 को हजारीबाग केंद्रीय कारा स्थानांतरित कर दिया गया।

# लायंस क्लब ने शीतला मंदिर में किया भंडारा

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। इसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन कर लायंस क्लब के लोगों द्वारा फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 300 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया गया। बताया गया कि प्रत्येक सप्ताह लायंस परिवार के द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से इस तरह का आयोजन किया जाता रहा है। मौके पर क्लब की अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने बताया की लायंस क्लब भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर समाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष माला शर्मा, लायन विजयंत कुमार, लायन डॉ एमके मंजुल, लायन रेखा मंजुल, सूबेदार एचएन यादव, लायन दीनबंधु सिंह, लायन विजय वर्णवाल, एमजेएफ संजय जयसवाल, लायन निर्मल अग्रवाल व लायन अजय सिंह का विशेष योगदान रहा।

### बरही में अवैध वसूली से परेशान बस मालिकों ने एसपी से लगायी गुहार

हजारीबाग/बरही। एनएच-20 रांची-पटना मुख्य मार्ग पर बसों से अवैध वसूली को लेकर बिहार-झारखंड-बंगाल बस एसोसिएशन ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत दी है। शिकायत में एसोसिएशन के सचिव ईशान प्रकाश ने बताया कि बरही चौक स्थित रांची-पटना रोड पर हर दिन उनकी एसोसिएशन की बसों से जबरन 120 रुपये प्रति बस वसूले जा रहे हैं, जबकि सरकारी प्रावधान के अनुसार यदि कोई बस बस स्टैंड पर रुककर सवारी लेती है, तो अधिकतम 30 रुपये ही लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उनकी बसें न तो बरही स्टैंड में रुकती हैं, न सवारी लेती हैं, इसके बावजूद ठेकेदार के लोग गाली-गलौज, धमकी और लाठी-डंडों के बल पर बस कर्मियों से अवैध वसूली करते हैं। विरोध करने पर बसें जलाने और शीशा तोड़ने तक की धमकी दी जाती है। ईशान प्रकाश ने चेतावनी दी कि अगर जल्द इस रंगदारी पर रोक नहीं लगाई गई, तो सभी बस संचालक आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि बस चालकों और स्टाफ को भयमुक्त माहौल में संचालन का मौका मिल सके। उन्होंने कहा कि बस संचालन से ही सैकड़ों लोगों की रोजी-रोटी जुड़ी है, लेकिन जबरन वसूली से सभी परेशान हैं। एसोसिएशन ने उम्मीद जताई है कि पुलिस प्रशासन उनकी समस्या को गंभीरता से लेगा और ठोस कार्रवाई करेगा। शिकायत करने वालो में शाकिल खान, पंकज कुमार, संजय कुमार, प्रदीप कुमार, विकाश कुमार, नीरज कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

# जुबिली कॉलेज का इंटर कॉमर्स में शानदार प्रदर्शन

## 85 प्रतिशत छात्र पास



श्रेया, रोहित यादव व धीरज कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। जुबिली कॉलेज भुरकुंडा के विद्यार्थियों ने इंटरमीडिएट कॉमर्स 2025 की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर प्रदर्शन कर अपने माता-पिता कॉलेज व कोयलांचल का का नाम रोशन किया है। इस बार कुल 85 प्रतिशत छात्रों ने सफलता प्राप्त की है, जिसमें प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या 19 रही जबकि द्वितीय श्रेणी में 9 छात्र सफल हुए। कॉलेज की श्रेया कुमारी ने 375 अंक प्राप्त कर कॉलेज की टॉपर छात्रा बनी है। वहीं रोहित कुमार यादव 372, धीरज कुमार 349, एलिना शाहीन 348 और कौशल कुमार ने 347 अंक प्राप्त कर कॉलेज के टॉप फाइव की सूची में शामिल हैं। विद्यार्थियों की इस सफलता पर कॉलेज के प्राचार्य एके एस झा सहित महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। प्राचार्य ने कहा कि यह परिणाम छात्रों और शिक्षकों की मेहनत का प्रतिफल है।

### साइंस में 60 % छात्र सफल



अनिशा, धीरज राय व करण शर्मा

साइंस में 60 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं। जिसमें प्रथम श्रेणी से 33 छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। जबकि द्वितीय श्रेणी से 24 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। कॉलेज की अनिशा रानी ने 428 अंक प्राप्त कर कॉलेज की टॉपर छात्रा बनी है। वहीं धीरज राय 416, करण शर्मा 372, प्रत्युश राठौर 366 और अदिति वर्मा ने 365 अंक प्राप्त कर कॉलेज के टॉप फाइव की सूची में शामिल हैं। विद्यार्थियों की इस सफलता पर कॉलेज के प्राचार्य एके एस झा सहित महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। प्राचार्य ने कहा कि यह परिणाम छात्रों और शिक्षकों की मेहनत का प्रतिफल है।

### श्रमिक प्लस टू उच्च विद्यालय और महिला कॉलेज का उत्कृष्ट प्रदर्शन

कुजू। श्रमिक प्लस टू उच्च विद्यालय तोपा पिंडरा के छात्र-छात्राओं ने झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट विज्ञान व वाणिज्य संकाय परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रौशन किया है। इस बीच प्रतिज्ञा सिंह 361 अंक लाकर विद्यालय टॉपर रही। जबकि कमर फातिमा 322, शिखा कुमारी 322, यशवंत कुमार गंझू 320, आरसी परवीन 318, वसीम अंसारी 318, तृषा कुमारी 310, अभय लाल 301, दीपा कुमारी 285, सुशीला टुडू 274, सरोज करमाली 270 अंक लाकर विद्यालय टॉप 10 में शामिल हुए। विज्ञान संकाय में कुल 11 बच्चों ने भाग लिया था, जिसमें 8 प्रथम श्रेणी व 3 द्वितीय श्रेणी से सफल हुए। विज्ञान संकाय में इंटर महिला कॉलेज मुरपा कुजू के छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। इस दौरान अनुप्रिया बेदिया व अंतरा राज 379 अंको के साथ विद्यालय की टॉपर रही। वहीं अंशु कुमारी 359, रिया कुमारी 324, ज्योति कुमारी 300, तेजल मेहता 305, रंजना कुमारी 262 अंक लाकर विद्यालय का मान बढ़ाया।

## एक नजर में

### चौपारण में नहीं रुक रही है शराब तस्करी



चौपारण। जगह वही, धंधा वही... बस तस्कर बदल गए! चौपारण में अवैध शराब का धंधा इस कदर जड़ें जमा चुका है कि अब प्रशासन की कार्रवाई भी सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गई है। बृंदा गांव में पुलिस और गृहरक्षक बल ने संयुक्त छापेमारी में 8000 किलोग्राम जावा महुआ नष्ट किया और 200 लीटर अवैध शराब जब्त की। शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण भी बरामद हुए, लेकिन धंधे के सरगना फिर से अंधेरे में गुम हो गए। इस कार्रवाई में चौपारण थाना के सुमितेश कुमार, सय्यद बेसिरुद्दीन, साधु चरण हेम्ब्रम और अनूप कुमार सिंह शामिल थे। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जब हर बार छापेमारी होती है, तो कारोबार दोबारा क्यों चालू हो जाता है? स्थानीय ग्रामीणों का साफ कहना है कि प्रशासन सिर्फ भट्ठियाँ तोड़कर अपनी पीठ थपथपा रहा है, असली तस्कर और उनके राजनीतिक संरक्षक आजाद घूम रहे हैं। लोग पूछ रहे हैं कि हर बार सिर्फ माल जब्त और शराब नष्ट करने से क्या बदलाव आएगा? चौपारण में अवैध शराब अब महज एक अपराध नहीं, बल्कि सामाजिक विनाश का कारण बन चुकी है। युवाओं का भविष्य, घरों की शांति और गांव की अस्मिता दांव पर है। एफआईआर की तैयारी और जांच की बातों से कुछ नहीं होगा, जब तक पूरे नेटवर्क पर सीधी और कठोर कार्रवाई नहीं होती। चौपारण की जनता अब सिर्फ कार्रवाई नहीं, नतीजे चाहती है।

### डीएसपी ने किया प्रवचन मंच का उद्घाटन

बरही । प्रखंड के चलंगा गांव में आयोजित नौ दिवसीय महायज्ञ के तीसरे दिन डीएसपी अजीत कुमार विमल ने प्रवचन मंच का उद्घाटन किया। पूजा समिति ने उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने युवाओं से संस्कृति से जुड़ने, भागवत कथा सुनने और रामचरितमानस को जानने की अपील की। इस मौके पर पूजा समिति के सदस्य, पुजारी, भाजपा युवा नेता मुन्ना यादव और ज्ञानी पंडित सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना रहा।

### बरही में तंबाकू निषेध दिवस पर रैली निकली




बरही । विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर बरही अनुमंडलीय अस्पताल द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई, जिसका नेतृत्व डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने किया। रैली अस्पताल से शुरू होकर बरही चौक तक गई और वापस अस्पताल में समाप्त हुई। इसमें सहिया दीदी और अस्पताल के दर्जनों कर्मचारी शामिल थे। डॉ. ज्ञानी ने कहा कि तंबाकू की लत लाखों लोगों को असमय मौत के मुंह में धकेल रही है। किशोरों में बढ़ती लत विशेष चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि समाज को मिलकर इस दिशा में ठोस पहल करनी होगी। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक, रैली और शपथ ग्रहण जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। डॉ. प्रकाश ने कर्मियों को तंबाकू सेवन न करने, दूसरों को रोकने और तंबाकू मुक्त समाज बनाने की शपथ दिलाई। बीपीएम नारायण राम, डॉ. अमन कुमार, महादेव राम, मो. शमशाद और शाहिद अली समेत अनेक सहिया दीदी इस अभियान में मौजूद रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट था—लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करना।

### बरही में 244 ग्रामीणों का हुआ परीक्षण



बरही। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत 29 मई की रात बरही अनुमंडलीय अस्पताल द्वारा ग्राम बरसोत चौक और उप स्वास्थ्य केंद्र जीतपुर में रात्रि रक्त सर्वेक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बरसोत पंचायत के मुखिया मोतीलाल चौधरी ने फीता काटकर व रक्त देकर किया। शिविर में मलेरिया पर्यवेक्षक मो. इरशाद आलम के नेतृत्व में टीम ने कार्य किया। मुखिया चौधरी ने ग्रामीणों को फाइलेरिया (हाथीपांव) की जानकारी देते हुए बताया कि यह मच्छर से फैलने वाली बीमारी है, जिसका प्रभाव हाथ, पैर, स्तन आदि अंगों पर पड़ता है और लंबे समय में लाइलाज हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी की पहचान बचपन में नहीं हो पाती, और इसके लक्षण 5 से 15 वर्षों में सामने आते हैं। हाइड्रोसील का इलाज संभव है, लेकिन अन्य अंगों में सूजन स्थायी हो सकती है। इस शिविर में 244 ग्रामीणों के रक्त नमूने लिए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विष्णु कुमार महतो, शाहिद अली, संतोष कुमार, माया देवी, यशोदा देवी सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय रही।

### बीडीजेजे इंटर कॉलेज का शानदार प्रदर्शन



दारू। इंटर साइंस और वाणिज्य 2025 के परीक्षा परिणाम में बीडीजेजे इंटर कॉलेज, बरही का प्रदर्शन सराहनीय रहा। साइंस स्ट्रीम में कुल 416 और कॉमर्स में 33 छात्रों ने परीक्षा दी, जिसमें साइंस का 95प्रतिशत और वाणिज्य का 100प्रतिशत परिणाम रहा। साइंस में नागेश्वर साव ने 448 अंकों के साथ कॉलेज टॉप किया, जबकि वाणिज्य में सोनम खातून ने 413 अंक हासिल कर टॉप किया। साइंस में प्रथम श्रेणी से 264 और द्वितीय श्रेणी से 100 छात्र उत्तीर्ण हुए। वहीं, वाणिज्य में 29 प्रथम श्रेणी व 4 द्वितीय श्रेणी से सफल रहे। साइंस में हर्ष राज (447), दशरथ कुमार (438), सबिता कुमारी (431) समेत अन्य छात्रों ने टॉप 10 में जगह बनाई। वाणिज्य में आशीष कुमार (411), लरबिया इमरान (395), आईसा प्रवीण (391) समेत अन्य टॉपर्स रहे। विद्यालय के प्राचार्य भुनेश्वर प्रसाद वर्मा समेत सभी शिक्षकों और स्टाफ ने सफल छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर उपायुक्त ऋतुराज ने जागरूकता रथ को किया रवाना, कहा

# तम्बाकू के सेवन से गंभीर रोग हो सकता है, इसके सेवन से बचें

- एसडीओ रिया सिंह ने कर्मियों को तम्बाकू या इससे बने उत्पादों का सेवन नहीं करने से संबंधित सामूहिक रूप से शपथ दिलवाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर उपायुक्त ऋतुराज ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि तम्बाकू या इससे बने अन्य उत्पाद स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं हैं, इसके सेवन से विभिन्न प्रकार के गम्भीर रोग होने की संभावना रहती है। वहीं उन्होंने कहा कि जागरूकता रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में घूम-घूम कर लोगों को तम्बाकू के सेवन से होने वाले रोगों के प्रति जागरूक करेगा।

इधर एसडीओ रिया सिंह के नेतृत्व में अनुमंडल कार्यालय के समीप कर्मियों को तम्बाकू या इससे बने उत्पादों का सेवन नहीं करने से संबंधित सामूहिक रूप से शपथ दिलवाई। इसके अलावे सिविल सर्जन सभागार में सीएस डॉ अनिल कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीएस डॉ अनिल कुमार ने स्वास्थ्य कर्मियों को तम्बाकू या इससे बने उत्पादों का सेवन नहीं करने की शपथ दिलवायी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएस ने कहा कि तम्बाकू या इससे बने अन्य उत्पाद स्वास्थ्य के लिए घातक हैं, इसके सेवन से मुख कैंसर, हार्ट ब्लॉकेज समेत अन्य गंभीर रोग होने की प्रबल संभावना रहती है। वहीं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में लोग धूम्रपान और तम्बाकू का सेवन करना फैशन समझने लगे हैं, जबकि यह स्वास्थ्य के लिए काफी घातक है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग में तम्बाकू और धूम्रपान ज्यादा प्रचलन हो रहा है, यदि इसे जल्द ही रोका नहीं गया तो देश की युवाशक्ति नशे का शिकार हो सकती है, जो घर, समाज और देश के लिए एक गम्भीर समस्या बन सकती है। उन्होंने कहा कि जिले के आमजनों को इसके जागरूक बनाने के उद्देश्य को लेकर जागरूकता रथ को रवाना किया गया। यह रथ जिले के विभिन्न शहरी और ग्रामीण इलाकों में घूम-घूम कर लोगों को तम्बाकू या इससे बने उत्पादों के सेवन से होने वाले गम्भीर रोगों के बारे में ही नहीं बताएगा बल्कि आमजनों को इससे प्रति जागरूक करने का भी कार्य करेगा। मौके पर एसीएमओ सह डीएस डॉ. रंजीत कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. विकास चौधरी, डॉ. प्रहलाद, डीपीएम महेश कुमार, डीपीसी पंकज कुमार, सुमित कुमार, दीपेश कुमार, हिमांशु कुमार, गणेश कुमार दास, शंभु कुमार, ललन राणा, जीतेन्द्र मिश्रा, प्रकाश रवि, दीपेश कुमार, अभिजीत कुमार, विशाल राणा समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## उपायुक्त ने विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश



**कोडरमा।** उपायुक्त ऋतुराज ने शनिवार को कोडरमा नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण कर नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही नगरवासियों से उनकी समस्याओं को सुना और जल्द समाधान का आश्वासन देते हुए नगर प्रशासक को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने नगर प्रशासक को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी योजनाओं का चयन और क्रियान्वयन इस तरह से करें, जिससे शहरवासियों को समुचित लाभ मिले, पेयजलापूर्ति की स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी हाल में पेयजलापूर्ति बाधित नहीं हो, शहरवासियों को नियमित रूप से पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो, इसके बाद उपायुक्त ने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का औचक निरीक्षण कर चिकित्सा सेवाओं, दवाइयों की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। वहीं निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए स्वास्थ्य कर्मियों से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। वहीं ध्वजाधारी धाम का औचक निरीक्षण कर उपायुक्त ने वहां की सुविधाओं और समस्याओं का आकलन किया। साथ ही अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं डीसी ने ध्वजाधारी धाम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की उचित सुविधा उपलब्ध कराने, साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने आदि का निर्देश दिया, टाउन हल निर्माण स्थल का जायजा लेते हुए डीसी ने टाउन हॉल का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने और समय पर निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर नगर प्रशासक शंभु प्रसाद कुशवाहा आदि मौजूद थे।

## विधायक डॉ. नीरा यादव ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास



**कोडरमा।** विधायक डॉ.नीरा यादव ने झुमरीतिलैया नगर और कोडरमा प्रखंड के चाराडीह तथा चन्द्रोडीह में योजनाओं काशनिवार को शिलान्यास किया। उन्होंने झुमरीतिलैया वार्ड 5 स्थित मेन रोड से सरजू दास एवं कन्हैया पासवान के घर होते हुए सकलदेव यादव के घर तक गार्डवाल एवं कालीकरण कार्य, चाराडीह में बजरंगबली चौक से वासुदेव साव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य, चन्द्रोडीह के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में तीन अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वहीं उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने से लोगों को सुविधा होगी और आवागमन सुलभ होगा। वहीं चंद्रोडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय में अतिरिक्त वर्ग कक्षा के निर्माण से बच्चों की पढ़ाई में सुविधा होगी। वहीं उन्होंने कहा कि जनहित की योजनाओं को प्राथमिकता के तौर पर पूरा किया जा रहा है। मौके पर झुमरीतिलैया नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश राम समेत कई लोग मौजूद थे।

## इंटर साइंस में ऋषि ने जिले में चौथा स्थान प्राप्त कर माता-पिता का नाम किया रोशन



**डोमचांच (कोडरमा)।** वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में विज्ञान संकाय में ऋषि राज ढाब रोड डोमचांच निवासी ने 464 (92.8 प्रतिशत) अंक लाकर जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया है। ऋषि ने अपने मैट्रिक तक की पढ़ाई संत क्लेयर्स स्कूल लोकाई से की। जबकि इंटरमीडिएट साइंस की पढ़ाई इंटर कॉलेज डोमचांच से की। ऋषि अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता सतीश कुमार माता शर्मिला रेड्डी को दी हैं। ऋषि फिलहाल नीट की तैयारी कर रहा है, उसका सपना आगे चलकर डॉक्टर बनने का है।

## 153 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की सेवा संपुष्टि की गयी

**कोडरमा।** जिले के माध्यमिक विद्यालयों के 153 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की सेवा संपुष्टि की गयी। उल्लेखनीय है कि 29 अप्रैल को जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में इन शिक्षकों की सेवा संपुष्टि की गयी है। इससे जिले के शिक्षकों में हर्ष का माहौल है। वहीं डीईओ अविनाश कुमार राम ने बताया कि वर्ष 2015 से अब तक बहाल हुए माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की सेवा संपुष्टि कर दी गयी है। वहीं उन्होंने कहा कि इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में कोडरमा जिला ने पूरे राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया है, इसमें शिक्षकों की अहम भूमिका है, ऐसे में इस सेवा संपुष्टि को उपहार के रूप में देखा जा सकता है।

## ग्रिजली कॉलेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं प्रशिक्षुओं ने अपनी रचनात्मक एवं कलात्मक कौशल के माध्यम से तंबाकू से होने वाले दुष्परिणाम के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। वहीं प्रशिक्षु डौली कुमारी ने सभी प्रशिक्षुओं को नशामुक्ति का शपथ दिलाई। वहीं प्राचार्या डॉ.मृदुला भगत ने कहा कि नशीली पदार्थों के सेवन से हमारा जीवन शैली पूरी तरह से प्रभावित हो रही है, हमें नशामुक्ति के प्रति सदैव सजग एवं जागरूक रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में डॉ.रविकांत तिवारी, डॉ.पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ.पवन कुमार, स्वर्ण सिंह, डॉ.पूजा कुमारी, मनीष कुमार सिन्हा, मनीष कुमार सिंह, खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, अनिल दास, सीताराम यादव, चुन्नु कुमार, दीपक कुमार, बिपिन सचदेव, रोहित कुमार रौशन, रवि प्रसाद, बलराम कुमार यादव, संजय कुमार दास समेत सभी शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

## मेघातरी में कुत्ता के काटने से कई लोग घायल

**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत मेघातरी पंचायत में इन दिनों पागल कुत्तों का आतंक देखने को मिल रहा है। वहीं शनिवार की सुबह करीब आठ बजे मेघातरी करहरिया निवासी विनोद सिंह की तीन वर्षीय पुत्री नेहा कुमारी को घर के समीप खेलते हुए एक पागल कुत्ते ने हमला बोल दिया। जिसमें उक्त बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों ने आनन फानन में बच्ची को सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों द्वारा बच्ची का इलाज किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार कुत्ते ने शुक्रवार को कई लोगों पर हमला कर घायल कर दिया था।

# वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा में मुस्कान 93.8 प्रतिशत अंक लाकर बनी जिला टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता





**डोमचांच (कोडरमा)।** वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में डोमचांच प्रखंड की मुस्कान कुमारी पिता कामदेव सिंह मसमोहना निवासी ने झारखंड में आठवां रैंक हासिल कर पूरे जिले का नाम रोशन किया है। पूरे झारखंड में आठवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा मुस्कान यूपीजी प्लस टू हाई स्कूल मसमोहना डोमचांच की छात्रा है, जिन्होंने 469 (93. 8 प्रतिशत) अंक लाकर जिले में पहला और राज्य में आठवां स्थान प्राप्त किया है। इस खुशी के मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक बैजनाथ प्रसाद यादव, शिक्षक जितेंद्र कुमार, भीम शंकर, किशोर कुमार, राकेश कुमार, अजीत कुमार सेन ने बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं मुस्कान कुमारी का सपना इंजीनियर बनने का है, वह अपना करियर कंप्यूटर साइंस में बनाना चाहती है। मुस्कान ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, पिता कामदेव सिंह, माता अनिता देवी, बहन संतोषी, रेशु, रूबी, नीतू को दिया है।

सृष्टि सेजल ने वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा के विज्ञान संकाय राज्य में नौवें व जिले में दूसरा स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया

वहीं वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में विज्ञान संकाय से इंटर कॉलेज डोमचांच की छात्रा सृष्टि सेजल ने 468 (93. 6 प्रतिशत) अंक लाकर राज्य में नौवां व पूरे जिले में दूसरे स्थान पर रही। बताते चलें कि सृष्टि सेजल ने दसवीं तक की पढ़ाई डोमचांच के मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी से की, इसके बाद सृष्टि ने इंटर कॉलेज डोमचांच से 12वीं की पढ़ाई की और राज्य में नौवें व जिले में दूसरा स्थान प्राप्त कर जिले का और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। वहीं सृष्टि ने कहा कि मेरे दादाजी स्व. मुखलाल मोदी का सपना था कि मैं पढ़ लिखकर कुछ करूं। हमारे दादाजी का मार्गदर्शन, पिता संतोष कुमार बर्णवाल और माता गायत्री देवी के सहयोग और आशीर्वाद से मैं इस स्थान पर पहुंची हूं। विदित हो कि सृष्टि सेजल की बहन आयुषी प्रिया 2024 में 720 में 695 अंक लाकर नीट की परीक्षा पास की थी जो अभी देवघर एम्स से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है।

## वाम जनवादी मोर्चा ने डीवीसी केटीपीएस बांझेडीह में किया रोषपूर्ण प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** वाम जनवादी मोर्चा के नेतृत्व में शनिवार को विभिन्न मांगो के सवाल पर डुमरडीहा फोरलाइन चौक से सैकडों की संख्या में जुलूस निकालकर डीवीसी केटीपीएस बांझेडीह मुख्य गेट के समक्ष धरना में तब्दील हो गया। वहीं धरना की अध्यक्षता सीपीआई के वरिष्ठ नेता कॉ. महेश प्रसाद सिंह एवं संचालन ऐक्टू जिला सचिव कॉ.विजय पासवान ने किया। वहीं सभा को संबोधित करते हुए हजारीबाग के पूर्व सांसद कॉ भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार के इशारे पर यह प्लांट का विस्तारीकरण हो रहा है, जनता के विरोध के बावजूद भी केन्द्रीय उर्जा मंत्रालय ने प्लांट का विस्तारीकरण का अनुमती दिये हैं, केंद्र की मोदी सरकार 2020 में नया श्रम कानून लाकर मजदूरों के साथ धोखा किया है। वहीं जीप सदस्य महादेव राम ने कहा कि प्लांट के विस्तारीकरण से सैकड़ो गांव प्रदूषण से प्रदूषित होगें एक 1000 मेगावाट से दर्जनों गांव प्रदूषित हैं। वहीं गांधीनगर, डहुआटोला, करियावां, घंघरी, बिशोडीह, कोसमाडीह, कनद्रपडीह, डुमरडीहा, खेढोवर, मंझगावां, चमगुदोखुर्द समेत दर्जनों गांव प्रदूषण के शिकार हैं। अगर 1600 मेगावाट का विस्तार हुआ तो सैकड़ो गांव प्रदूषित होंगें। वहीं ऐक्टू जिला सचिव विजय पासवान ने कहा कि डीवीसी, केटीपीएस बांझेडीह प्लांट में मजदूरों के साथ डीवीसी प्रबंधन दमन कर रही है। चार माह काम करने के बाबजूद एक माह का पैसा दिया जाता है। वहीं अर्जुन यादव ने कहा कि डीवीसी प्रबंधन स्थानीय किसानों के साथ छल कर रही है। मौके पर प्रेम प्रकाश, विनोद पांडेय, अशोक यादव यूनियन अध्यक्ष राजेंद्र यादव, विनोद पासवान, दशरथ पासवान, मसरूल होदा आदि ने संबोधित किया।

## 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल में रसोइया संयोजिका यूनियन होगी शामिल

**कोडरमा।** केन्द्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों और लेबर कोड के खिलाफ व न्यूनतम 26 हजार मानदेय देने सहित 17 सूत्री मांगों को लेकर सीटू सहित दस ट्रेड यूनियनों के आहवान पर 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल में विद्यालय रसोइया शामिल होंगी। यह निर्णय शनिवार को ध्वजाधारी परिसर कोडरमा में महेन्द्र तुरी की अध्यक्षता में हुई। वहीं सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि कमरतोड़ महंगाई के कारण गरीबों का जीना मुश्किल हो गया है, सरकारी स्कूलों में सैकड़ों बच्चों का खाना बनाने वाली रसोईया बहनें, जिन्हें मात्र दो हजार मेहनताना अथवा मानदेय मिलता है, वह भी सिर्फ वर्ष में दस महीने का ही, जो अनियमित रूप से मिलता है और पिछले करीब चार महीने से नहीं मिला है। इन्हें न्यूनतम मजदूरी भी नहीं दिया जा रहा है। विद्यालय की रसोईया जो गरीब घर की महिलाएं हैं और प्रतिदिन सैकड़ो बच्चों का खाना बनाती हैं, जिन्हें डेली मात्र पचास रुपये मेहनताना दिया जा रहा है, जो एक तरह से इनकी मेहनत का मजाक उड़ाया जा रहा है और इनका शोषण हो रहा है। वहीं सीटू के जिला सचिव रमेश प्रजापति ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा मजदूरों के अधिकारों को कुचलकर चार लेबर कोड में बदलकर, काम के घंटे आठ की जगह बारह घंटे किया जा रहा है, इसलिए सभी मेहनतकशों को एक होना होगा। बैठक में हड़ताल को व्यापक रूप से सफल बनाने के लिए 21 जून को रसोईया यूनियन का जिला स्तरीय कन्वेंशन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में दिलीप कुमार सिन्हा, संध्या पांडेय, राजू तुरी, मुनेजा खातुन, गुड़िया देवी, रेखा देवी, आसमा खातुन, विमला देवी, सुदामा देवी, कुसुम देवी, कैलाशी देवी, कुंती देवी, मालती देवी, सुंदरी देवी, झुलिया देवी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### इंटर साइंस परीक्षा में चतरा जिला की टॉपर बनी स्नेहा, तो दूसरी रैंक पर सगी बहन नेहा



**हंटरगंज/चतरा।** जैक बोर्ड की परीक्षा परिणाम में इस वर्ष बेटियों ने परचम लहराया है। झारखंड के चतरा जिले की बेटी स्नेहा कुमारी इंटर साइंस की परीक्षा में पूरे राज्य में आठवां स्थान प्राप्त किया व जिले में अव्वल रही। वहीं स्नेहा की सगी बहन नेहा ने भी पूरे स्टेट में 9वीं रैंक प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। काशीकेवाल निवासी जिला टॉपर स्नेहा कुमारी और नेहा रामनारायण प्लस टू उच्च विद्यालय हंटरगंज की छात्रा हैं। स्नेहा ने 500 में 469 अंक हासिल किया है वहीं छोटी बहन नेहा ने 500 में 458 अंक हासिल किया है। पत्रकारों से बातचीत में स्नेहा कुमारी ने बताया कि पिता प्रमोद यादव के शब्दों ने उसे टॉपर बना दिया है। पिताजी पढ़ाई करने के लिए हमेशा प्रेरित करते रहे। पिता कहते थे कि अभी जितना संघर्ष करोगी, आगे जीवन की राह उतनी ही आसान होगी। स्नेहा ने कहा कि वह जब भी पढ़ने बैठती पिताजी के इन शब्दों को ही याद रखती थी। लेकिन, अभी मंजिल नहीं मिली है। मुझे डाक्टर बनना है। इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है। अब डाक्टर बनकर पिता जी के सपने को साकार करना है। इसके लिए वह मन लगाकर पढ़ाई करेगी। किसी सूरत में मेडिकल परीक्षा पास करना है। एक बढ़िया डाक्टर बनकर समाज की सेवा करनी है।

### सुभाष चौक को ट्रैफिक एवं कचरा मुक्त बनाने को लेकर कमेटी का गठन, अध्यक्ष बने ज्ञानेश्वर उर्फ रूपु सिंह



**चतरा (सिमरिया)।** चौक को ट्रैफिक एवं कचरा मुक्त बनाये रखने हेतु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सिमरिया के निर्देशन में चौक के सभी व्यापारी संघ, सभी दुकानदार, व्यापारिक प्रतिष्ठान, वाहन एजेंट के साथ शुक्रवार को डाक बंगला परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने की। बैठक में चौक में निरंतर साफ-सफाई बनाए रखने एवं बेहतर प्रबंधन हेतु कमेटी के गठन पर चर्चा की गयी। चर्चा के उपरांत एक व्यापारिक संघ सह स्वच्छता समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। उपस्थित सभी व्यवसायियों के द्वारा आपसी सहमति के आधार पर 13 सदस्यों की एक कमेटी का गठन किया गया, जिसमें ज्ञानेश्वर सिंह उर्फ रूपु सिंह को अध्यक्ष, मनोरंजन महाजन को सचिव, घनश्याम साहु, कौसर अंसारी एवं संदीप कुमार को उपाध्यक्ष, सुधीर सिंह को कोषाध्यक्ष एवं रवि वर्मा को उपसचिव पद के लिए चयनित किया गया। साथ ही विवेक कुमार को सिमरिया-चतरा रोड के लिए सदस्य सह स्वच्छता प्रभारी, मुकेश कुमार को सिमरिया-टण्डवा रोड के लिए सदस्य सह स्वच्छता प्रभारी, मनोज सिंह को सिमरिया-बगरा रोड के लिए सदस्य सह स्वच्छता प्रभारी, अरुण सिंह को सुभाष चौक (मुख्य चौक) सिमरिया के लिए सदस्य सह स्वच्छता प्रभारी, लक्ष्मण लाल को सिमरिया-हजारीबाग रोड के लिए सदस्य सह स्वच्छता प्रभारी एवं अनुज केसरी की सिमरिया-थाना रोड के लिए सदस्य सह स्वच्छता प्रभारी चयनित किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा समिति के सभी सदस्यों को शुभकामना दी गई एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया।

### गुड्डू आलम राजद पार्टी के दूसरी बार प्रखण्ड अध्यक्ष बने



**चतरा (सिमरिया)।** किसान भवन में शनिवार को राजद पार्टी के प्रखण्ड अध्यक्ष चयन को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेश सिंह ने की। बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में टंडवा जिप सदस्य सुभाष यादव, जियाउल हक, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शारदा देवी, जिला उपाध्यक्ष अख्तर हुसैन मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं ने प्रखण्ड अध्यक्ष का चुनाव किया। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताते हुए गुड्डू आलम को दूसरी बार पार्टी का प्रखण्ड अध्यक्ष बनाया। गुड्डू आलम दूसरी बार राजद पार्टी के प्रखण्ड अध्यक्ष बनाये गये हैं। प्रखण्ड अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूलों का माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष और कार्यकर्ता ने सिमरिया चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। दूसरी बार प्रखण्ड अध्यक्ष बनने पर गुड्डू आलम ने कहा कि जो जिम्मेवारी मिली है उसे पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व भी पार्टी संगठन को सशक्त और मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का काम करूंगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने जिस विश्वास के साथ जिम्मेवारी सौंपी है इसके लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं। मौके पर रफीक मियां, नरेश यादव, बिरेंद्र यादव, जवाहर यादव, दानवीर सिंह भोगता, विजय यादव, तालेश्वर यादव, झल्लू यादव, राजेश कुमार साहू, हलीम अंसारी, मिन्हाज अंसारी, नागेश्वर महतो, महावीर महतो, देवेंद्र यादव, टेकलाल यादव, संतोष दास, नितेश यादव, मो. जबार, सारों देवी, सरोज देवी, कमरून निशा सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कृषक सखी एवं पशु सखी प्रशिक्षण का समापन

**गिद्धौर।** प्रखंड के गिद्धौर कलस्टर एवं बरियातू क्लस्टर में कृषक सखी एवं पशु सखी का दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुरेंद्र प्रजापति के निर्देशानुसार करवाया जा रहा था। जिसका समापन शनिवार को किया गया। प्रशिक्षण पशु सखी एवं कृषक सखी को दिया गया। महिलाओं को खरीफ फसल में लगने वाले बीज का डिमांड एफपीओ से पायोनीयर 27पी31 धान 690 केजी, 27पी37 पायोनियर धान 190 केजी, बोन्ड मक्का 375 केजी की मांग की गयी है। मौके पर अनिल प्रजापति, प्रतिमा देवी, लिलम देवी, रजन्ती देवी, अंगिरा कुमारी, रेखा देवी, ललिता कुमारी, मालती कुमारी, जयंती कुमारी, प्रतिमा कुमारी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थीं।

### कुआं में डूबने से युवक की मौत

**चतरा (सिमरिया)** थाना क्षेत्र के जांगी पंचायत के चौराही गांव में शनिवार को कुआं में डूबने से एक युवक की मौत हो गयी। मृतक युवक इसी गांव का प्रभु यादव 42 वर्षीय था। परिजनों ने बताया कि वह सुबह जानवर चराने के लिए घर से निकले थे। दोपहर तक घर नहीं पहुंचने पर काफी खोजबीन की गयी। लेकिन कहीं अता पता नहीं चला। इसके बाद अचानक ग्रामीणों की नजर कुएं की ओर गयी तो देखा कि प्रभु यादव कुआं में डूबा हुआ। ग्रामीणों के हो-हल्ला पर आसपास के लोग पहुंचे। इसके बाद ग्रामीणों के काफी मशक्कत के बाद उसे कुंआ से बाहर निकाला गया। तब तक वह मर चुका था। इसके बाद ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और परिजन व ग्रामीणों से जानकारी ली। इसके बाद शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। इधर युवक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं गांव में मातम का माहौल छाया हुआ है।

### बीडीओ ने तंबाकू निषेध दिवस पर दिलाई शपथ

**चतरा।** सिमरिया प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने तंबाकू निषेध दिवस के पर कर्मियो को तंबाकू के सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई। बीडीओ ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 31 मई विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस दिन का खास मकसद लोगों को तंबाकू से सेहत को होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करना है। बीडीओ ने सभी कर्मियो को आसपास के लोगों को तंबाकू सेवन नहीं करने के प्रति लोगों को जागरूक करने को कहा। मौके पर सीओ गौरव कुमार राय, सीडीपीओ रीना साहू, रोहित कुमार, अजय पासवान, जितेन्द्र नायक, नेहाल वारसी सहित प्रखण्ड और जेएसएलपीएस के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# डोमचांच में खुला वाटर पार्क, लोगों को कर रहा आकर्षित

- विधायक ने फीता काटकर किया उद्घाटन







खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** जिले का एकमात्र द ग्रैंड मस्ती वाटर पार्क का उद्घाटन शनिवार को किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ.नीरा यादव व विशिष्ठ अतिथि के रूप में बरकट्ठा विधायक अमित यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, जिप सदस्य शांति प्रिया, डोमचांच प्रखंड प्रमुख मौजूद रहे। बताते चलें कि यह वाटर पार्क डोमचांच प्रखंड के गैठीबाद में स्थित है। पार्क का उद्घाटन अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. नीरा यादव ने कहा कि आज कोडरमा जिले के युवा वर्ग हर क्षेत्र में आगे आ रहे हैं। इस प्रकार से मनोरंजन का साधन उपलब्ध कराकर उन्होंने यह साबित कर दिया कि कोडरमा जिला नम्बर वन पर है, चाहे वो शिक्षा का क्षेत्र हो या विकास का क्षेत्र। जिला आज प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। वाटर पार्क खुलने से जिले के लोगों को अब मनोरंजन के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। वाटर पार्क के खुलने से लोगों को रोजगार भी मिलेगा। साथ ही उन्होंने वाटर पार्क के ऑनर को सुरक्षा व्यवस्था का ख्याल रखने को कहा है। वहीं रामधन यादव ने कहा कि हमलोग घूमने के लिए कई पर्यटन स्थलों में जाते हैं, जैसे ध्वजाधारी पहाड़, तिलैया डैम, आदि, आज डोमचांच का ग्रैंड मस्ती वाटर पार्क का भी नाम पर्यटन स्थल में जुड़ गया है, जो गौरव की बात है। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। वहीं सत्यनारायण यादव ने कहा कि डोमचांच के युवाओं ने वाटर पार्क खोलकर जिले के लोगों के लिए मनोरंजन का अवसर प्रदान किया है। अब लोगों को जिले से बाहर नही जाना पड़ेगा मस्ती के लिए ग्रैंड मस्ती वाटर पार्क उपलब्ध है।

वहीं प्रोपराइटर महेंद्र दास, बिद्धू कुमार, शशि कुमार, प्रेम गुप्ता, अक्षय कुमार, दीपक गुप्ता ने बताया कि हमारे वाटर पार्क में ओपन बॉडी स्लाइड, फैमिली स्लाइड, वेब स्पीड स्लाइड, मल्टी लेन स्लाइड, वाटर प्ले सिस्टम, रेन डांस, वेब पुल, बंजी जंपिंग, बुल राइडिंग, आदि शामिल है। हमलोग आने वाले लोगों के लिए पार्किंग, लॉकर, कॉस्ट्यूम, पुरुष और महिलाओं के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम, रेस्टुरेंट की सुविधा दे रहे हैं। रेस्टोरेंट में 200 से अधिक भोज्य सामग्री पर उसमें बीस प्रतिशत की छूट रहेगी। वहीं सुरक्षा की दृष्टिकोण से देखा जाए तो पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है, फायर सेफ्टी पर विशेष ध्यान दिया गया है, स्लाइड में लाइफ गार्ड, सिक्योरिटी गार्ड रहेंगे, जो पल-पल लोगों पर नजर रखेंगे। साथ ही यदि किसी को चोट वगैरह लगती है तो फर्स्ट एड की सुविधा, एलम्बुलेंस की सुविधा अन्य मेडिकल फैसिलिटी भी उपलब्ध है। इसके अलावा यहां ओपन बिग गार्डेन भी है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि अभी हमारे ओर से ऑफर पास है, जिसमें एक साथ 4 टिकेट में 1 टिकट फ्री रहेगी। इसके अलावा अन्य तरह की पास का ऑफर है। मौके पर डॉ.सोनू कुमार, रामदेव यादव, सुनील दास, सुजीत मेहता, प्रमांशु कुमार, परवेज खान, रामचंद्र यादव, अजीत कोहिनूर, प्रकाश अम्बेडकर, प्रेम गुप्ता, पारिजात सिंह, शिवम कुमार आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त ने की ग्रामीण विकास विभाग, डीएमएफटी, जेएसएलपीएस समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं, जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से संचालित योजनाओं, खनन, जेएसएलपीएस, भूमि संरक्षण समेत अन्य की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मनरेगा अंतर्गत बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि गाइडलाइन के अनुसार लक्ष्य के विरुद्ध प्राप्त आवेदनों को स्वीकृत करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करें। सभी प्रखंड में दो दो नरेगा पार्क बनाने हेतु भूमि चिन्हित करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने की बात कही। झारखंड सरकार द्वारा संचालित झारखंड वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की शुरूआत वर्ष 2020 में मई माह में हुई है, योजना अंतर्गत जिले भर में ग्रामीण इलाकों में कुल 523 खेल मैदान का विकास किया जाना है। वीर शहीद फोटो हो खेल मैदान में 100% प्रतिशत शौचालय और ड्रेसिंग रूम की व्यवस्था हो इसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना की भी समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के मामले में उन्होंने धीमी प्रगति देख नाराजगी व्यक्त करते हुए हंटरगंज, कान्हाचट्टी, चतरा, टंडवा, गिद्धौर के प्रखंड विकास पदाधिकारी से कारण पृच्छा करने का निर्देश दिया। वहीं नाबार्ड, जेएसएलपीएस, खनन, भूमि संरक्षण समेत अन्य विभागों की भी बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी, जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत, सभी कार्यकारिणी एजेंसी के कार्यपालक अभियंता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# कॉमर्स में चुन्नीलाल उच्च विद्यालय की छात्रा करुणा निधि राम बनी टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जैक द्वारा साइंस और कॉमर्स का रिजल्ट घोषित किया गया। जिसमें चुन्नीलाल उच्च विद्यालय की छात्रा करुणा निधि राम ने वाणिज्य संकाय में जिला टॉपर बनी। करुणा को 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए है। राजकीय कृत प्लस टू चुन्नीलाल उच्च विद्यालय लोहरदगा के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। इस बार का रिजल्ट पिछली बार की तुलना में और भी बेहतर हुआ है इस बार विद्यालय से कॉमर्स में 99 स्टूडेंट्स अपीयर्ड हुए और 99 पास भी हुए है। कॉमर्स में इस बार 99 स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए जिसमें 61 प्रथम श्रेणी, 37 द्वितीय तथा एक तृतीय स्थान प्राप्त किए। साइंस में इस बार स्कूल टॉपर रोशनी मुंडा रही जिसने परीक्षा में 430 अंक प्राप्त किया तथा 86% लाई ' इस बार साइंस में 174 स्टूडेंट्स अपीयर्ड हुए थे जिसमें 125 प्रथम स्थान तथा 23 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिला में टॉप 10 में 6 स्टूडेंट प्लस टू चुनीलाल के ही छात्र- छात्राओं ने अपनी जगह बनाई है।



कॉमर्स में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी

## नंदलाल प्लस 2 अरु उच्च विद्यालय की छात्रा रोशनी भगत साइंस में बनी जिला टॉपर

जिले के सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नंदलाल प्लस 2 अरु उच्च विद्यालय की छात्रा रोशनी भगत ने शानदार प्रदर्शन कर जिला का नाम रौशन किया है। इंटर साइंस में 468 अंक लाकर जिला टॉपर बनी है साथ ही राज्य में टॉप 10 में शामिल है। पूरे झारखंड में 9वा स्थान प्राप्त हुआ है। रोशनी भगत के शानदार प्रदर्शन से परिवार और स्कूल प्रबन्धन काफी खुश है।

## स्पीड न्यूज

### चेंबर का प्रतिनिधिमंडल मिला नापा प्रशासक से

**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में चेंबर का एक प्रतिनिधि मंडल नगर परिषद प्रशासक सारजेन मरांडी से उनके कार्यालय में मुलाकात किया और नगर के अनेकों समस्याओं से संबंधित मांग पत्र सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से डीएसपी रोड में कई जगहों पर जल जमाव और नालियों के ऊपर स्लैब नहीं होने से हो रही कठिनाई से अवगत करते इसका निराकरण की मांग की। वहीं गुमला शहर के हृदय स्थल टावर चौक का सुंदरीकरण की भी पहल करने की अपील की। बरसात शुरू होने से पहले नगर के सभी स्ट्रीट लाइट को व्यवस्थित करने तथा सभी वार्डों की नालियों के साफ–सफाई बरसात शुरू होने से पहले करने की मांग।

### विश्व तंबाकू दिवस पर जागरूकता अभियान

**गुमला।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर 46 झारखंड बटालियन एनसीसी डीएवी गुमला की सीनियर विंग कैडेट ताशा झा ने पोस्टर एवं स्वरचित कविता के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया। 46 झारखंड बटालियन एनसीसी कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पी बी शर्मा ने कहा कि विविध जागरूकता अभियानों में एनसीसी कैडेट महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। एनसीसी का उद्देश्य राष्ट्र और समाज के प्रति जागरूक नागरिक तैयार करना है। डीएवी गुमला प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहु ने कहा कि तंबाकू के हानिकारक प्रभावों से हमें सबसे ज्यादा युवा पीढ़ी को बचाना है, वहीं विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शनिवार को पीएलबी सदस्यों के द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में जहां ग्रुप में अभियान चलाया गया।

### खरीफ विकसित संकल्प अभियान को लेकर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के नौ पंचायतों में खरीफ विकसित संकल्प अभियान को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। इस आशय की जानकारी देते हुए बीटीएम नीरज कुमार ने बताया कि प्रखंड के नौ पंचायत में ग्रामीण किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य उन्नत कृषि प्रौद्योगिकी के साथ–साथ पशुधन मुर्गी पालन, मत्स्य पालन सहित विभिन्न विषयों पर किसानों को जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक करना था। कृषि विकास हेतु विभिन्न सरकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में जानकारी दी गई। वहीं स्वाइल हेल्थ कार्ड और समुचित उर्वरकों के विषय में किसानों को बतलाया गया।

### जनप्रतिनिधियों के लिए आयोजित कार्यशाला संपन्न

**घाघरा।** संगम बैंक्वेट हॉल में इंटीग्रेटेड नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट विषय पर जनप्रतिनिधियों के लिए आयोजित कार्यशाला संपन्न हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों के समेकित प्रबंधन के प्रति जनप्रतिनिधियों को जागरूक करना और स्थानीय विकास योजनाओं में उनकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना था। प्रदान संस्था से आए प्रशिक्षक गोपीनाथ पत्रा, अहल्या भारती,सुनीता कुमार,रिमा कुमारी ने जल संरक्षण, मृदा सुधार, वनीकरण, कृषि विकास और सतत आजीविका के विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को सफल आईएन आर एम मॉडल, विभिन्न सरकारी योजनाओं और तकनीकी सहयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। वहीं प्रशिक्षकों ने महिलाओं को विशेष कर पानी संबंधित उपयोग और उसके संरक्षण पर बताया।

## जंगली हाथी का कहर, ग्रामीण दहशत में

### हाथी ने किया स्कूल भवन को क्षतिग्रस्त


हाथी के द्वारा क्षतिग्रस्त मकान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर अंचल के बुकमा गांव में इन दिनों जंगली हाथी का आतंक छाया हुआ है। जिससे ग्रामीण दहशत में हैं और उनकी सामान्य दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है। हाथी ने न केवल घरों को निशाना बनाया है, बल्कि सरकारी स्कूल को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। जिससे बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल हस्तक्षेप और सुरक्षा की गुहार लगाई है। शुक्रवार रात करीब 11 बजे, बुकमा निवासी राजकुमार उरांव और उनके परिवार को एक खौफनाक अनुभव से गुजरना पड़ा। एक जंगली हाथी उनके घर की ओर आया और एस्बेस्टस शीट को खींचना शुरू कर दिया। इस अप्रत्याशित हमले से सहम कर राजकुमार और उनका परिवार किसी तरह जान बचाकर घर से बाहर भागा। बाहर आकर उन्होंने देखा कि हाथी उनके घर में भारी तोड़फोड़ कर रहा था। हाथी ने घर की दीवार गिरा दी, जिससे घर में रखा सारा सामान और अनाज पूरी तरह नष्ट हो गया। राजकुमार ने अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया का उनका परिवार अब बेघर हो गये हैं और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। राज्यकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बुकमा को भी नहीं बख्शा। राजकुमार के घर को तोड़ने के बाद हाथी ने पास ही स्थित राज्यकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बुकमा को भी अपना निशाना बनाया। हाथी ने स्कूल की खिड़कियों को तोड़ दिया और स्कूल में रखे पाँच बोरी चावल में से दो बोरी चावल खा गया। इसके अलावा, हाथी ने स्कूल की पुस्तकों, अलमारी और टेबल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया और स्कूल के कागजातों को रौंद दिया। इस घटना से स्कूल में पढ़ाई बाधित हुई है और बच्चों के भविष्य पर भी इसका असर पड़ रहा है। ग्रामीणों में भय का माहौल और वन विभाग से जनजान माला की सुरक्षा का अपील किया। ग्रामीणों ने बताया कि बुकमा में जंगली हाथियों का प्रवेश अक्सर होता रहता है। जिससे उनको जान-माल का खतरा बना रहता है। वे हर पल अपनी जान बचाने में लगे रहते हैं और रात में ठीक से सो भी नहीं पाते। ग्रामीणों ने वन विभाग से इस गंभीर समस्या पर तत्काल पहल करने की अपील की है।

## आजसू के 24 जिलों के जिलाध्यक्षों की बैठक गुमला मे संपन्न


बैठक में शामिल विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिला मुख्यालय के बाईपास रोड स्थित स्वर्ण भूमि बैंक्विट हॉल में आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू की अध्यक्षता में झारखंड प्रदेश के सभी 24 जिले से आए जिलाध्यक्षों की अहम बैठक शनिवार को हुई। जिसमें पार्टी संगठन का विस्तार व मजबूती एवं केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के कुशल नेतृत्व में आजसू का विस्तार कर पुराने तेवर को स्थापित करने पर चर्चा हुई। जिस पर गहन चिंतन मंथन किया गया । केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के दूरदर्शी विचारधारा एवं नेतृत्व में झारखंड प्रदेश में शिक्षा हरियाली और विकास के साथ-साथ झारखंड के बेरोजगार, युवाओं को स्वरोजगार व रोजगार को लेकर एक सशक्त स्वशासन झारखंड में स्थापित करने पर बैठक पर बल दिया गया।

इस विचारधारा को लेकर 24 जिला के जिला से आए हुए जिला प्रतिनिधियों के द्वारा अपना बहुमूल्य विचार व्यक्त किया गया। अलग राज्य के आंदोलन की मांग को लेकर आंदोलन से उपजी आजसू पार्टी का झारखंड प्रदेश में स्वशासन स्थापित करने के लिए पार्टी के क्रांतिकारी युवा कटिबद्ध एवं कृत संकल्पित है । सुदेश महतो के कुशल नेतृत्व में झारखंड प्रदेश का विकास संभव है।

## एक नजर में

### 25वां राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में लोहरदगा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**लोहरदगा।** धनबाद में आयोजित 25 वां राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में लोहरदगा जिला के 20 बालक और बालिका ताइक्वांडो खिलाड़ी भाग लिए थे। प्रतियोगिता के विभिन्न वेट ग्रुप में शामिल खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर 12 गोल्ड 6 सिल्वर मेडल जीता। शानदार प्रदर्शन कर धनबाद से लौटे खिलाड़ियों का लोहरदगा जिला ताइक्वांडो संघ ने रेलवे स्टेशन में जोरदार स्वागत किया। लोहरदगा जिला ताइक्वांडो टीम के साथ कोच मेतालि कुमारी, देवाल उरांव ,मैनेजर और ऑफिशियल रेफरी जयमाला कुमारी शामिल थी। वहीं जिले के विभिन्न स्कूलों और कॉलेज के खिलाड़ियों में साधना सिन्हा गोल्ड, मनीषा कुमारी गोल्ड, रोशनी कुमारी गोल्ड, गौसिया प्रवीण गोल्ड, अंकित कुमार सिन्हा गोल्ड, बंदना कुमारी गोल्ड, अरबिना कुमारी गोल्ड, मनीता कुमारी गोल्ड, क्रिस्टीना मिंज गोल्ड, रानी उराव गोल्ड, सोनम कुमारी गोल्ड, अंशिका कुमारी गोल्ड, रोशनी कुमारी सिल्वर, रेखा कुमारी सिल्वर, मासि कच्छप सिल्वर, प्राची उरांव सिल्वर, राधिका कुमारी सिल्वर और पूजा कुमारी ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन और उनके उज्वल भविष्य की के लिए जिला ताइक्वांडो संघ के पदाधिकारियों और जिले के खेल प्रेमियों ने बधाई दिया है।

### उपायुक्त से मिले सांसद प्रतिनिधी साजीद अहमद एवं प्रखण्ड के सांसद प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** सांसद सुखदेव भगत के लोहरदगा जिला सांसद प्रतिनिधी एवं प्रखण्ड के सांसद प्रतिनिधी का प्रतिनिधी मण्डल लोहरदगा के उपायुक्त कुमार ताराचंद से मिले एवं उनके सम्मान मे गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। मौके पर उपायुक्त से जिल के विकास को लेकर चर्चा भी की गई। प्रतिनिधी मंडल मे सांसद प्रतिनिधी साजीद अहमद, लोहरदगा प्रखण्ड के सांसद प्रतिनिधी मनोज सोन तिर्की, भण्डरा प्रखण्ड सांसद प्रतिनिधी विजय चौहान, किस्को प्रखण्ड सांसद प्रतिनिधी दयानन्द उराव, सेन्हा प्रखण्ड सांसद प्रतिनिधी नन्द किशोर शुक्ला, स्वास्थ प्रतिनिधी सोनू कुरैशी, कुडू प्रखण्ड सांसद प्रतिनिधि विकास शाहदेव, कैरो प्रखण्ड सांसद प्रतिनिधी समीद अंसारी, भण्डरा प्रखण्ड प्रतिनिधी राधेश्याम साहु, युवा जिला कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जिलानी शामिल थे।

### आर्य समाज लोहरदगा द्वारा नये उपायुक्त को दिया गया आमंत्रण

**लोहरदगा।** आर्य समाज लोहरदगा द्वारा जिले के नव नियुक्त उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद से मिलकर उन्हें बधाई और शुभकामना दी । मौके पर आर्य समाज लोहरदगा द्वारा प्रस्तावित एकदिवसीय 51 कुण्डीय वैदिक महायज्ञ कार्यक्रम जो 01 जून दिन रविवार को मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला महाविद्यालय बरवाटोली में आयोजित होने वाला है इस महायज्ञ कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया। आर्य समाज लोहरदगा के मंत्री डॉ आचार्य अशोक ने उपायुक्त को आर्य समाज लोहरदगा द्वारा जिले में शिक्षा और समाज निर्माण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिसमें उपायुक्त द्वारा सराहना की गई साथ ही अपना सहयोग का संकल्प दोहराया। उपायुक्त ने पूरे भारत में आर्य समाज के योगदान एवं कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर उपायुक्त को पुष्प गुच्छ देकर और पट्टा पहना कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आर्य समाज लोहरदगा के प्रधान नीरज प्रसाद आर्य, मंत्री डॉ अशोक आचार्य, मीडिया प्रभारी हिमांशु कुमार, संगठन मंत्री लोकेश भूषण, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार कर्मकार आदि मौजूद थें।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**गुमला।** स्वास्थ्य विभाग, जिला तंबाकू नियंत्रण कोषांग एवं सेंटर फॉर कैटलाईजिंग चेंज के संयुक्त तत्वाधान में गुमला जिला के विभिन्न प्रखंडों में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सिविल सर्जन, एसीएमओ, डीएस के द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा के किया गया।कार्यक्रमों में किशोरों, किशोरियों एवं युवाओं और ग्रामीणों के बीच तंबाकू निषेध जागरूकता सत्र, जागरूकता रैली एवं हस्ताक्षर युक्त शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। जिला के स्वास्थ्य उपकेंद्रों, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर युवा मैत्री केंद्र के सलाहकार, ए.एन.एम., सहिया, सेविका, साथिया एवं सेंटर फॉर कैटलाईजिंग चेंज की टीम द्वारा तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों पर जानकारी साझा की गई। वक्ताओं ने बताया कि तंबाकू सेवन से फेफड़ों का कैंसर, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसके साथ ही यह न केवल हमारे शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि तंबाकू एवं इससे बने उत्पादों से दूर रहकर ही हम एक स्वस्थ जीवन और स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित किशोरों एवं युवाओं ने शपथ ली कि वे कभी भी तंबाकू या उससे बने किसी भी उत्पाद का सेवन नहीं करेंगे तथा अपने मित्रों, परिवारजनों एवं समाज को भी इसके सेवन से रोकने का प्रयास करेंगे।

### एनडीआरएफ की टीम ने प्राकृतिक आपदा से बचने का दिया प्रशिक्षण

**जारी।** जारी प्रखंड कार्यालय के सभागार में एनडीआरएफ के पांच सदस्यी टीम के द्वारा प्रखंड व अंचल कर्मियों को प्राकृतिक आपदा से बचाने का प्रशिक्षण दिया गया। ताकि कर्मी आम लोगों को इसकी जानकारी दे सके। इस दौरान सी.ओ दिनेश गुप्ता के अलावे प्रखंड कर्मी मौजूद थे । एनडीआरएफ के एसआई हेमंत कुमार तिवारी ने लोगों को बताया कैसे प्राकृतिक आपदा से बचाना है। यदि सांप काट ले तो सांप को पहचानने का तरीका, वज्रपात, भूकंप और बाढ़ से बचने का तरीका, सड़क दुर्घटना या किसी भी तरह की घटना से खून निकलने पर उसे तत्काल रोकने का तरीका, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में यदि बाढ़ आती है तो प्लास्टिक बोतल या बड़ा जरकिन को अपने शरीर में बांध ले तो पानी में डूबने से बचा जा सकता है। साथ ही आपदा से बचने के लिए कई अहम जानकारी दी गई। सीओ ने कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा है कि जो भी प्रशिक्षण एनडीआरएफ के द्वारा सिखाया गया है उसे आम लोगों को बताए ताकि आपदा से बचा जा सके। वही मौके पर एनडीआरएफ रेस्कूअर दीपक कुमार, राजीव कुमार, रितेश कुमार,और ब्लॉक कर्मी भींसेंट एक्का, विकाश कुमार, प्रकाश उराव,सहित काफी लोग मौजूद थे।

**ई-जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन**

## ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ ऑनलाईन समाधान


ऑनलाइन लोगों की समस्या सुनते हैं अपर समाहर्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिला मुख्यालय में शनिवार को ई-जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर पालकोट एवं बसिया प्रखंड के ग्रामीणों ने अपने-अपने नजदीकी प्रखंड कार्यालयों से ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपनी समस्याओं से अपर समाहर्ता को अवगत कराया। पालकोट से एक ग्रामीण ने पंजी-2 से संबंधित भूमि मामले को उठाया, जिस पर अपर समाहर्ता ने आवश्यक जांच कर समाधान का भरोसा दिलाया। वहीं एक अन्य शिकायतकर्ता ने आधार कार्ड में बायोमेट्रिक अपडेट नहीं होने की समस्या रखी, जिस पर श्री बड़ाइक ने संबंधित ऑपरेटर को निर्देशित किया कि समस्या का समाधान प्रखंड स्तर पर शीघ्र सुनिश्चित करें।

अंचल से संबंधित एक मामले में एक ग्रामीण ने भूमि रसीद नहीं कटने की शिकायत की। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए अपर समाहर्ता ने प्रखंड कर्मियों को फटकार लगाते हुए कहा कि ऐसी छोटी-छोटी समस्याएं प्रखंड स्तर पर ही निपटाई जानी चाहिए, ताकि ग्रामीणों को जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने स्पष्ट कहा कि समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर प्राथमिकता से हो।

## उपायुक्त कुमार ताराचंद ने जिला के सभी विभाग के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

### पदाधिकारियों को अपने प्रदर्शन में सुधार करने और सौ प्रतिशत देने का निर्देश दिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त कुमार ताराचंद ने शनिवार को सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में की। इस मौके पर सभी विभाग के पदाधिकारियों द्वारा उपायुक्त को अपना परिचय दिया गया और विभाग की गतिविधियों/योजनाओं से अवगत कराया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यों, अपने यहां संचालित योजनाओं, लक्ष्य की समीक्षा कर उसमें अपना सौ प्रतिशत योगदान देना सुनिश्चित करें। अगर किसी प्रकार की समस्या है तो मिलकर समाधान निकाला जाएगा।

पूर्व से संचालित योजनाओं में लाभुक चिन्हित करने की तैयारी पूर्व से ही कर लें तभी लक्ष्य को समय पर पूर्ण किया जा सकेगा। अपने योजनाओं की सतत समीक्षा करते रहें। सभी योजनाओं में ग्रामसभा कराकर, प्रखण्ड स्तरीय समिति से योजनाओं का अप्रूवल लेकर उसे जिला स्तर पर भेजें ताकि राज्यादेश प्राप्त होते ही उसे अनुमोदित किया जा सके। किसी प्रकार की समस्या के निवारण के लिए मैं सप्ताह में चौबीसों घंटे उपलब्ध रहूंगा। पूर्व के वर्षों में हुए कार्यों को नियमित रूप से आगे बढ़ाउंगा और नयी चीजों को भी उसमें जोड़ा जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में उपायुक्त ने जिला में सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र, जिला में चिकित्सकों व विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, की समीक्षा की। साथ ही, प्रखण्डों से रक्त जांच के लिए प्राप्त होनेवाले सैंपल को जिला में जांच के लिए उसी दिन भेजा जाए जिस दिन प्रखण्डों में सैंपल प्राप्त किया जाता हो। डीपीएम स्वास्थ्य के डेटा की समीक्षा करें। सभी पंचायतों में कॉमन सर्विस सेंटर की उपलब्ध व उनकी कनेक्टिविटी, संचालित हो रहे ज्ञान केंद्र की स्थिति की समीक्षा की और शेष ज्ञान केंद्रों को भी प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। पेंशन की योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही पूर्व से संचालित योजनाओं में लाभुक चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। आपूर्ति विभाग अंतर्गत विभिन्न तरह के कार्ड व उसके अंतर्गत लाभुक कार्डधारकों की समीक्षा की गई। जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा खाद्यान्न के उठाव व वितरण की भी जानकारी उपायुक्त को दी गई।


बैठक करते डीसी

जिला योजना विभाग द्वारा केंद्र से प्राप्त अवार्ड मनी, बीते बैठक में अनुमोदित प्रस्तावों व उसके विरुद्ध खर्च होनेवाली राशि की जानकारी दी गई। योजना पदाधिकारी द्वारा एससीए योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।

## हिंडालको कंपनी मजदूर, जमीन मालिकों का शोषण करना बंद करें: सांसद

### हिंडालको कंपनी ग्रामीणों की मुख्य समस्या पेयजल, स्वास्थ्य एवं शिक्षा का करे निदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** पठारी क्षेत्र की समस्याओं का निदान त्वरित गति से हो उसके लिए सांसद सुखदेव भगत ने एक ऐतिहासिक कदम उठाऐ जो आज तक किसी सांसद ने नहीं किया था। सांसद गुरदारी माइंस क्षेत्र के मजदूर, जमीन मालिक एवं ग्रामीणों की समस्याओं का निदान आमने-सामने हो उसके लिए गुरदारी माइंस के पंचायत भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन करवाया जिसमें सांसद, जिला प्रशासन से वन विभाग के पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, बैंक के अधिकारी, हिंडालको कंपनी के वरिष्ठ पदाधिकारी, मुखिया, प्रमुख, वार्ड सदस्य इंटक यूनियन के पदाधिकारी के साथ ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम में जमीन मालिकों ने अपनी जमीन समतलीकरण करवाने, जमीन मालिकों का ट्रक का नंबर लगवाने, जमीन मालिक जिन्हें कम से हटा दिया गया है उसे काम पर रखवाने, जमीन मालिक को एग्रीमेंट पेपर देने, शिक्षकों का मानदेय बढ़ाने, पानी का छिड़काव करवाने, वन जमीन में अवैध उत्खनन को रोकने, ग्रामीणों की समुचित स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध कराने, पेयजल की व्यवस्था करने, स्थानीय लोगों को हिंडालको द्वारा रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ अबूवाआवास, यात्री शेड का निर्माण करवाने, हाई स्कूल को उत्क्रमित कर इंटर कॉलेज खुलवाने, बिजली की समूचित व्यवस्था करवाने, वृद्धावस्था पेंशन जैसे अनेक समस्याओं को लोगों ने कार्यक्रम में रखा।



संबोधित करते सांसद व मंचशीन अतिथि

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का निदान त्वरित गति से हो उसके लिए वे इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन करवाए हैं। सांसद ने कहा कि इस क्षेत्र के सबसे बड़ी समस्या हुई है भूईहर जाति के लोगों का जाति प्रमाण पत्र बनाने का है। आदिवासी होने के बावजूद इनका आदिवासी का जाति प्रमाण पत्र नहीं बनता है। कंपनी इनका जमीन लेकर धारा 49 का उल्लंघन किया है। उपायुक्त से बगैर परमिशन लिए इन लोगों का जमीन को लेकर हिंडालको कंपनी नेउत्खनन कार्य किया है जो जो अब नहीं करने दिया जाएगा। सांसद ने अंचलाधिकारी से भूईहर जाति के लोगों को जांचोपरांत जाति प्रमाण पत्र बनाने का निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि हिंडालको कंपनी जमीन मालिकों के साथ शोषण किया है ।बहुत से जमीन मालिकों का जमीन समतलीकरण नहीं किया गया। जमीन मालिकों का ट्रक का नंबर नहीं लगवाया गया है । कईजमीन मालिकों को नौकरी से बैठा दिया गया है। हिंडालको शिक्षकों को मात्र ?80 प्रति दिन मानदेय देता है ।स्वास्थ्य की समुचित व्यवस्था नहीं किया गया है। जमीन मालिकों के एग्रीमेंट का पेपर नहीं दिया जाता है।

# इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय में चंदवा का पीयूष गुप्ता लातेहार जिले में अव्वल


- वाणिज्य संकाय में निखिल कुमार बना प्रखंड टॉपर, जिले में रहा 8 वें स्थान पर
- 12वीं विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में चंदवा के विद्यार्थियों ने लहराया परचम


1
विज्ञान संकाय में जिला टॉपर पीयूष को मिठाई खिलाने माता-पिता।


2


3


4


5


6

- फोटो 1 विज्ञान संकाय में जिला टॉपर पीयूष को मिठाई खिलाने माता-पिता
- फोटो 2 सुरभि कुमार प्रखंड में द्वितीय स्थान
- फोटो 3 निधि कुमारी प्रखंड में तृतीय स्थान
- फोटो 4 वाणिज्य संख्या में प्रखंड टॉपर निखिल कुमार
- फोटो 5 अनिता कुमारी प्रखंड में द्वितीय स्थान (वाणिज्य)
- फोटो 6 हिमांशु कुमार ( परियोजना प्लस 2 उच्च विद्यालय सासंग)

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** झारखंड अधिविध परिषद रांची के द्वारा शनिवार को इंटर विज्ञान व वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया। जारी परीक्षा परिणाम में लातेहार जिला का दबदबा देखने को मिला है, इंटरमीडिएट विज्ञान एवं वाणिज्य दोनों संकाय में पूरे राज्य में लातेहार जिले का स्थान प्रथम रहा है। जारी परीक्षा परिणाम में चंदवा प्रखंड के विद्यार्थियों ने जिले में अपनी सफलता का झंडा गाड़ा है। विज्ञान संकाय में पुस्तक एवं स्टेशनरी शॉप के संचालक विनय कुमार के पुत्र पीयूष गुप्ता ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रखंड के साथ पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पीयूष कुमार स्थानीय प्लस 2 हाई स्कूल चंदवा का छात्र है। वहीं विज्ञान संकाय में ही चंदवा प्रखंड में दूसरे स्थान पर सुरभि कुमारी रही, इन्हें 85 प्रतिशंक अंक प्राप्त हुए, प्रखंड में तीसरे स्थान पर परियोजना प्लस 2 उच्च विद्यालय सासंग की छात्रा निधि कुमारी रही। उन्हें 84.4 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। निधि कुमार प्रखंड में तीसरा स्थान प्राप्त करने के साथ परियोजना प्लस 2 उच्च विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल की है। इसके अलावे विद्यालय के शौरभ कुमार 81.2 प्रतिशत अंक, सोनू कुमार 75.6 अंक प्राप्त कर विद्यालय में क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

**वाणिज्य संकाय में निखिल कुमार बना प्रखंड टॉपर**

वाणिज्य संकाय में प्लस टू उच्च विद्यालय का छात्र निखिल कुमार पिता अंजय कुमार ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के साथ प्रखंड में टॉपर बने हैं। निखिल कुमार लातेहार जिला टॉप 10 में भी 8 वें स्थान पर रहे हैं। वही अनिता कुमारी पिता परमेश्वर गंझू माता पार्वती देवी 81.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रही है। तृतीय स्थान पर प्रदीप उरांव पिता जगन्नाथ उरांव माता सोनवा देवी ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वाणिज्य संकाय में ही परियोजना प्लस 2 हाई स्कूल के हिमांशु कुमार यादव 72.8 प्रतिशत अंक, रोशनी कुमारी 72.4 प्रतिशत एवं प्रिंस कुमार 71.6 प्रतिशत अंक प्राप्त पर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

**डॉक्टर बनकर करूंगा देश की सेवा: पीयूष कुमार**

विज्ञान संकाय में जिला टॉप करने वाले पीयूष गुप्ता भविष्य में डॉक्टर बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि नीट की परीक्षा भी दी है। उन्हें उम्मीद है नीट को परीक्षा में वे सफल रहेंगे। पीयूष ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों के मार्ग दर्शन, माता पिता के आशीर्वाद एवं अपनी कड़ी मेहनत को दिया है। बता दें कि पीयूष कुमार मैट्रिक में प्रखंड टॉपर रहा था।

**शिक्षकों ने विद्यार्थियों को दी बधाई**

इंटरमीडिएट विज्ञान वाणिज्य संख्या में विद्यार्थियों के बेहतर परीक्षा परिणाम पर चंदवा प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार एवं परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय सासंग के प्राचार्य पंकज कुमार यादव ने बच्चो की इस प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए सभी बच्चो को उनके उज्वल भविष्य की कामना को लेकर शुभकामनाएं दी है।

**जिला में अच्छे डिग्री कॉलेज, टेक्निकल कॉलेज और मास्टर डिग्री कॉलेज की जरूरत: रविराज**

लातेहार विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज ( शिक्षा एवं पर्यटन) ने 12वीं कक्षा के रिजल्ट पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए इस ऐतिहासिक बताया। रविराज ने कहा कि रिजल्ट के लिए लातेहार के विभिन्न स्कूलों के शिक्षक, अभिभावक और परीक्षार्थी बधाई के पात्र हैं। कभी नक्सल क्षेत्र के रूप में विख्यात लातेहार जिला में शैक्षणिक स्तर सुधर रहा है जोकि दूरगामी परिणाम के संकेत है। जिला में जरूरत है अच्छे डिग्री कॉलेज, टेक्निकल कॉलेज और मास्टर डिग्री कॉलेज। लातेहार विधानसभा में माइनिंग क्षेत्र में असीम संभावना है, माइनिंग से संबंधित कार्यों का ट्रेनिंग सेंटर भी खुलना चाहिए ताकि भविष्य में लोगों को रोजगार भी मिल सके।

## जलता हाई स्कूल का दिखा जलवा, स्नेहा रही स्कूल टॉपर


स्नेहा पाण्डेय।

**लातेहार।** जैक ने 12वीं विज्ञान व वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। इसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय जलता लातेहार का शानदार प्रदर्शन रहा। विज्ञान संकाय में 387 अंक लाकर लातेहार में स्नेहा पाण्डेय स्कूल टॉपर रही। दूसरे स्थान पर अर्चना कुमारी और तीसरे स्थान पर उज्जवल कुमार रहें। इस विद्यालय से 12वीं विज्ञान संकाय की परीक्षा में कुल 18 बच्चे शामिल हुए थे, जिसमें 17 बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं विद्यालय के परीक्षा परिणाम अच्छा आने पर विद्यालय के प्राचार्य आशीष कुमार ने सभी बच्चों को बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा है कि ऐसे ही बच्चे कठिन मेहनत करें ताकि भविष्य में स्कूल, अपने अभिभावक और जिले का नाम रौशन कर सकें। इधर जब स्नेहा पाण्डेय के पिता रंजीत पाण्डेय से बात की गई तो उन्होंने कहा कि स्नेहा शुरू से ही पढ़ाई में रूची रखती है और आगे चलकर लोगों की सेवा करनी चाहती है।

## बरवाडीह : अर्शी बनीं प्रखंड टॉपर, अमन व आदिल ने भी बढ़ाया मान


आदिल अंसारी


अमन कुमार


अर्शी अंजुम।

**बरवाडीह।** इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही बरवाडीह क्षेत्र में जश्न का माहौल है। यहां के प्लस टू विद्यालय के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ अपने विद्यालय का, बल्कि पूरे प्रखंड और जिले का नाम रोशन किया है। बरवाडीह मेन रोड स्थित रईस बूट हाउस के संचालक रईस कौशर की पुत्री अर्शी अंजुम ने 444 अंक अर्जित कर विज्ञान संकाय में प्रखंड टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। इसके साथ ही वह जिले की तीसरी टॉपर भी बनी हैं। अर्शी की सफलता ने न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र को गर्व से भर दिया है। वे आगे चलकर डॉक्टर बनने चाहती हैं। इसी कड़ी में आरजू सिंगार स्टोर के संचालक अनवर मुस्तफा के पुत्र आदिल अंसारी ने 430 अंक प्राप्त कर प्रखंड में दूसरा और जिले में 9वां स्थान हासिल किया है। वहीं ज्ञान प्रकाश, पिता संजय प्रसाद ने 428 अंक के साथ प्रखंड में तीसरा और जिले में 10वां स्थान प्राप्त किया है। गढ़वाटांड़ निवासी अमन कुमार, पिता सुनील कुमार सिंह ने भी 372 अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में सफलता अर्जित कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वे मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। ये सभी विद्यार्थी बरवाडीह प्लस टू विद्यालय के हैं और इनकी सफलता ने यह साबित कर दिया है कि छोटे से कस्बे के छात्र भी बड़े सपने देख सकते हैं और उन्हें पूरा कर सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है और उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। इन युवाओं की मेहनत, लगन और अनुशासन आज क्षेत्र के अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बन गई है।

### मनिका प्रखंड सह अंचल कार्यालय में एसडीओ ने किया समीक्षात्मक बैठक

## कमी पाए जाने पर अधिकारियों को लगाया फटकार



- विकास योजनाओं में लापरवाही बरतने वाले कर्मी नहीं जाएंगे बक्से: एसडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड सह अंचल कार्यालय में एसडीओ अजय कुमार रजक ने दिन शनिवार को समीक्षात्मक बैठक का आयोजन कर सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लिया। इस बैठक के दौरान कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार भी लगाया। वहीं समीक्षा बैठक के दौरान एसडीओ ने मनरेगा, समेत 15वें वित आयोग मद व अंचल के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जांच किया। साथ ही विभागीय समीक्षा के दौरान मनिका में संचालित मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में बीपीओ को और तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं बरसात से पूर्व सभी निमार्णाधीन कूपों को पूरा कर लेने, मनरेगा के तहत आम बागवानी में तेजी लाने की बात कही। मौके पर एसडीओ ने कहा की विकास योजनाओं में लापरवाही बरतने वाले कर्मी को बक्सा नहीं जाएगा। साथ ही अंचल कार्यालय का निरीक्षण के दौरान कई ग्रामीणों ने एसडीओ से अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार के कई गंभीर आरोप भी लगाया। इस समीक्षात्मक बैठक के बाद एसडीओ प्रखंड व अंचल कार्यालय में घूम-घूम कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। मौके पर बीडीओ संदीप कुमार, प्रभारी बीपीओ संतोष कुमार, प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी आत्मा सिंह, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## लातेहार जिला में इण्टरमीडिएट वाणिज्य संकाय परीक्षाफल में शत-प्रतिशत व विज्ञान में 88.02 प्रतिशत छात्र छात्रा रहे सफल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड अधिविध परिषद रांची (जैक) के द्वारा शनिवार को इंटर विज्ञान व वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। जिसमें लातेहार जिले के टॉप 10 का विवरणी इस प्रकार है। जिसमें वाणिज्य संकाय में अपग्रेड +2 हाई स्कूल नावागढ़ लातेहार के क्षितिज सोनी ने 86.80 प्रतिशत, गवर्नमेंट इण्टर कॉलेज बालूमाथ के लक्ष्मी कुमारी ने 85.40 प्रतिशत, संत टेरेशा गर्ल्स प्लस टू स्कूल महुआडांड़ के कुमकुम कुमारी ने 84 प्रतिशत, गवर्नमेंट इण्टर कॉलेज बालूमाथ के सुरज कुमार ने 83.80 प्रतिशत, संत जोशेफ +2 स्कूल महुआडांड़ के पंकज सिंह ने 83.40 प्रतिशत, गवर्नमेंट इण्टर कॉलेज बालूमाथ के ममता कुमारी ने 82.60 प्रतिशत, अपग्रेड +2 हाई स्कूल कुमण्डीह लातेहार के निशा कुमारी ने 82.20 प्रतिशत, राजकीयकृत +2 हाई स्कूल चंदवा के निखिल कुमार ने 82 प्रतिशत, संत टेरेशा गर्ल्स प्लस टू स्कूल महुआडांड़ के रेणु केरकेट्टा ने 81.80 प्रतिशत, संत टेरेशा गर्ल्स प्लस टू स्कूल महुआडांड़ के तन्वी श्रेया ने 81.80 प्रतिशत लाकर टॉप 10 में अपनी जगह बनाई है। वही विज्ञान में राजकीयकृत +2 हाई स्कूल चंदवा के पियुष कुमार गुप्ता ने 90.40 प्रतिशत, गवर्नमेंट इण्टर कॉलेज बालूमाथ के रेशमा कुमारी ने 89.00 प्रतिशत, आर.के +2 हाई स्कूल के अर्शी अंजूम ने 88.80 प्रतिशत, संत जोशेफ +2 स्कूल महुआडांड़ के हुजैफा अहमद ने 88.80 प्रतिशत, संत जोशेफ +2 स्कूल महुआडांड़ के सिफते राजा ने 88.20 प्रतिशत, आर.के +2 हाई स्कूल मनिका के रंजन कुमार 86.80 प्रतिशत, गवर्नमेंट इण्टर कॉलेज बालूमाथ के आनंद कुमार ने 86.60 प्रतिशत, अपग्रेड +2 हाई स्कूल नावागढ़ के मो. रेहान अंसारी ने 86.20 प्रतिशत, आर. के +2 हाई स्कूल बरवाडीह लातेहार के मो. आदिल अंसारी ने 86 प्रतिशत, आर. के +2 हाई स्कूल बरवाडीह के ज्ञान प्रकाश ने 85.60 प्रतिशत लाकर टॉप 10 में अपनी जगह बनाई है।

### विधायक व व्यवसायिक समिति के हस्तक्षेप से बदला गया ट्रांसफॉर्मर, लोगों ने की राहत की सांस


200 केवीए ट्रांसफॉर्मर

**बरवाडीह।** बरवाडीह के भट्ठी मोड़ बाजार में बुधवार शाम 5 बजे 200 केवीए का ट्रांसफॉर्मर जल गया, जिससे पूरे इलाके की बिजली व्यवस्था चरमरा गई। इस ट्रांसफॉर्मर पर वर्षों से अनियमित रूप से अधिक लोड डाला जा रहा था। कई शिकायतों के बावजूद बिजली विभाग की लापरवाही के चलते अंततः यह तकनीकी क्षति हुई, जिससे करीब 200 घरों और दुकानों में अंधेरा छा गया। उमस भरी गर्मी में इन्वर्टर भी जवाब दे गए, जिससे लोगों की रातें बेहाल हो गईं। स्थिति बिगड़ते देख व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने विधायक रामचंद्र सिंह से संपर्क किया। विधायक ने तत्परता दिखाते हुए बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों को तत्काल नया ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। विभाग की टीम ने शनिवार को खराब ट्रांसफॉर्मर को बदलकर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी। इससे क्षेत्रवासियों ने बड़ी राहत महसूस की। इधर व्यवसाई पीकू अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, अजीत गुप्ता, आमिर खान, गौरव अग्रवाल, अनुज प्रजापति, अजय चंद्रवंशी, सत्यनारायण, उत्तम, राकेश अग्रवाल, अमित मित्तल उर्फ बिट्टू, पिंटू समेत सैकड़ों लोगों ने विधायक के प्रति आभार जताया है।

### संभावित कोरोना से बचाव की तैयारी तेज, सीएचसी में मॉक ड्रिल का हुआ आयोजन


बचाव को लेकर तैयारी करते हुए।

**चंदवा।** एक बार फिर से देश में पांव पसार रही कोरोना के संभावित खतरे से राहत व बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। उपायुक्त के निदेर्शानुसार शनिवार को चंदवा सीएचसी में परिसर में मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान संक्रमण से बचाव को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों को पूर्वाभ्यास कराया गया। इस दौरान चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीलिमा ने सीएचसी में ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड को क्रियाशील रखने, मरीजों के समुचित देखभाल की व्यवस्था करने, बाहर से आने वाले लोगो पर निगरानी रखने व कोविड जांच सुनिश्चित करने के साथ हर परिस्थिति से निपटने को तैयार रहने की बात कही। उन्होने लोगो से कोरोना से बचाव को लेकर मास्क, सैनिटाइजर का उपयोग सुनिश्चित करने व कोविड अनुरूप व्यवहार का अनुपालन सुनिश्चित करने की बात कही। मौके पर डॉ मनोज कुमार, स्वास्थ्य कर्मी देवाशीष पंडा, एमपीडब्ल्यू सीताराम बीपीएम अमित सिंह, एमटीएस कृष्णकांत, एएनएम उर्मिला कुमारी, सौरभ मिश्रा, बालगोविंद समेत कई लोग मौजूद थे।

## राजमिस्त्री की बेटी बनी प्रखंड टॉपर, जिला में दूसरा स्थान


15


16


17


18

- फोटो 15 रेश्मा साइंस टॉपर 1
- फोटो 16 लक्ष्मी कुमारी कॉमर्स 1 प्रखंड टॉपर
- फोटो 17 आनंद कुमार साइंस प्रखंड टॉपर 2
- फोटो 18 मामता कुमारी कॉमर्स प्रखंड तृतीय टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जारी इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय और वाणिज्य संकाय की परीक्षा के रिजल्ट में एक राज मिस्त्री की बेटी ने साइंस में प्रखंड टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। वहीं उसका जिला में दूसरा स्थान है। रेशमा कुमारी पिता कैलाश प्रजापति ग्राम मकईयाटांड थाना बालूमाथ निवासी ने साइंस की परीक्षा में कुल 445 अंक 89.00% प्राप्त किया। वही उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व शिक्षकों को दिया है। वहीं दूसरे स्थान पर आनंद कुमार पिता महेंद्र पासवान ग्राम नगड़ा के पिता किसान है जिसने 445 अंक 86.60% (जिला में सातवाँ स्थान),तीसरे स्थान पर सचिन कुमार पिता प्रमोद कुमार 415 अंक 83.00%, रेशमा कुमारी व आनंद कुमार ने आगे चलकर डॉक्टर बनने की इच्छा जताई है। वही कॉमर्स के रिजल्ट में प्रखंड टॉपर लक्ष्मी कुमारी पिता हरि साव ग्राम तेलीटोला बालूमाथ निवासी ने 427 अंक 85.40%प्राप्त किया और जिला में दूसरा स्थान हासिल किया ।वही सूरज कुमार पिता अवधेश साव 419 अंक 83.80% जिला में चौथा स्थान,ममता कुमारी पिता मेघलाल गंझु ग्राम ओजा, चमातु एक मजदूर की बेटी है जिसने 413 अंक 82.60% जिला में छठा स्थान प्राप्त किया है।

## गांधी इंटर महाविद्यालय लातेहार का विज्ञान संकाय रहा शत-प्रतिशत सफल, आयुष कुमार टॉपर


25


26


27

- फोटो 25 आयुष कुमार 1st टॉपर
- फोटो 26 मुस्कान कुमारी 2nd टॉपर
- फोटो 27 क्षितिज कुमार अग्रवाल 3rd टॉपर


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** गांधी इंटर महाविद्यालय लातेहार ने इस वर्ष झारखंड एकेडमिक काउंसिल की इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विज्ञान संकाय में 100 प्रतिशत सफलता का परचम लहराया है। कुल 19 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया और सभी सफल घोषित किए गए, जिससे कॉलेज परिवार और जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस परीक्षा में आयुष कुमार ने सर्वाधिक 81.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉपर का खिताब अपने नाम किया। वहीं मुस्कान कुमारी ने 74.4 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि क्षितिज कुमार ने 70.8 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। कॉलेज के प्राचार्य दशरथ प्रसाद साहू ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता कड़ी मेहनत, अनुशासन और टीमवर्क का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी कॉलेज गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए संकल्पित रहेगा और छात्रों को हर संभव मार्गदर्शन व संसाधन उपलब्ध कराएगा। विज्ञान जैसे कठिन संकाय में गांधी इंटर महाविद्यालय के छात्रों का यह प्रदर्शन जिले की शैक्षणिक गुणवत्ता और बढ़ते स्तर को दशार्ता है। परिणाम से उत्साहित छात्र अब आगे की पढ़ाई और करियर को लेकर नई उम्मीदों के साथ आगे बढ़ने को तैयार है।

### कैरोलिन और सिस्टर रेजी थॉमस का हुआ भव्य स्वागत



### लातेहार : इंटर साइंस में पीयूष कुमार गुप्ता ने किया कमाल, बना जिला टॉपर


पियुष कुमार

**लातेहार।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा घोषित इंटरमीडिएट 2025 के परिणामों में लातेहार जिले का प्रदर्शन इस बार भी सराहनीय रहा है। खासकर साइंस संकाय में छात्रों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से जिले का नाम रोशन किया है। इस बार राज्यकृत +2 उच्च विद्यालय, चंदवा के मेधावी छात्र पीयूष कुमार गुप्ता ने बाजी मारी है। उन्होंने सर्वाधिक अंक अर्जित कर साइंस संकाय में जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। पीयूष की इस उपलब्धि पर न केवल उनके विद्यालय में, बल्कि पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। पीयूष की सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों का मार्गदर्शन और माता-पिता का संपूर्ण सहयोग रहा है। वह आगे चलकर मेडिकल के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। विज्ञान संकाय में जिला टॉप 10 सूची में स्थान पाने वाले प्रतिभावान विद्यार्थी रेशमा कुमारी (राजकीय इंटर कॉलेज, बालूमाथ), अर्शी अंजुम (आर.के. +2 हाई स्कूल, बरवाडीह), हुजैफा अहमद (संट जोसेफ, महुआडांड़), सिफते राजा (संट जोसेफ, महुआडांड़), रंजन कुमार (आर.के. +2 हाई स्कूल, मनिका), आनंद कुमार (राजकीय इंटर कॉलेज, बालूमाथ), मोहम्मद रेहान अंसारी (उत्क्रमित +2 हाई स्कूल, नावागढ़), मोहम्मद आदिल अंसारी (आर.के. +2 हाई स्कूल, बरवाडीह), ज्ञान प्रकाश (आर.के. +2 हाई स्कूल, बरवाडीह) शामिल है। इन सभी विद्यार्थियों की सफलता ने यह साबित कर दिया कि लातेहार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है।

### दो बाइकों के बीच टक्कर में दो घायल, रिम्स रेफर



**चंदवा।** एनएच 22 रांची–चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत हिसरी कार वाशिंग सेंटर के समीप शुक्रवार की देर शाम दो बाइको के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें एक बाइक पर सवार रंजीत उरांव पिता कता उरांव (पण्डुआ हरैया चकला) व दूसरे बाइक पर सवार रूपेश मिंज पिता मारकुश मिंज ( सदाबर नगर) गंभीर रूप से घायल हो गए, दोनों घायलों को स्थानीय लोगों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया गया यहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा कुमारी की देख रेख में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने बताया कि दोनों घायलों के सर पर गंभीर चोटें आई है।

# मोहर्रम और रामनवमी पर्व मनाने को लेकर पिछले 1 वर्षों से चले आ रहे जमीन विवाद का प्रशासन ने किया निपटारा

**खबर मन्त्र संवाददाता**


**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को जिला परिवहन पदाधिकारी सह बालूमाथ के वरीय पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में जिलंगा ग्राम में पिछले 1 वर्षों से चलते आ रहा रामनवमी एवं मुहर्रम मनाने को लेकर जमीन विवाद का निपटारा किया गया ।बैठक में एक पक्ष के लोगों ने कहा कि हम लोग पहले रामनवमी जिस स्थान पर मानते थे उस स्थान पर स्कूल का चार दीवारी निर्माण हो गया है अब वहां स्थान नहीं बचा हुआ है इसलिए गांव में जो गैरमंजरूवा जमीन दो एकड़ 18 डीसमिल बचा हुआ है और इस पर सार्वजनिक उपयोग होते आ रहा हैं। उस पर ही हम लोगों का रामनवमी का मेला लगाने का अनुमति दिया जाए। इस पर दूसरे पक्ष के लोगों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि उक्त भूमि में कभी भी रामनवमी नहीं मनाया गया है वहां बराबर मोहर्रम मनाया जाता था इसलिए वहां रामनवमी का अनुमति नहीं दिया जाए। इसी बात को लेकर पिछले एक वर्षों से बराबर विवाद होते आ रहा था। जिला परिवहन पदाधिकारी एवं बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी ने दोनों पक्षों को बैठक कहा कि गांव में अब कोई भी ऐसा स्थान नहीं है जहां रामनवमी मनाया जा सकता है। क्योंकि जिस स्थान पर मुहर्रम मनाया जाता था वह भी सरकारी जमीन है। इसलिए इस जमीन पर दोनों समाज के लोग अपना-अपना पर्व त्यौहार मनाया करेंगे। वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि दोनों पक्ष के 10-10 लोगों का नाम लेकर एक कमेटी बनाई जाएगी। भविष्य में जब भी कोई पर्व त्यौहार आएगा पुलिस प्रशासन इन्हीं 10-10 लोगों को बुलाकर वार्ता करेगी और जो भी समस्या होगा उसका निपटारा किया जाएगा। वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने कहा कि बैठक सार्थक हुआ है इस बैठक का प्रोसिडिंग लातेहार उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को समर्पित की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्णय के खिलाफ जो कोई भी आपसी सौहार्द बिगड़ने की कोशिश करेगा उस कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव, पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बीरुवा, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, अमरवाड़ी पिकेट प्रभारी होशंन डांग, मो. एनुअल, मो. मुस्ताक, हेमराज प्रसाद, राजकुमार वर्मा, प्रमोद कुमार, दशरथ ठाकुर, मो. अफजल, मो. शाहबाज अंसारी, मोहम्मद अजीज, मो. अख्तर, मो. हफीज,सोहराई भगत, दिलीप उरांव, प्रमोद कुशवाहा, अर्जुन महतो, जगनारायण महतो, सूरज कुमार महतो समेत कई लोग मौजूद थे।



### सुदूरवर्ती बेतर ग्राम में पुलिस ओपी का उद्घाटन आज

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती बरवाटोली पंचायत अंतर्गत ग्राम बेतर में पुलिस ओ पी का शुभारंभ रविवार दोपहर 1:30 बजे किया जाएगा। उद्घाटन के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने दी है। बता दे कि सुदूरवर्ती इलाके में पुलिस ओ पी स्थापित होने से ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी।

### बैंक मैनेजर ने मैट्रिक टॉपर को किया सम्मानित



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक महिपाल नायक के द्वारा मैट्रिक की परीक्षा में प्रखंड टॉपर रहने वाली छात्रा बुलबुल कुमारी पिता संतोष साहू ग्राम झाबर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली श्रुति कुमारी पिता जीवन कुमार अनुपम ग्राम साल्वे को पुरस्कृत किया। मौके पर शाखा प्रबंधक ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में बालूमाथ की बेटियां अपना नाम ऊंचा कर रही है। एक मजदूर की बेटी ने प्रखंड टॉपर होने का गौरव हासिल किया है। जो स्पष्ट संदेश देता है कि गरीबी शिक्षा में एक बाधक हो सकती है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि यह हमेशा ऐसा ही हो। गरीब परिवार की बेटियां भी शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं और टॉपर बन सकती हैं। मन लगाकर अगर पढ़ाई करें तो सफलता हासिल की जा सकती है। मौके पर ग्रामीण बैंक कुर्मी नेहा कुमारी विशाल कुमार उमेश कुमार सिंह वीरेंद्र कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## चाय पानी मोड़ के पास हाईवा पालटा ड्राइवर खलासी फरार

**शिकारीपाड़ा।** शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत चाय पानी मोड़ के पास अनियंत्रित होकर ट्रेलर पलटा। बताते चले की शनिवार को सरस डंगल से चिप्स लोड कर दुमका की तरफ जा रही हाईवा ट्रेलर चायपानी मोड के समीप पुल के पास अनियंत्रित होकर पलट गई हालांकि इस हादसा में चालक और उपचालक बाल बाल बच गए मिली जानकारी के अनुसार हाईवा ट्रेलर अपना ट्रिप बढ़ाने के चक्कर में चालक ने नियंत्रण खो दिया और हादसा का शिकार हो गया सूचना मिलते ही शिकारीपाड़ा पुलिस एस आई इमरान अंसारी दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर पलटी ट्रेलर को जेसीबी के मदद से पुलिस अभी रक्षा में रखा गया हैं और यू डी केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## दुर्घटना में घायल युवक को भारतीय एकता ट्रस्ट ने दी सहायता राशि

**शिकारीपाड़ा।** सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए भारतीय एकता ट्रस्ट ने एक सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक को इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की है। ट्रस्ट के सदस्यों ने घायल युवक के परिजनों से मिलकर सहयोग राशि सौंपी और उसके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।जानकारी के अनुसार पारशिमला के निवासी समीर अंसारी हाल ही में एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण इलाज में कठिनाई आ रही थी। इसकी जानकारी जैसे ही ट्रस्ट को मिली, उन्होंने तुरंत सहायता का हाथ बढ़ाया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष आफताब अंसारी ने कहा कि स्समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करना हमारा कर्तव्य है। मानव सेवा ही सच्ची सेवा है और हमारी संस्था सदैव इसके लिए तत्पर है। युवक के परिजनों ने ट्रस्ट की इस सहायता के लिए गहरा आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे सामाजिक संगठन समाज के लिए एक उम्मीद की किरण हैं। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष आफताब अंसारी, प्रमुख सदस्य महताब आलम, मुश्ताक आलम, सफाद अंसारी, शाहबाज अंसारी के साथ कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## पांच दिवसीय समर कैम्प का समापन

**बेरमो।** कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी में पाँच दिनों से चल रहा समर कैम्प दिनांक 31 मई 2025 को संपन्न हो गया। इस समर कैम्प में नृत्य, चित्रकला, हस्तकला संगीत पाक कला, योगाभ्यास, खेलकूद आदि क्रियाकलापों अभ्यास कराया गया। इसमें कक्षा प्रथम से दशम 154 भैया बहनों ने भाग लिया और सारे क्रियाकलापों को खेल खेल में ही भैया बहनों ने सीखा, भैया बहनों ने अपने पाँच दिनों का अनुभव शेयर किया। विद्यालय के सचिव धीरज कुमार पांडेय और प्रभारी प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार महतो ने भैया बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। समर कैम्प के प्रमुख शैल बाला कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए इस कार्यक्रम की समापन की घोषणा की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संजू ठाकुर, प्रीति प्रेरणा सिंह, विभा कुमारी, नित्यानंद मिश्रा, राजेंद्र पांडे, मंतोष प्रसाद, कुमार गौरव आदि आचार्य दीदी जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## फुसरो में समर कैंप का हुआ समापन

**बेरमो।** अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में शनिवार को 26 मई से चलने वाले समर कैंप का समापन हो गया। जिसमें कक्षा अरुण से पंचम तक के लगभग 50 भैया बहन शामिल थे।इस समर कैंप में भैया बहनों को विभिन्न प्रकार के खेल, हस्तकला, रंगोली, कराटे, नृत्य, चत्रकला, और पेपर कटिंग से डिजाइन, ओर भी विभिन्न प्रकार के गतिविधियों से भैया बहनों का ज्ञान वर्धन किया गया।इस समर कैंप में भैया बहनों ने ढेर सारा मनोरंजन किया। आनंद पूर्वक 6 दिन कब गुजर गए पता ही नहीं चला। इस समर कैंप में समय का सदुपयोग किस प्रकार करना चाहिए भैया बहनों ने बखूबी सीखने का काम किया।

# उपायुक्त ने जन जागरूकता रथ को किया रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा के द्वारा समाहरणालय परिसर से तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जन जागरूकता हेतु जागरूकता रथ एवं रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।



यह जागरूकता रथ जिले सभी नौ प्रखंडों के सभी पंचायतों में घूम घूम कर आम जनमानस को तम्बाकू सेवन से होने वाले घातक बीमारियों के बारे में जागरूक करेगा। इस अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने बताया कि इस वर्ष का थीम- तम्बाकू और निकोटिन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना। यह थीम तम्बाकू और निकोटिन उद्योगों द्वारा अपने असुरक्षित उत्पादों को आकर्षण बनाने के लिए नियोजित भ्रामक तकनीकों को उजागर करने और चुनौती देने और केंद्रित है- विशेष रूप से युवा लोगों के लिए। इसके लिए जिले में व्यापक जन-जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को तंबाकू मुक्त भविष्य निर्माण में आगे आना होगा। साथ ही बताया कि जागरुकता रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर ऑडियो संदेश देगा जिसमें आम जनता को तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी खतरों कोटपा 2003 एवं ई-सिगरेट निषेध अधिनियम 2019 के प्रावधानों की जानकारी देगा। उपायुक्त ने जिलावासियों से अपील किया कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और तंबाकू मुक्त स्वस्थ समाज निर्माण में सहयोग करें। मौके पर सिविल सर्जन डॉ एबी प्रसाद उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ अरविंद कुमार अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी उपस्थित थे। सिविल सर्जन डॉ प्रसाद ने बताया कि तम्बाकू से हर दिन 3500 से अधिक भारतीय की मृत्यू तम्बाकू से जनित किसी न किसी रोग से होती है जो कि एक गम्भीर विषय है। तम्बाकू का उपयोग और इसका सेवन कई प्रकार के कैंसर जैसे फेफड़े स्वरयंत्र मुंह ग्रासनली गला बृहदांत्र मूत्राशय गुदे अग्नाशय और गर्भाशय ग्रीवा के साथ साथ तीव्र माइलॉयड ल्यूकेमिया के प्रमुख कारणों में से एक है। ऐसा अनुमान है कि तम्बाकू के सेवन के कारण हर साल एक करोड़ से अधिक लोग मारे जाते है। तंबाकू न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है बल्कि पर्यावरण पर भी कई तरह से बुरा प्रभाव डालता है।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता रथ को

## उपायुक्त ने हरी झंडी दिखा किया रवाना




हरी झंडी दिखा रवाना करते डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** समाहरणालय परिसर में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने विश्व तम्बाकु निषेध दिवस (वर्ल्ड नो टोबेको डे) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपायुक्त द्वारा तम्बाकु जागरूकता के लिए हरी झण्डी दिखाकर दुमका के विभिन्न क्षेत्रों में तम्बाकु एवं नशा के दुष्परिणाम से बचाव हेतु जागरूकता रथ को रवाना किया गया। उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि विधायलों में तम्बाकु से बचाव एवं दुष्परिणाम के प्रचार-प्रसार हेतु निबंध लेखन, चित्र लेखन, स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित किया जाए।

इस तम्बाकु जागरूकता रैली में डॉ विजय हासदा, जिला कुष्ठ निवारण-सह-नोडल पदाधिकारी, एनटीसीपी, दुमका, राकेश आनंद, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेश सिन्हा, आरकेएसके कॉडिनेटर मृत्युंजय शांडिल्य, रिजिनल कॉडिनेटर बिजय मरांडी, जिला परामर्शी, एनटीसीपी ज्योति, सोशल वर्कर, एनटीसीपी नागेंद्र तिवारी, निकेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बोकारो जिला में तंबाकू के दुष्प्रभाव पर उल्लेखनीय प्रगति

**बोकारो।** बोकारो जिला में तंबाकू के दुष्प्रभाव को रोकने खातिर 883 स्कूलों के पास की दुकानों से तम्बाकू उत्पाद हटाया गया और उन्हें तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित किया गया। अभी तक 10391 व्यक्तियों को तम्बाकू छोड़ने हेतु एनआरटी की उपलब्धता कराई गई। बोकारो जिला के सदर अस्पताल सभी अनुमण्डलीय अस्पताल सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 126 आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में तम्बाकू छोड़ने हेतु परामर्शी सेवा एवं निकोटीन गम की सुविधा उपलब्ध है। कोटपा-2003 एवं पीईसीए 2019 के विभिन्न धाराओं के अनुपालन हेतु जिला/अनुमण्डल/प्रखण्ड स्तर पर छापामारी दल का गठन किया जा चुका है। साथ ही सभी थाना स्तर पर एक एएसआई को कोटपा नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। सभी प्रखण्ड में प्रखण्ड स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति का गठन किया जा चुका है। तम्बाकू के दुष्प्रनाव के प्रति जन जागरूकता हेतु अभी तक 42 ग्राम पंचायतों में ग्राम स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति का गठन किया जा चुका है। इस वर्ष 239 ग्राम पंचायतों में यह समिति का गठन करने का लक्ष्य है।

### विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर

## हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** शनिवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर श्री अजय नाथ झा उपायुक्त बोकारो के द्वारा समाहरणालय बोकारो के प्रांगण से तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जनजागरूकता हेतु जागरूकता रथ एवं रैली को हरी झण्डी दिखा का रवाना किया गया। तत्पश्चात हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। उपायुक्त बोकारो ने सभी को बताया कि तम्बाकू से हर दिन 3500 से अधिक भातीय की मृत्यू तम्बाकू से जनित किसी न किसी रोग से होती है जोकि एक गम्भीर विषय है। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर आमजनमानस को तम्बाकू के दुष्प्रभाव के बारे में यह जानना अत्यन्त जरूरी है। भारत में 13 लाख से अधिक लोगों की मृत्यू तम्बाकू सेवन से होने वाली जनित रोगों के कारण से हो जाती है। सभी प्रकार के कैंसर में एक तिहाई तम्बाकू सेवन के कारण होते हैं। 38 प्रतिशत टी0बी0 से होने वाली मौतें तम्बाकू सेवन से सम्बन्धित हैं। तम्बाकू सेवन से कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह, पुरानी फेफडों की बीमारी, स्ट्रोक, बांझपन, अंधापन, टी0बी0 एवं नपुंसक आदि का एक प्रमुख जोखिम कारक है। ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे के अनुसार झारखण्ड मे 38.9 प्रतिशत व्यस्क (15 वर्ष से अधिक आयु के) किसी न किसी रूप में तम्बाकू का सेवन करते हैं जिसमें 59.7 पुरूष और 17 प्रतिशत महिलाये शामिल हैं। ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे के अनुसार झारखण्ड में 13 से 15 आयुवर्ग के 5.1 प्रतिशत स्कूली छात्र किसी न किसी रूप से तम्बाकू का सेवन करते हैं।

## मछली लदा वाहन व दुध लदा वाहन के बीच जोरदार टक्कर, दो गंभीर



खबर मन्त्र संवाददाता

**पोडैयाहाट (गोड्डा)।** निमार्णाधीन एनएच 133 फोर लाइन सड़क पर पुणः आमने-सामने दो वाहन की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल गोड्डा रेफर कर दिया है। घटना शनिवार अलहे सुबह की है। मछली लदा पिकअप वाहन हंसडीहा की ओर से गोड्डा की ओर जा रही थी।वही दुसरी ओर से दुध लदा वाहन गोड्डा से देवघर की ओर जा रही थी की एकाएक घटवारी चौंक ओवर ब्रिज के समीप आमने-सामने टक्कर हो गई और दोनों वाहन सड़क पर ही पलट गया। जिसमे दुध लदा चालक चंदन कुमार एवं उपचालक घनश्याम यादव गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। दोनों घायल कोसी थाना क्षेत्र बिहार बौंसी थाना क्षेत्र के लीला बरन गांव का रहने वाला है। इधर घटना घटित के बाद मछली पूरे सड़क पर बिखर गया था।और घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोगों ने बिखरे पड़े मछली की लूटपाट कर ली।जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और दोनों क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर थाना परिसर लाया।

## स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन द्वारा मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आज यहां संपन्न हो गया। तेजस भवन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित समारोह में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में भाग लेने वाले कई प्रतिभागियों को मोमेंटो प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ जीएम और परियोजना प्रधान विजया नन्द शर्मा ने कहा कि कार्यों का त्वरित निष्पादन करने से अधिकांश कचरा यूं ही साफ हो जाता है । मन का कचरा या टेबल पर रखा फाइल का कचरा त्वरित कार्य निष्पादन से सफाई हो जाती है।




उन्होंने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा लोगों को जागृत करने का एक प्रयास है। अपने जीवन के दिनचर्या में इसे शामिल करने से ही यह प्रयास सफल हो पाएगा। उन्होंने पॉलिथीन उपयोग पर रोक लगाने की लोगों से अपील की और कहा कि डीवीसी प्रबंधन ने जो थैला लोगों को उपलब्ध कराया है-उसका उपयोग करते हुए बाजार में भी दिखना चाहिए। वरिष्ठ जीएम-मानव संसाधन डॉक्टर डीसी पांडेय ने कहा कि स्वच्छता के लिए लोगों को प्रोत्साहित करते रहना चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन की सफलता के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है। समारोह का संचालन प्रबंधक राजकुमार चौधरी ने किया। इस अवसर पर डॉ पीके घोष परविंद कुमार अवधेश सिंह शेखावत अनुतोष एक्का अमूल्य सिंह सरदार सरयू रविदास भुनेश्वर महतो बॉबी देवी स्मृति देवी बमबम अक्षय कुमार आदि शामिल थे। प्रतिभागियों में डीजीएम ललन प्रसाद गुप्ता रोशनी कुमारी सिमरन कुमारी दीपिका कुमारी रामजी रजक सुमन कुमार आदि को मोमेंटो प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। मौके पर विगत 16 मई से 31 मई तक मनाये गए स्वच्छता पखवाड़ा में किए गए कई कार्यक्रमों के संबंध में प्रदर्शित कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इन कार्यक्रमों में क्षय रोग के रोगियों को पोषाहार का वितरण और महिलाओं को सेनेटरी पैड का भी वितरण किया गया।

## चास के कल्याण गुरुकुल में 40वां फ्लैग ऑफ सेरेमनी मनी

### बांटे गये नियुक्ति पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** चास स्थित कल्याण गुरुकुल में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली छात्राओं के लिए आयोजित 40 वां फ्लैग आफ सेरेमनी में उपायुक्त अजय नाथ झा शामिल हुए। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी एनएस कुजूर संस्थान के प्रधानाध्यपक राम बली गिरी सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह प्रेझा फाउंडेशन के प्रतिनिधि शिक्षक समेत अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर स्मार्ट मोबाइल फोन का दो माह का प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली 33 छात्राओं को बेंगलुरू स्थित टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड में चयनित होने पर उन्हें




उपायुक्त व अन्य अतिथियों द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। मौके पर अपने संबोधन में डीसी श्री झा ने कहा कि बहुत कम छात्राओं को यह अवसर प्राप्त होता है- आप सभी का चयन नौकरी के लिए हुआ है।

उन्होंने कहा कि शॉर्ट कट लेना नहीं है। कंपनी प्रबंधन द्वारा जो भी कार्य दायित्व दिया जाएं-उसका ईमानदारी से निर्वहन करना है। मेहनत करना है व काम सीखना है और आगे बढ़ना है। उपायुक्त ने छात्राओं को दूसरे बच्चियों के लिए रोल मॉडल बनने के लिए प्रेरित किया। कहा कि सबों को कुछ न कुछ देश के लिए करना होता है। सबका अपना-अपना योगदान होता है। आप सभी को अपना कार्य - दायित्व पूरा करना है। उन्होंने सभी को जीवन में आगे बढ़ने एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

उपायुक्त ने परिसर में पौधरोपण भी किया। इससे पूर्व उपायुक्त ने स्मार्ट मोबाइल फोन कंप्यूटर लैब प्रशिक्षण कक्ष आदि का जायजा लिया। प्रेझा फाउंडेशन को कोर्स की अवधि बढ़ाने और नये कोर्स को जोड़ने की बात कहीं। वहीं जिला कल्याण पदाधिकारी एन एस कुजूर ने कहा कि प्रशिक्षण पूरा करने वाली 33 छात्राओं का रोजगार के लिए चयन हुआ है। आप सभी अपना हुनर दिखाते हुए आगे बढ़ें। मौके पर संस्थान के प्रधानाध्यापक राम बली गिरी शिक्षक/ प्रेझा फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने प्रशिक्षण पूर्ण कर जीवन का नया अध्याय शुरू करने के लिए बधाई दी।

## कृषक मित्रों की हड़ताल पांचवें दिन भी जारी

**गोड्डा।** झारखंड के हजारों कृषक मित्र अपनी वर्षों पुरानी उपेक्षा और अनदेखी के खिलाफ 27 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। मांग है। सम्मानजनक मानदेय, जो आज तक उन्हें नहीं मिला। आंदोलन अब पूरे प्रदेश में फैलता जा रहा है और सरकार पर दबाव बढ़ता जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार भगत ने प्रेस को बताया कि आज विभागीय निदेशक के निर्देश पर जिलास्तरीय अधिकारियों ने उनसे बैठक की और हड़ताल समाप्त करने का आग्रह किया, लेकिन बातचीत नतीजे तक नहीं पहुंच सकी। कृषक मित्र अपनी मूल मांग पर अडिग हैं। घर चलाना भी चुनौती बन गया है। जब सरकार कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने की बातें कर रही है।

एक नजर में

## डॉ0 निशिकांत बने खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के एडवाइजरी कमेटी के चेयरमैन

**गोड्डा।** संसदीय कार्य मंत्रालय ने गोड्डा सांसद डॉ० निशिकांत दुबे को खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग (उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सर्वजनिक वितरण मंत्रालय) के झारखंड राज्य के एडवाइजरी कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया है। संसदीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के अवर सचिव अनिल कुमार ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार कुल 24 राज्यों में अलग-अलग दलों के लोकसभा व राज्यसभा सांसदों को खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग का चेयरमैन नियुक्त किया है। झारखंड से गोड्डा सांसद डॉ० निशिकांत दुबे को चेयरमैन नियुक्त किया गया है। सांसद डॉ० दुबे झारखंड में खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग की एडवाइजरी कमेटी के चेयरमैन के तौर पर झारखंड में भारत सरकार के संबंधित इस विभाग की योजनाओं का संचालन, लाभार्थियों को लाभ सहित पूरी योजनाओं की समीक्षा करेंगे व संसद की स्थायी समिति को रिपोर्ट करेंगे।

## पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना का राहत राशि चेक उपायुक्त ने आश्रितों को दिया

**दुमका।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की राहत राशि का चेक लाभुक को उपायुक्त अभिजित सिन्हा ने प्रदान किया। लाभुक को राशि चेक ग्राम साथी संस्था सीएफएल के पद पर कार्यरत पूर्णिमा कुमारी के सहयोग से मिला। सीएफएल की ओर से शिकारीपाड़ा प्रखुंड के सिखाड़ी गांव में वित्तीय साक्षरता शिविर लगा कर लोगों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उनके द्वारा पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, एपीवाई, एसएसवाई योजनाओं के बारे में और क्लेम को लेकर विस्तारपूर्वक बताया जा रहा है। शिविर में मृतक के आश्रित उत्तम भंडारी ने सीएफल कर्मी पुर्णिमा कुमार से संपर्क किया। जिनके अथक प्रयास से मृतक के आश्रित परिवार को मुआवजा राशि का चेक भुगतान किया गया।

## दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के बीच ट्राई साइकिल एवं अन्य उपकरण हुआ वितरण

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिला के शिकारीपाड़ा समाज कल्याण एवं बाल विकास परियोजना के तत्वावधान में शनिवार को शिकारीपाड़ा प्रखंड परिसर में सांसद नलिन सोरेन ने दो सौ दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के बीच ट्राई साइकिल सहित अन्य सहयोगी उपकरणों का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद नलिन सोरेन ने कहा कि आज वैसे व्यक्तियों के बीच सहायक उपकरणों का वितरण किया जा रहा है जिनका रजिस्ट्रेशन जनवरी 2025 में किया गया थाद्य इसके पीछे सरकार की मंशा है कि सभी दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक अपने हक और अधिकार के लिए कहीं भी सुगमता पूर्वक पहुंचकर लाभ उठा सकेद्य उसी के तहत इस प्रकार के उपकरण का वितरण किया जा रहा हैद्य यह जिला के प्रत्येक प्रखंड में किया जा रहा है और आगे भी किया जाएगा। कार्यक्रम को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मोहम्मद एजाज आलम ने भी संबोधित करते हुए योजना पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालाद्य कार्यक्रम में अंचल अधिकारी शिकारीपाड़ा कपिल देव ठाकुर, प्रभुनाथ हांसदा के साथ सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। बताते चलें कि कड़ी धूप में भी लाभुक खुले मैदान में धूप की परवाह किए बिना अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए। वितरण कार्यक्रम के पश्चात सांसद अपने आवास के लिए प्रस्थान कर गए।

## धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम में खूब दिखी आदिवासी परंपरा की झलक

**दुमका।** दिसोम मांझी थान आर जाहेर थान समिति संताल परगना प्रमंडल के दिसोम मांझी बाबा बीनीलाल टुडू के नेतृत्व में 'धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम' आयोजित हुई। इस कार्यक्रम की शुरूआत दिसोम जाहेर थान में दिसोम नायकी बाबा सीताराम सोरेन के नेतृत्व में बोंगा-बुरु के साथ शुरू हुई। संध्या 4 बजे से बिरसा मुंडा आउटडोर स्टेडियम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुआ। इसके बाद रात 8 बजे से विश्व प्रसिद्ध लेखक सह कथाकार गुरु बाबा सोमाय किस्कू का प्रवचन शुरू हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए संताली जगत के स्टार सिंगर सिंगराय सोरेन, डिगीर सोरेन, कल्पना हांसदा, बनाम राजा नारायण टुडू, कुनामी चांदों म्यूजिकल ग्रुप जामताड़ा समेत कई कलाकार शामिल हुए। उक्त रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का दर्शकों ने खूब लुफ्त उठाया। साथ ही विश्व प्रसिद्ध लेखक सह कथाकार गुरु बाबा सोमाय किस्कू का प्रवचन सुना। इस धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए लोग झारखंड के अलावा पड़ोसी राज्य से भी मरांग बुरू भक्त शामिल हुए। इस कार्यक्रम में लगभग 7 से 10 हजार की संख्या में लोग शामिल होकर उक्त धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक ऐतिहासिक कार्यक्रम के गवाह बने। मौके पर जमशेदपुर से तलसा मांझी बाबा दुर्गा चरण मुर्मू, भोगनाडीह से सिदो मुर्मू-कान्हू मुर्मू के छठे वंशज मंडल मुर्मू, देवघर से काराम गुरु, सर्वेश्वर किस्कू, जामताड़ा से देश मांझी परगना बाबा सुनील हेंब्रम, संताली साहित्यकार मान चुंडा सोरेन सिपाही, अमिताभ बच्चन सोरेन, एसकेएमयू के प्रोफेसर सुजीत सोरेन, पूर्व दिसोम मांझी बाबा विशाल मरांडी समेत देश के कई क्षेत्रों से मरांग बुरू शामिल हुए।

## संकरी गली में फंसी गाय, रेस्क्यू का इंतजार

**गोड्डा।** जिले के गोढ़ी मोहल्ले में शुक्रवार को एक गाय संकरी गली में फंस गई, करीब डेढ़ फीट चौड़ी इस गली में गाय गलती से घुस गई थी, लेकिन आगे बढ़ने या पीछे लौटने में असमर्थ रही। स्थानीय निवासियों ने गाय को निकालने के लिए कई प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग से अपील की है कि इस मामले का संज्ञान लिया जाए और तुरंत रेस्क्यू टीम भेजकर गाय को सुरक्षित निकाला जाए। स्थानीय लोग उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन जल्द से जल्द कार्रवाई करेगा और गाय को सुरक्षित निकाला जाएगा। खबर लिखे जाने तक गाय को रेस्क्यू नहीं कर किया गया था।

## महिला कालेज के अवकाश प्राप्त चार कर्मियों को दी गयी विदाई

**गोड्डा।** महिला कालेज के लेखापाल सुधांशु शेखर झा, वनस्पति विज्ञान के प्रयोगशाला प्रभारी राम मुर्मू, चतुर्थवर्गीय कर्मचारी प्रतिमा देवी एवं ताला मरांडी के अवकाश प्राप्त होने पर कालेज सभागार में शुक्रवार को समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान सभी प्रभारी प्राचार्य डा० सुमनलता ने अवकाश प्राप्त कर्मियों को अंगवस्त्र सहित चेक प्रदान किया। कालेज की प्रभारी डा० सुमनलता ने कहा कि सुधांशु शेखर झा महाविद्यालय के स्थापना काल से ही कालेज सेवारत हैं। इनकी कार्यकुशलता की बदौलत ही आज विद्यालय मुकाम हासिल करने में सफल रहा है। वे 19 अगस्त 1989 से ही इस महाविद्यालय में अपनी सेवा दे रहे हैं। ऐसे कार्यकुशल कर्मियों को विदाई देना बहुत ही कष्टकारी है। लेकिन सरकारी नौकरी में योगदान व सेवानिवृत्त एक पड़ाव है। इससे सभी कर्मियों को गुजरना पड़ता है। इसी प्रकार राममुर्मू ने भी पांच नवंबर 1990 से ही महाविद्यालय में सेवा देकर खासकर विज्ञान विभाग की छात्राओं को बेहतर शिक्षा देने में अहम योगदान दिया है। इसे भुलाया नहीं जा सकता है। इसी प्रकार प्रतिमा देवी व ताला मरांडी ने भी निष्ठापूर्वक कार्य कर सभी का दिल जीत लिया है। कहा कि विदाई चाहे किसी की भी हो बहुत ही कष्टकारक होता है। उन्होंने सभी के दीर्घ जीवन की मंगल कामना की। कार्यक्रम का संचालन डा० शाबरा तब्बसुन कर रही थी। इसके पूर्व छात्राओं ने विदाई गीत गाकर माहौल को गमगीन बना दिया। इस अवसर पर डा० विभा राय, डा० रेखा कुमारी, डा० कौशल, अरविंद यादव, नीलेश कुमार यादव, निरंजन दास, रौशन कुमार, मनोरमा कुमारी, साधना कुमारी, शैश टेलर, प्रियंका कुमारी आदि उपस्थित थे।

# अंतरिक्ष पर मानव को भेजेगा इसरो

## गगनयान मिशन के तहत भारत ने शुरू की बड़ी तैयारी

▸▸ निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने और नए व्हीकल्स के विकास पर भी जोर

▸▸ इसरो ने जारी की 2024 की अपनी उपलब्धियां

एजेंसी

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अब चांद पर मिशन के साथ ही अंतरिक्ष में मानव भेजने की भी तैयारी कर रहा है। गगनयान मिशन के तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जाएंगे। इसके अलावा, निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने और नए व्हीकल्स के विकास पर भी जोर दिया जा रहा है। इसरो चंद्रयान, गगनयान और भारत-अमेरिका निसार मिशन सहित कई सफल प्रक्षेपण के साथ ही एक्सिओम-4 मिशन पर देश के पहले अंतरिक्ष यात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस)पर भेजने के लिए प्रतिबद्ध है। इसरो ने पिछले वर्ष की उपलब्धियों को गिनाते हुए अपनी वेबसाइट में यह नवीनतम जानकारी साक्षा की। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से पांच प्रक्षेपण सफल रहे हैं जिनमें आठ भारतीय अंतरिक्ष यान, एक विदेशी उपग्रह और पीओईएम 3 और 4 सहित छह रॉकेट निकायों का सटीक प्रक्षेपण शामिल है इनमें पीएसएलवी-सी58/एक्सपोसैट, पीएसएलवी-सी59/प्रोबा-3, पीएसएलवी-सी60/एसपीएडेक्स डॉकिंग प्रायोगिक मिशन, जीएसएलवी-एफ14/इनसैट-3डीएस और एसएसएलवी-डी3/ईओएस-08 मिशन शामिल थे। इन सभी ने अपनी निर्धारित कक्षा में पेलोड को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। वर्ष 2024 की अपनी उपलब्धियों को दर्शाते हुए इसरो ने बताया कि संगठन के जीसैट-20 को स्पेसएक्स के फाल्कन-9 ब्लॉक 5 द्वारा केप कैनावेरल से लॉन्च किया गया।

टीएसएटी- 1 ए को भी फाल्कन-9 द्वारा ही लॉन्च किया गया जिसके परिणामस्वरूप कुल आठ भारतीय उपग्रहों, एक विदेशी उपग्रह, और छह रॉकेट निकाय (पोयम -3 और पोयम - 4 सहित) को उनकी इच्छित कक्षाओं में प्रक्षेपित किया गया। वेबसाइट के मुताबिक पिछले साल 31 दिसंबर तक निजी आपरेटरों/शैक्षणिक संस्थानों सहित कुल 36 भारतीय अंतरिक्ष यान पृथ्वी की कक्षा में प्रक्षेपित किये गये। इस दौरान भारत सरकार के स्वामित्व वाले परिचालन उपग्रहों की संख्या लियो (निम्न पृथ्वी कक्षा) में 22 और जियो (भू-समकालिक पृथ्वी कक्षा) में 31 है। इसरो इन उपग्रहों का संचालन और प्रबंधन करता है, जो देश के विकास और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा दो भारतीय अंतरिक्ष मिशन -अर्थात चंद्रयान-2 ऑर्बिटर (सीएच 2ड) और सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज बिंदु पर आदित्य-एल1 भी सक्रिय थे। चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान के प्रणोदन मॉड्यूल ने नवंबर 2023 से अपनी चंद्र कक्षा से स्थानांतरित होने के बाद उच्च पृथ्वी की कक्षा (1 लाख किमी से अधिक दूर) में काम करना जारी रखा। इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने वर्ष 2024 के लिए इसरो सिस्टम फॉर सेफ एंड सस्टेनेबल स्पेस ऑपरेशंस मैनेजमेंट (आईएसफौरओएम) द्वारा संकलित भारतीय अंतरिक्ष स्थिति आकलन रिपोर्ट (आईएसएसएआर) जारी करते हुए कहा कि पीएसएलवी -सी 3 का ऊपरी चरण वर्ष 2001 में आकस्मिक रूप से टूट गया था जिससे 371 टुकड़े हुए थे। इनमें से अधिकांश टुकड़े हालांकि फिर से वायुमंडल में प्रवेश कर गए हैं। वर्ष 2024 के अंत तक 41 पीएसएलवी - सी 3 का मलबा अभी भी कक्षा में ही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 के अंत तक 34 रॉकेट निकायों ने पृथ्वी के वायुमंडल में पुनः प्रवेश किया और उस समय ऐसे पांच पुनःप्रवेश हुए।वायुमंडलीय पुनः प्रवेश में 34 रॉकेट निकायों ने 2024 के अंत तक पृथ्वी के वायुमंडल में पुनः प्रवेश किया। इसरो की वेबसाइट के मुताबिक सभी एलवीएम 3 रॉकेट निकाय क्षय हो चुके हैं और केवल एलवीएम 3 एम 2 वन वेब इंडिया-मिशन से एक ही राकेट कक्षा में बचा हुआ है। जीएसएलवी रॉकेट निकायों में से केवल जीएसएलवी -एफ 12 और जीएसएलवी- एफ 14 रॉकेट निकाय कक्षा में हैं। वर्ष 2024 के अंत तक कुल 31 भारतीय उपग्रह वायुमंडल में पुनः प्रवेश कर चुके हैं। वर्ष 2024 में नौ भारतीय उपग्रह वायुमंडल में पुनः प्रवेश कर चुके हैं। इनमें काटोसैट-2 भी शामिल है, जो 14 फरवरी को वायुमंडल में पुनः प्रवेश कर गया।




## मानव रहित विमान, ड्रोन, राडार व बमों का परीक्षण कर रही सेना

▸▸ पोखरण, बबीना, जोशीमठ सहित देश के कई स्थानों पर हो रहा है परीक्षण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि भारतीय सेना अगली पीढ़ी की कई रक्षा प्रौद्योगिकियों का कई परीक्षण क्षेत्रों में करीब-करीब युद्ध जैसी परिस्थितियों में परीक्षण कर रही है। राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज, मध्य प्रदेश के बबीना फील्ड फायरिंग रेंज और उत्तराखंड में जोशीमठ सहित देश में विभिन्न परीक्षण स्थानों पर मानवरहित हवाई प्रणालियों, ड्रोन, आड़े-तिरछे उड़ान पथ से प्रहार करने वाले बम, कम ऊँचाई वाले वायु क्षेत्र पर निगरानी रखने वाले आधुनिक राडार आदि के परीक्षण किए जा रहे हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सेना व्यापक प्रतिरक्षा क्षमताओं के विकास और परीक्षण कर रही है। इनमें बड़ी संख्या में रक्षा निर्माण इकाइयां भी भाग ले रही हैं। आगरा और गोपालपुर में विशेष वायु रक्षा उपकरणों का प्रदर्शन किया जाएगा। इन अभियानों में करीब-करीब वास्तविक युद्ध जैसी परिस्थितियों में अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों के प्रदर्शन का बारीकी से आकलन किया जा रहा है। थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने मंगलवार को बबीना फील्ड फायरिंग रेंज में चल रहे परीक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा की और सभी हितधारकों के साथ बातचीत की। मंत्रालय ने कहा कि ये परीक्षण भारतीय सेना के परिवर्तन के दशक की वृहद योजना में एक महत्वपूर्ण कदम हैं और इनका उद्देश्य उभरती युद्धक परिस्थितियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों का तेजी से समावेशन सुनिश्चित करना है।



## स्पीड न्यूज

### हेट स्पीच मामले में अब्बास को अंसारी को साल की सजा

**मऊ।** जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे और सदर विधायक अब्बास अंसारी को हेट स्पीच मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषी करार दिया है। कोर्ट ने अब्बास को दो साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने मंसूर अंसारी को छह माह की सजा और एक हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। अब्बास को सजा होने के बाद उनके समर्थक कोई हंगामा न करें, इसके लिए कोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कोर्ट का यह फैसला अब्बास के राजनीतिक करियर को प्रभावित कर सकता है। दो साल की सजा होने से उनकी विधानसभा की सदस्यता रद्द हो सकती है।

### मणिपुर में बाढ़ से जनजीवन प्रभावित

**इम्फाल।** मणिपुर में और उसके पड़ोसी राज्यों में पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण शनिवार को खुरई, चेकोन और खाबम में नदी के तटबंध धंस गया, जिसके कारण कई घर जलमग्न हो गए और इंफाल, इरिल और नम्बुल नदियों के किनारे वाले इलाकों में बाढ़ आ गई। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए अधिकारियों और असम राइफल्स ने हेल्पलाइन जारी की हैं। बाढ़ के कारण लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। घाटी के इलाकों में नदी के तटबंधों की सुरक्षा के लिए सैकड़ों लोग बांस और रेत की बोरियों से तटबंध को पाटने में लगे हुए हैं।

### असम में 79 पाक समर्थक गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे माहौल के बीच सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने के आरोप में असम पुलिस बेहद कड़ा रूख अपनाए हुए है। पाकिस्तान समर्थकों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने राज्य के अलग-अलग हिस्सों से 79 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने बताया है कि शत्रु देश के प्रति सहानुभूति और समर्थन करने जैसे राजद्रोहियों के विरूद्ध असम पुलिस का अभियान जारी है।

### नाइजीरिया में बाढ़ से 100 की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य नाइजर राज्य में भारी बारिश के कारण आई विनाशकारी बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 100 हो गई है। राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनईएमए के वरिष्ठ अधिकारियों ने आपदा वाले मोक्वा क्षेत्र का जायजा लेने गए अधिकारियों ने शुक्रवार दोपहर और शव बरामद किए गए।

### यूक्रेन में जारी रहेगा सैन्य अभियान :रूस

**मॉस्को।** वरिष्ठ रूसी अधिकारियों ने कहा है कि यूक्रेन में सैन्य अभियान तब तक जारी रहेगा जब तब संघर्ष के मूल कारणों का समाधान नहीं हो जाता और शांति समझौतों की औपचारिक पुष्टि नहीं हो जाती। रूसी स्टेट ड्यूमा की रक्षा समिति के अध्यक्ष एंड्री काटापीलोव ने बिना शर्त युद्ध विराम की संभावना से इनकार करते हुए कहा कि हमारा देश तब तक अपना हमला जारी रखेगा जब तक कि चीजें लिखित रूप में नहीं रखी जातीं।

### लारा दत्ता के पिता एलके दत्ता का निधन

**मुंबई ।** बॉलीवुड एक्ट्रेस लारा दत्ता के पिता विंग कमांडर एल.के. दत्ता का निधन हो गया है, जिससे फिल्म जगत और उनके प्रशंसकों में शोक की लहर है। लारा शुक्रवार सुबह अपने पति टेनिस स्टार महेश भूपति के साथ मुंबई में पिता के अंतिम संस्कार में शामिल हुईं। इस दौरान वह बेहद भावुक नजर आईं। उनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। फैंस न सिर्फ उनके पिता को श्रद्धांजलि दे रहे हैं, बल्कि इस कठिन समय में लारा को हिम्मत भी बंधा रहे हैं। लोग सोशल मीडिया पर संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। लारा के पिता वायुसेना में विंग कमांडर से सेवानिवृत्त थे।




## थाईलैंड की ओपल सुचाता चुआंग्सरी बनीं मिस वर्ल्ड

**हैदराबाद । ओपल सुचाता चुआंग्सरी ने 72वें मिस वर्ल्ड का खिताब का ताज जीतीं। इस ताज को दुनियाभर की 110 सुंदरियां को मात देकर मिस थाईलैंड ने अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व नंदिनी गुप्ता ने किया था लेकिन वो टॉप 4 की रेस से बाहर हो गई थीं।**

## लीबिया में हिजबुल्लाह का कुख्यात कमांडर ढेर


**गाजा पट्टी/बेरूत।** इजराइल ने ईरान समर्थित आतंकी समूह हिजबुल्लाह के एक कुख्यात कमांडर को मार गिराने का दावा किया है। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा कि दक्षिणी लेबनान में रात भर हुए हमले में उसने हिजबुल्लाह रॉकेट यूनिट कमांडर को मार गिराया। आईडीएफ के अनुसार हिजबुल्लाह की रॉकेट यूनिट का कमांडर मोहम्मद अली जमौल को डेयर एज-जहरानी के पास ब्यूफोर्ट कैसल क्षेत्र में ढेर कर दिया गया। जमौल ने युद्ध के दौरान इजराइल पर कई बार रॉकेट हमले किए। हाल ही में वह क्षेत्र में हिजबुल्लाह के बुनियादी ढांचे को बहाल करने की जद्दोजहद कर रहा था। हमास के गाजा पट्टी में संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटों में गाजा पर हमलों में 60 लोग मारे गए हैं और दर्जनों घायल हुए हैं। यह साफ नहीं किया गया है कि इनमें कितने लड़ाके और कितने नागरिक हैं। फिलिस्तीनी मीडिया ने आज सुबह गाजा शहर और पट्टी के दक्षिण में खान यूनिस में हमलों की पुष्टि की है।

## अब इस्पात आयात पर शुल्क दोगुना करेंगे ट्रंप

▸▸ अमेरिका के राष्ट्रपति ने इस्पात व एल्युमीनियम पर टैरिफ 50 प्रतिशत किया और बुधवार से होगा लागू

एजेंसी

**वेस्ट मिफ्लिन (पेन्सिल्वेनिया)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को पेन्सिल्वेनिया के इस्पात कर्मियों से कहा कि वह उनके उद्योग की रक्षा के लिए इस्पात आयात पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर रहे हैं। यह एक नाटकीय वृद्धि है, जो आवास, वाहन और अन्य सामान बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली धातु की कीमतों को और बढ़ा सकती है। बाद में सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि एल्युमीनियम शुल्क को भी दोगुना करके 50 प्रतिशत किया जाएगा और दोनों शुल्क बढ़ोतरी बुधवार से लागू होंगी। ट्रंप ने उपनगरीय पिट्सबर्ग में यूएस स्टील के मोन वैली वर्क्स-इरविन संयंत्र में बात की, जहां उन्होंने एक विस्तृत सौदे पर भी चर्चा की जिसके तहत जापान की निप्पॉन स्टील प्रतिष्ठित अमेरिकी स्टील विनिमार्ता में निवेश करेगी। हालांकि, ट्रंप ने शुरू में पिट्सबर्ग स्थित यूएस स्टील को खरीदने के लिए जापानी स्टील विनिमार्ता की बोली को रोकने की बात कही थी, लेकिन उन्होंने पिछले सप्ताह अपना रुख बदल दिया और निप्पॉन द्वारा ह्यआंशिक स्वामित्वह्व के लिए एक समझौते की घोषणा की। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि उनके प्रशासन द्वारा मध्यस्थता में किया गया सौदा अंतिम रूप ले चुका है या नहीं, या स्वामित्व किस तरह का होगा। यूएस स्टील के एक गोदाम में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए ट्रंप ने कहा कि हम आज यहां एक ब्लॉकबस्टर समझौते का जश्न मनाने के लिए आए हैं, जो यह सुनिश्चित करेगा कि यह प्रतिष्ठित अमेरिकी कंपनी एक अमेरिकी कंपनी बनी रहे। उन्होंने कहा कि आप एक अमेरिकी कंपनी बने रहेंगे, आप यह जानते हैं, है न शुल्क के बारे में, ट्रंप ने कहा कि आयातित इस्पात पर शुल्क दोगुना करने से ह्यअमेरिका में इस्पात उद्योग और भी सुरक्षित हो जाएगा।



## प्रसिद्ध वन्यजीव विशेषज्ञ थापर का निधन

▸▸ बाघों के प्रति असीम प्रेम से टाइगर मैन के नाम से भी प्रसिद्ध थे वाल्मीक थापर

**नयी दिल्ली।** प्रसिद्ध वन्यजीव विशेषज्ञ, लेखक एवं प्रकृति प्रेमी वाल्मीक थापर का शनिवार तड़के यहां निधन हो गया। थापर 73 वर्ष के थे। वह लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे थापर के परिवार में पत्नी संजना कपूर और पुत्र हमीर थापर हैं। बाघों के प्रति असीम प्रेम के कारण वह टाइगर मैन के नाम से भी प्रसिद्ध थे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि थापर का निधन दिल्ली के कौटिल्य मार्ग स्थित उनके आवास पर हुआ। उनका अंतिम संस्कार लोधी रोड स्थित विद्युत शवदाह गृह में शाम को किया गया।



उन्होंने बताया कि थापर का जन्म नई दिल्ली में वर्ष 1952 में हुआ था। दून स्कूल के बाद उन्होंने दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज में प्रवेश लिया। वहां समाजशास्त्र ऑनर्स में उन्हें स्वर्ण पदक मिला। वे प्रसिद्ध पत्रकार रोमेश थापर के पुत्र और इतिहासकार रोमिला थापर के भतीजे थे। वाल्मीक थापर ने अभिनेता शशि कपूर की बेटी और रंगमंच कलाकार संजना कपूर से विवाह किया था। वाल्मीक थापर ने अपना पूरा जीवन वन्यजीव संरक्षण, खासतौर पर बाघों के अध्ययन और सुरक्षा को समर्पित किया। थापर, रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान से जुड़े रणथंभौर फाउंडेशन के सह-संस्थापक भी थे।

## बिहार में घूसखोर दारोगा को चार साल की जेल

**पटना।** दस हजार रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़े गए पटना के नौबतपुर थाने के तत्कालीन दारोगा अजीत कुमार राय को निगरानी कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायाधीश मो. रुस्तम ने दोषी दारोगा को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-13 (एक) में चार वर्ष का सश्रम कारावास और दस हजार रुपये का अर्थदंड लगाने की सजा सुनाई है। यह मामला दिसंबर, 2016 का था। जब शिकायतकर्ता श्यामनंदन की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इस मामले में मोटरयान निरीक्षक से जांच कराने का आवेदन भेजने के लिए दारोगा ने दस हजार रिश्वत की मांग की थी। इस मामले में दारोगा को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने आठ दिसंबर, 2016 को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। इस कांड की जांच और चार्जशीट पुलिस निरीक्षक किरण पासवान ने की थी।

## राजीव कृष्ण बने यूपी के डीजीपी

एजेंसी

**लखनऊ।** योगी सरकार ने 1991 बैंच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्ण को यूपी पुलिस का नया डीजीपी नियुक्त किया है। अब तक में आईपीएस राजीव कृष्ण डीजी विजिलेंस और उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। सीनियर आईपीएस राजीव कृष्ण उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर के रहने वाले हैं। आईपीएस राजीव कृष्ण का नाम भावी डीजीपी के तौर पर सबसे आगे चल रहा था। इन्हें सीएम योगी आदित्यनाथ के विश्वसीनय अधिकारियों में से एक माना जाता है। आईपीएस राजीव कृष्ण को अपराध पर रोकथाम लगाने और हाईटेक पुलिसिंग के लिए जाना जाता है। इन्हें ऑपरेशन पहचान एप के जरिए अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाया। साथ ही ई-मालखानों से लेकर मुकदमों के ऑनलाइन रिकॉर्ड की सोच का श्रेय इन्हीं को दिया जाता है। सीनियर आईपीएस राजीव कृष्ण का जन्म 20 जून 1969 को हुआ था।

राजीव कृष्ण ने पहले बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन की पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने यूपीएससी की तैयारी शुरू की। उन्होंने 1991 में यूपीएससी क्लियर किया और आईपीएस के तौर पर नियुक्ति मिली।

## बिहार में 47 आइएएस अफसरों का ट्रांसफर

▸▸ पटना समेत 18 जिलों के डीएम बदले गये, छह प्रमंडलों में नये कमिशनर की तैनाती

▸▸ चंद्रशेखर सिंह पटना प्रमंडल के आयुक्त नियुक्त, गया के डीएम त्यागराजन एस.एम को पटना डीएम की कमान

▸▸ राज्य परिवहन आयुक्त नवीन कुमार बने खगड़िया डीएम

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 47 अफसरों का स्थानातंरण किया है। इनमें कई अफसरों को प्रोन्नति दी गई है। 18 जिलों के जिलाधिकारी (डीएम) बदल दिए गए हैं। छह प्रमंडलों में नये कमिशनर (आयुक्त) की तैनाती की गई है।

पटना के डीएम रहे चंद्रशेखर सिंह को पटना प्रमंडल, दरभंगा के डीएम राजीव रौशन को सारण प्रमंडल, समाज कल्याण विभाग के निदेशक (समेकित बाल विकास परियोजना) कौशल किशोर को दरभंगा प्रमंडल, मुंगेर के डीएम अवनीश कुमार सिंह के मुंगेर प्रमंडल, कम्फेड के प्रबंध निदेशक राज कुमार को तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर, योजना एवं विकास




विभाग के विशेष सचिव हिमांशु कुमार राय को भागलपुर प्रमंडल का कमिशनर बनाया गया है। वहीं पटना प्रमंडल के कमिशनर मयंक वरवड़े को बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक बनाया गया है।

**इन जिलों में बदले डीएम :** सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के मुताबिक गया के डीएम त्यागराजन एस.एम. को पटना जिले का डीएम, राज्य परिवहन आयुक्त नवीन कुमार को खगड़िया, पूर्णिया के डीएम कुन्दन कुमार को नालन्दा, मधुबनी के डीएम अरविन्द कुमार वमार्को मुंगेर, बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक धर्मेन्द्र कुमार पश्चिम चंपारण, बेतिया, पशुपालन निदेशक नवदीप शुक्ला को बांका, पंचायती राज विभाग के निदेशक आनंद शर्मा को मधुबनी, संसदीय कार्य विभाग के अपर सचिव नवीन को जमुई, योजना एवं विकास विभाग के निदेशक डा.विद्या नन्द सिंह को बक्सर, मुंगेर के बंदोबस्त अधिकारी सुनील कुमार-एक को कैमूर(भभुआ), जल संसाधन विभाग के अपर सचिव पवन कुमार सिन्हा को गोपालगंज, नालन्दा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर को गया (गयाजी), स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव आदित्य प्रकाश को सिवान, कैमूर के डीएम सावन कुमार को सुपौल, नगर विकास एवं आवास विभाग की अपर सचिव वर्षा सिंह को वैशाली, बांका के डीएम अंशुल कुमार को पूर्णिया, मधुबनी के उप विकास आयुक्त डीएम दीपेश कुमार को सहरसा का डीएम बनाया गया है। तिरहुत प्रमंडल के कमिशनर सरवणन एम. को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव के पद पर पदस्थापित किया गया है। इसी प्रकार दरभंगा प्रमंडल के कमिशनर मनीष कुमार को पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के सचिव, सारण प्रमंडल के कमिशनर गोपाल मीणा को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव, भागलपुर प्रमंडल के कमिशनर दिनेश कुमार को शिक्षा विभाग के सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के विशेष सचिव कंवल तनुज को लघु जल संसाधन विभाग के सचिव के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं सामान्य प्रशासन विभाग की विशेष सचिव रचना पाटिल, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के विशेष सचिव मो. नैय्यर इकबाल और पटना नगर निगम के आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर, बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मीनेन्द्र कुमार, चकबंदी निदेशक राकेश कुमार को सचिव स्तर में प्रोन्नति दी गई है।